रांची का तापमान

| कांके | रांची |
|---|---|
| अधिक. 29.0° | अधिक. 30.0° |
| न्यून. 15.0° | न्यून. 17.0° |

रांची, शुक्रवार
20 फरवरी 2026
वर्ष-27, अंक-21, पृष्ठ-12
मूल्य 2 रु.

फाल्गुन शुक्ल पक्ष 03, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर








## एक नजर

### हरमू व कोकर में आज 2 से 6 घंटे रहेगा पावरकट

**रांची।** राजधानी रांची के हरमू और कोकर इलाके में शुक्रवार को 2 से 6 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान मरम्मत कार्य किए जाएंगे। हरमू इलाके में सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक बिजली बंद रहेगी। जिसके चलते पटेल चौक, चेतनटोली, बाली बगैचा, शिवदयाल नगर सहित कई क्षेत्र प्रभावित होंगे। इन क्षेत्रों के रहवासी जरूरी का समय पर पूरा कर लें। वहीं, कोकर क्षेत्र में सुबह 10.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान हैदर अली रोड, खटाल आसपास के क्षेत्र, आनंदनगर, लोवाडीह, सिस्टर बंगला, मिलन चौक चुटिया, गणपत नगर चुटिया, अम्बेडकर नगर, अमेठिया नगर, तेतरी टोली, नामकुम में बिजली सप्लाई नहीं होगी।

### झारखंड का पारा 30 डिग्री के पार पहुंचा

**रांची।** झारखंड के मौसम को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। प्रदेश का मौसम अब गर्म हो रहा है। धूप तीखी होने के कारण राज्य में दिन के तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। राजधानी समेत विभिन्न जिलों का अधिकतम तापमान 30 डिग्री को पार कर चुका है। राज्य के विभिन्न जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक चल रहे हैं। आइए जानते हैं पूरे झारखंड के मौसम का हाल। मौसम विभाग के अनुसार, देश के पश्चिमोत्तर भाग से आनेवाले पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कम हो रहा है। इससे यहां आनेवाले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री वृद्धि होने का अनुमान है।

# बजट सत्र के दूसरे दिन अनेक गंभीर जनसमस्याओं पर सदन में चर्चा हुई

## धान खरीद, सड़क, जेपीएससी रिक्तियों से लेकर आधार तक के मुद्दे उठाए गए

सुनील बादल

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन सदन के अंदर-बाहर सत्तापक्ष-विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप के बीच जनहित के कुछ गंभीर मामले उठाए गए । विधानसभा परिसर में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में केंद्रीय बलों की प्रति नियुक्ति की मांग के साथ-साथ दलीय आधार पर चुनाव कराने का आग्रह लगातार भारतीय जनता पार्टी के द्वारा की जाती रही है जिसे सरकार ने नहीं माना। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर आचार संहिता उल्लंघन के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि जेएमएम खुद चुनाव के दौरान नियमों का उल्लंघन करती रही है। ऐसे में यह चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न होने पर संशय है।



### धान की अच्छी पैदावार के बावजूद सरकार नहीं खरीद पाई : नीरा यादव

भाजपा विधायक नीरा यादव राज्य में धान खरीद की स्थिति पर हमलावर नजर आईं। सदन के अंदर बाहर नीरा यादव इस मुद्दे पर मुखर रहीं। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में इस बार धान की अच्छी पैदावार होने के बावजूद सरकार धान नहीं खरीद पा रही है। आज ही समाचार पत्रों में आया है कि धान खरीद बंद हो चुका है यदि सरकार इस पर गंभीर रहती तो किसानों को धान खरीद के माध्यम से अच्छी खासी आमदनी होती लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने सत्तापक्ष पर जनता के सवालों का जवाब देने से भागने का आरोप लगाते हुए कहा कि बजट सत्र के दौरान वो जनहित के मुद्दे उठाती रहेंगी। बजट सत्र के दूसरे दिन सदन की कार्यवाही दिन के 11 बजे शुरू हुई। सरयू राय ने कृषि उत्पादन बाजार समिति में भारी संख्या में पद खाली

शेष पेज 11 पर

## झारखंड विधानसभा परिसर में गूंजा हाथियों के बढ़ते हमलों का मुद्दा




### ● विधायक निर्मल महतो ने सदन की सीढ़ियों पर दिया धरना

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन जंगली हाथियों के हमले में लगातार हो रही मौतों को लेकर सदन परिसर में राजनीतिक तापमान बढ़ गया। हाल के दिनों में हाथियों के हमले में 10 से भी ज्यादा लोगों की मौत के बाद मांडू विधायक निर्मल महतो ने विधानसभा परिसर की सीढ़ियों पर बैनर के साथ धरना-प्रदर्शन किया और राज्य सरकार तथा वन विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। विधायक ने कहा कि राज्य में हाथियों का आतंक बढ़ता जा रहा है

शेष पेज 11 पर

## केरल की नन्ही आलिन के अंगदान पर भावुक हुए हेमंत सोरेन

# झारखंड में बनाएंगे अंगदान की मजबूत पॉलिसी : सीएम

नवीन मेल संवाददाता


**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक हादसे के बाद ब्रेन डेड हुई केरल की दस महीने की नन्ही आलिन शेरिन अब्राहम के अंगदान को मानवता का बेमिसाल उदाहरण बताते हुए सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट लिखा है। उन्होंने लिखा, "संतान को खो देने का दर्द किसी भी माता-पिता के लिए असहनीय होता है, लेकिन ऐसे समय में अंगदान का निर्णय लेना अद्भुत साहस, त्याग और करुणा का परिचायक है। सीएम ने इस घटना का जिक्र करते हुए झारखंड में अंगदान के लिए मजबूत नीति बनाने का संकल्प व्यक्त किया है। आलिन 5 फरवरी को केरल के कोट्टायम में अपने माता-पिता और रिश्तेदारों के साथ कार से यात्रा कर रही थीं, तभी एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गईं। उपचार के दौरान उन्हें ब्रेन डेड घोषित किया गया। इसके बाद उनके माता-पिता, शेरिन एन जॉन और अरुण अब्राहम, ने अपनी बेटी के अंग दान करने का निर्णय लिया।

शेष पेज 11 पर



### नन्ही आलिन शेरिन अब्राहम के पिता से हेमंत सोरेन ने की बात

वहीं गुरुवार शाम को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केरल की दिवंगत नन्ही आलिन शेरिन अब्राहम के पिता अरुण अब्राहम से फोन पर बात कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने व्यक्तिगत पीड़ा से ऊपर उठकर मानवता के हित में अंगदान का निर्णय लेने के लिए झारखंड की जनता की ओर से परिवार का आभार प्रकट किया और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। फोन पर इस वार्ता का समन्वय केरल स्वास्थ्य विभाग के डॉ नोबल ग्रेशियस ने किया, जो केरल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांटेशन ऑर्गेनाइजेशन से जुड़े हैं। मुख्यमंत्री ने डॉ नोबल ग्रेशियस एवं अरुण अब्राहम को झारखंड की अंगदान नीति को मजबूत करने में सहयोग के लिए भी आमंत्रित किया है।



*"संतान को खो देने का दर्द किसी भी माता-पिता के लिए असहनीय होता है, लेकिन ऐसे समय में अंगदान का निर्णय लेना अद्भुत साहस, त्याग और करुणा का परिचायक है।"*

### रांची से तिरुपति-रक्सौल व झंझारपुर के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**रांची।** होली पर्व के दौरान यात्रियों की बढ़ती आवाजाही को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय ने रांची और आसपास के क्षेत्रों से लंबी दूरी की यात्रा को सुगम बनाने के लिए होली स्पेशल ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। रेलवे के अनुसार इन अतिरिक्त सेवाओं से त्योहार के समय होने वाली भीड़ का दबाव कम होगा और करीब 50,000 से 70,000 यात्रियों को सुविधा मिलेगी। उत्तर और दक्षिण भारत को जोड़ने के उद्देश्य से तिरुपति और रक्सौल के बीच वाया रांची विशेष ट्रेन चलाई जा रही है। ट्रेन संख्या 07051 तिरुपति से 21, 28 फरवरी और 7 मार्च 2026 को प्रस्थान करेगी और निर्धारित मार्ग पर विभिन्न प्रमुख स्टेशनों से होते हुए रक्सौल पहुंचेगी।

शेष पेज 11 पर

## झारखंड समेत 22 प्रदेशों में अप्रैल से होगा एसआईआर

### चुनाव आयोग ने राज्यों से कहा- तैयारी कीजिए

एजेंसी । नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट में व्यापक सुधार और संशोधन करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आयोग ने 22 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की तैयारियां जल्द से जल्द पूरी करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने अपने पत्र में साफ किया है कि यह अगला फेज अप्रैल से शुरू होने की संभावना है, इसलिए सभी संबंधित राज्य प्रशासन से कहा गया है कि वे समय रहते जरूरी इंतजाम कर लें।

यह निर्देश आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, लद्दाख, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, दिल्ली, ओडिशा, पंजाब, सिक्किम, त्रिपुरा, तेलंगाना और उत्तराखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को भेजा गया है। चुनाव आयोग ने याद दिलाया कि पिछले साल जून में पूरे देश में मतदाता सूची के पैन-इंडिया एसआईआर करने का आदेश दिया गया था। बिहार में यह प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जबकि नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में यह कार्य अभी जारी है। असम में एसआईआर की जगह 'स्पेशल रिवीजन' किया गया था, जो 10 फरवरी को पूरा हुआ।

शेष पेज 11 पर

## अमीन को एसीबी ने किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने रांची के



सिल्ली अंचल कार्यालय में कार्यरत अमीन को आठ हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अमीन गणेश महतो एक व्यक्ति से जमीन मापी के लिए रिश्वत की मांग कर रहा था। जिसकी लिखित शिकायत एसीबी में की गई थी। एसीबी मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित रांची के सिल्ली निवासी वासुदेव महतो ने एसीबी में लिखित शिकायत दी थी कि अमीन गणेश महतो के जरिये उनकी जमीन की नापी, रिपोर्ट और नक्शा के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा है।

वासुदेव महतो किसी भी हाल में रिश्वत देकर काम करवाना नहीं चाहता था। इसके बाद उन्होंने मामले की लिखित शिकायत एसीबी में की। शिकायत मिलने के बाद एसीबी के पदाधिकारियों ने मामले की जांच की तो शिकायत सत्य पाई गई। अमीन ने वासुदेव महतो से जमीन की मापी और नशे को लेकर बड़ी रकम की मांग की थी, लेकिन वासुदेव महतो ने जब कहा कि उसके पास पैसे नहीं है तब 8000 में बात बनी। पैसे देने की बात वासुदेव महतो के जरिये एसीबी को बताई गई। इसके बाद अमीन को पकड़ने के लिए एसीबी की टीम ने जाल बिछाया और गुरुवार को रिश्वत लेते उसे रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

## सेंसेक्स 1,236 अंक टूटा, बैंकिंग, ऑटो और मेटल शेयरों में भारी बिकवाली

मुंबई (आईएएनएस)

सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ। इस दौरान प्रमुख बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स 1,236.11 अंकों यानी 1.48 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 82,498.14 पर बंद हुआ, तो वहीं एनएसई निफ्टी 365 (1.41 प्रतिशत) अंक गिरकर 25,454.35 पर बंद हुआ। बाजार बंद होने के समय निफ्टी के सभी



निवेशकों के डूबे 53 लाख करोड़ रुपए

इंडेक्स लाल रंग में कारोबार करते हुए नजर आए।

गुरुवार को घरेलू बाजार अपने पिछले बंद से मामूली बढ़त के साथ खुला। बैंकिंग, मेटल, ऑटो और एफएमसीजी शेयरों में भारी बिकवाली के चलते घरेलू बाजार में तीन दिन से जारी तेजी का सिलसिला टूट गया, और निफ्टी और सेंसेक्स शुरुआती बढ़त खोकर दबाव में आ गए।

आज के कारोबारी सत्र में 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,400 अंक से अधिक गिरकर 82,264.20 के निचले स्तर पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 1 प्रतिशत से ज्यादा या 400 अंक गिरकर 25,400 के स्तर से नीचे आ गया।

शेष पेज 11 पर

### मनिका में भूमि विवाद पर खूनी झड़प, छह आरोपी गिरफ्तार, दो वाहन जब्त

**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर हुई हिंसक झड़प के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। घटना में प्रयुक्त दो वाहनों को भी जब्त किया गया है। गुरुवार को मनिका पुलिस के अनुसार, बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित एसबीआई रोड के समीप फोरलेन सड़क निर्माण स्थल के पास परसही टोला में विवादित भूमि को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई।

## पूर्व मंत्री योगेंद्र साव व निर्मला देवी गिरफ्तार

### भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के तहत ग्रामीणों को मुआवजा देने की मांग

● कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने की रिहा करने की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव और पूर्व विधायक निर्मला देवी को गुरुवार को धरना स्थल से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। दोनों की गिरफ्तारी



गुरुवार की दोपहर लगभग तीन बजे हुई। मिली जानकारी के अनुसार, पूर्व मंत्री पर बड़कागांव, केरेडारी, पगार ओपी सहित कई थानों में मामले दर्ज थे। पूर्व मंत्री 31 दिसंबर 2025 से एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोल माइंस में अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे थे। पुलिस ने धरना स्थल से ही उन्हें गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी से पहले, पूर्व मंत्री अपनी बेटी और पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के साथ दिल्ली गए थे, जहां उन्होंने कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी से मुलाकात की थी।

दिल्ली से लौटकर वे गुरुवार को चट्टी बरियातू स्थित धरना स्थल पर पहुंचे थे, जहां पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया। इधर ये दोनों की गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों और ग्रामीणों में रोष देखा जा रहा है। इस मामले में देर शाम प्रेस कांफ्रेंस कर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पुलिस की कार्रवाई का विरोध किया। उन्होंने प्रशासन से तत्काल दोनों को रिहा करने की मांग की और हजारीबाग उपायुक्त भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के तहत ग्रामीणों को मुआवजा व संबंधित अन्य लाभ मुहैया कराएं। कांग्रेस के पूर्व विधायक बंधु तिर्की ने भी दोनों को अविलंब रिहा करने की बात कही। प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, रांची महानगर अध्यक्ष कुमार राजा भी मौजूद थे।

## इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट | एआई कंटेंट पर लेबल को प्रधानमंत्री ने बताया जरूरी

# डीपफेक रोकने के लिए वॉटरमार्क लगाएं : पीएम

एजेंसी । नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में दिए गए अपने भाषण में एआई का इस्तेमाल करके सांकेतिक भाषा में इसके तत्काल अनुवाद के प्रयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह अनुवाद एआई के संदर्भ में 'सुलभता और समावेशन के प्रति प्रतिबद्धता' को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हम हमेशा यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे कि प्रौद्योगिकी और सार्वजनिक संवाद दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुलभ हों। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे अधिक युवा आबादी वाला देश है। भारत नई टेक्नोलॉजी भी बनाता है। और इसे बहुत तेजी से अपनाता भी है। भारत में इस समिट का होना भारत के साथ-साथ पूरे ग्लोबल साउथ के लिए गर्व की बात है। दुनिया के 100 से अधिक देशों का रिप्रेजेंटेशन और दुनिया के कोने-कोने से यहां आने वाले बड़े लोग इसकी सफलता को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, 'नई तकनीकों के प्रति उत्साही चार अरब भारतीयों, आप सभी राष्ट्राध्यक्षों, वैश्विक एआई पारिस्थितिकी तंत्र के नेताओं और इनोवेटर्स का मैं इस शिखर सम्मेलन में स्वागत करता हूं। मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं। भारत में इस शिखर सम्मेलन का आयोजन भारत के साथ-साथ पूरे वैश्विक दक्षिण के लिए गर्व का विषय है। एआई जगत के दिग्गज इस समिति में उपस्थित हैं। विश्व के 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि और दुनिया के कोने-कोने से आए गणमान्य व्यक्ति इसकी सफलता को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं।

### बोले- युवा पीढ़ी की उपस्थिति से पैदा हुआ नया आत्मविश्वास



प्रधानमंत्री ने आगे कहा, 'इस आयोजन में हमने युवा पीढ़ी की जो उपस्थिति देखी है, उससे एक नया आत्मविश्वास पैदा हुआ है। आमतौर पर कुछ लोग नई तकनीक को लेकर शुरू में संशय में रहते हैं। लेकिन जिस गति और आत्मविश्वास के साथ दुनिया की युवा पीढ़ी एआई को अपना रही है, उसे अपना रही है, उसका उपयोग कर रही है, वह अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा, 'यहां एआई शिखर सम्मेलन की प्रदर्शनी को लेकर भी काफी उत्साह देखने को मिला है। विशेष रूप से युवा प्रतिभाएं बड़ी संख्या में आई हैं। कृषि सुरक्षा, दिव्यांगजनों की सहायता और बहुभाषी आबादी की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने वाले यहां प्रस्तुत समाधान, 'मेड इन इंडिया' की शक्ति और इस क्षेत्र में भारत की नवोन्मेषी क्षमताओं का एक उत्कृष्ट उदाहरण हैं।

## युवक की पत्थर से कूचकर हत्या, झाड़ी में मिला शव

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची के खेलगांव थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक युवक का खून से लथपथ शव बरामद किया गया। गाड़ी गांव में युवक के सिर और चेहरे को पत्थर से बुरी तरह कुचला गया है। शव की शिनाख्त रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र के मोहम्मद आसिफ के रूप में की गई।

बताया गया कि कुछ लोगों ने गाड़ी गांव इलाके में झाड़ियों के पास एक शव पड़ा देखा। सूचना फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। घटनास्थल पर काफी मात्रा में खून फैला हुआ था, जिसके आधार पर यह माना जा रहा है कि युवक की हत्या बेहद नृशंस तरीके से की गई है। शव से कुछ दूरी पर एक मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। बाइक पर भी खून के धब्बे मिले हैं। पुलिस को आशंका है कि यह मोटरसाइकिल मारे गए युवक की हो सकती है या फिर अपराधियों ने वारदात को अंजाम देने में इसका इस्तेमाल किया। सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है

शेष पेज 11 पर




# मुख्यमंत्री ने डॉ बुद्धदेव महतो को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन गुरुवार को पूर्व विधायक आनंद महतो के बलियापुर (बड़ादाहा) धनबाद स्थित आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री वहां पूर्व विधायक आनंद महतो के दिवंगत सुपुत्र डॉ बुद्धदेव महतो के श्राद्ध कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिवंगत डॉ बुद्धदेव महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। विधायक कल्पना सोरेन ने भी दिवंगत डॉ बुद्धदेव महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने पूर्व विधायक आनंद महतो एवं उनके परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की तथा उनका ढांढ़स बंधाया।



**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन** के धनबाद आगमन पर एयरपोर्ट परिसर में जिला प्रशासन की ओर से दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर, जिला प्रशासन के पदाधिकारियों ने किया स्वागत।

## कर्मियों के बकाया वेतन का भुगतान करे एचईसी प्रबंधन : शनि

- एचईसी श्रमिक संघ अध्यक्ष शनि सिंह ने फरवरी 2026 का वेतन शीघ्र जारी करने की मांग की
- दो वर्षों से विषम परिस्थितियों में काम कर रहे कर्मियों को वेतन में देरी पर जताई नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** एचईसी श्रमिक संघ के अध्यक्ष शनि सिंह ने हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचईसी) प्रबंधन से लंबित वेतन का अविलंब भुगतान करने की मांग की है। गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि फरवरी 2026 का वेतन जल्द से जल्द जारी किया जाए, ताकि कर्मियों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके।

शनि ने कहा कि लगभग दो वर्षों से मजदूर विषम परिस्थितियों में भी लगातार काम कर रहे हैं और उत्पादन बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। निगम में नियमित डिस्पैच हो रहा है, इससे स्पष्ट है कि कर्मियों ने अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन किया है। इसके बावजूद वेतन भुगतान में देरी समझ से परे है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन को कर्मियों के परिश्रम का सम्मान करते हुए बकाया राशि तुरंत जारी करनी चाहिए।

उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि एचईसी को नए कार्यादेश लाने की दिशा में पहल करनी चाहिए। वर्तमान में अधिकतर कार्य 2020-21 की दरों पर निष्पादित हो रहे हैं, जबकि कच्चे माल की कीमतों में भारी वृद्धि हो चुकी है। नए कार्यादेश से संशोधित दरों का लाभ मिलेगा और निगम की वित्तीय स्थिति मजबूत होगी।

### एनएचएम के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा

# अस्पतालों में रेबीज के वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित करें

**नवीन मेल संवाददाता**



### कुत्ते-बिल्ली के काटने पर सतर्कता बढ़ाने को व्यापक जन-जागरूकता अभियान, जियो-टैग निगरानी अनिवार्य

जन-जागरुकता के लिए स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, शहरी निकाय और पंचायती राज संस्थानों के साथ मिलकर काम करेगा। शहर के प्रमुख चौराहों, नगर निगम क्षेत्रों, हाट-बाजारों और सरकारी कार्यालयों के परिसरों में होर्डिंग और बैनर लगाए जाएंगे। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों और स्कूलों में दीवार लेखन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। विभाग ने आम जनता से अपील की है कि कुत्ते, बिल्ली या बंदर के काटने पर इसे नजर अंदाज न करें और तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में जाकर चिकित्सक की सलाह लें।

**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने राज्य में रेबीज उन्मूलन और डॉग-बाइट के प्रबंधन के लिए एक व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। एनएचएम के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने राज्य के सभी सिविल सर्जनों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव के लिए जिला स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। पत्र में इस बात पर जोर दिया गया है कि भारत में प्रतिवर्ष लगभग 17,000 मौतें रेबीज के कारण होती हैं। हालांकि यह 100% घातक बीमारी है, लेकिन समय पर पूर्ण टीकाकरण कराकर इससे पूरी तरह बचा जा सकता है। इसी उद्देश्य के साथ विभाग ने "शिक्षित करें, टीका लगवायें और रेबीज से बचें" के संकल्प को दोहराया है।

अभियान निदेशक ने कड़े निर्देश दिए हैं कि राज्य के सभी जिला अस्पतालों, अनुमंडल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी-रेबीज वैक्सीन की पर्याप्त मात्रा हर समय उपलब्ध रहनी चाहिए। इसके लिए 'डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स एनवेलप 2025-26 के तहत बजट का प्रावधान किया गया है। यदि किसी केंद्र पर दवा की कमी होती है, तो उसे तत्काल वैकल्पिक मदों से क्रय कर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी मरीज को इलाज के बिना न लौटना पड़े।

## न्यूज बॉक्स

### श्री राणी सती मंदिर का होली रंगोत्सव एक मार्च को

**रांची।** श्री राणी सती मंदिर कार्यालय में कार्यकारणी की बैठक हुई जिसमें यह निर्णय लिया गया कि 1 मार्च को होली रंगोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया जाएगा जिसमें दादीजी को छप्पन भोग का प्रसाद, फूलों की होली एवं भजनों की गंगा प्रवाहित की जाएगी। यह कार्यक्रम अपराह्न 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक संपन्न होगा। संध्या 4 बजे भव्य श्रृंगार एवं ज्योत प्रज्वलित की जाएगी, रंगोत्सव के कार्यक्रम में प्रथम बार भजन जैमिंग का भव्य आयोजन संध्या 5 बजे से किया गया है। भजन जैमिंग गायकी पायल अग्रवाल वाराणसी द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। संध्या 7 बजे से फूलों की होली का आयोजन किया गया है। रात्रि 9 बजे समापन आरती कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्य समिति के सदस्यगण ने अपनी सहमति जतायी और कार्यक्रम को तन मन धन से आयोजन सफल बनाया जाएगा।

### हरे कृष्ण यादव के श्राद्धकर्म में हुए शामिल सुबोधकांत



**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय गुरुवार को रांची जिलांतर्गत सोनाहातु प्रखंड के हेसाहातु-लोवाहातु ग्राम निवासी महिला कांग्रेस नेत्री राधिका देवी के पति स्व.हरे कृष्ण यादव के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी और ढाढस बनाया। दिवंगत की आत्मा की शांति और उनके परिजनों को संबल प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

### छत्रपति शिवाजी जयंती वीरता और सुशासन का प्रेरक पर्व: संजय सर्राफ



**रांची।** हिंदी साहित्य भारती के उपाध्यक्ष सह झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि भारत के महान योद्धा एवं आदर्श शासक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती प्रत्येक वर्ष 19 फरवरी को मनाई जाती है। इसी दिन सन् 1630 में उनका जन्म महाराष्ट्र के शिवनेरी दुर्ग में हुआ था। कुछ स्थानों पर तिथि के अनुसार भी जयंती मनाई जाती है, किंतु प्रचलित रूप से 19 फरवरी को ही यह दिवस पूरे देश, विशेषकर महाराष्ट्र में, बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। छत्रपति शिवाजी महाराज मराठा साम्राज्य के संस्थापक और एक दूरदर्शी, न्यायप्रिय तथा धर्मनिरपेक्ष शासक थे। उन्होंने उस समय विदेशी औरअत्याचारी शासन के विरुद्ध संघर्ष करते हुए हिंदवी स्वराज्य की स्थापना का संकल्प लिया। सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी अद्वितीय सैन्य रणनीति, विशेषकर गनिमी कावा (गुरिल्ला युद्ध पद्धति) के माध्यम से उन्होंने शक्तिशाली शत्रुओं को परास्त किया।

### झारखंड बजट सामाजिक न्याय का आईना बने: विजय शंकर



**रांची।** विजय शंकर नायक ने कहा है कि झारखण्ड का आगामी बजट सदियों से शोषित, पीड़ित और अधिकारों से वंचित समुदायों के विकास का सच्चा प्रतिबिंब होना चाहिए। उन्होंने बताया कि खनिज संपदा से समृद्ध होने के बावजूद राज्य मानव विकास के कई सूचकों में पीछे है, जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने जोर दिया कि बजट की प्राथमिकता शिक्षा, स्वास्थ्य, भूमि अधिकार, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा पर आधारित होनी चाहिए, ताकि विकास का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंच सके और राज्य सामाजिक न्याय का मॉडल बन सके।

### विकसित भारत 2047 पर संवाद

## रांची आकाशवाणी में डिजिटल मीडिया के भविष्य पर हुआ मंथन

**नवीन मेल संवाददता**



**रांची।** डिजिटल युग में मीडिया और प्रसारण की बदलती भूमिका को लेकर आकाशवाणी रांची में "विकसित भारत 2047" विषय पर एक विशेष संवाद आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अखिल कुमार मिश्रा, अपर महानिदेशक, पत्र सूचना कार्यालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, रांची/भुवनेश्वर ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ डिजिटल परिवर्तन और मीडिया के भविष्य पर विस्तृत चर्चा की।

**डिजिटल बदलाव और सूचना उपभोग के नए रुझान**

अपने संबोधन में श्री मिश्रा ने कहा कि दुनिया भर में डिजिटल परिवर्तन तेज गति से हो रहे हैं और भारत इस बदलाव का अहम हिस्सा बन चुका है। उन्होंने बताया कि लोगों के सूचना और मनोरंजन उपभोग के तरीके तेजी से बदल रहे हैं, जिससे प्रसारण माध्यमों की कार्यप्रणाली भी प्रभावित हुई है।

नए डिजिटल प्लेटफॉर्म और मनोरंजन माध्यमों के विस्तार से सामग्री की प्रकृति और उसकी मांग में लगातार बदलाव आ रहा है।

### सिख समुदाय के युवक कांग्रेस पार्टी में हुए शामिल

## राजनीति में युवकों की भागीदारी से लोकतंत्र होगा मजबूत: सुबोधकांत

- संगठन होगा सशक्त : केशव महतो कमलेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय की उपस्थिति में काफी संख्या में सिख समुदाय के युवक कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य व कांग्रेस पार्टी के नेता ज्योति सिंह मथारू के नेतृत्व में अल्पसंख्यक (सिख) समुदाय के युवकों ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा।

मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों से प्रभावित होकर काफी संख्या में सिख समुदाय के युवक संगठन में शामिल हो रहे हैं, इससे कांग्रेस पार्टी तो मजबूत होगी ही, स्वस्थ लोकतंत्र के लिए भी शुभ संकेत है।

वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि राजनीति में युवकों की बढ़ती भागीदारी से लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र व राज्य के नवनिर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### गाजेबाजे के साथ भगवान शिव पार्वती को कराया गया नगर भ्रमण



**रांची** । राजधानी के बहु बाजार के निकट गणपत नगर स्थित गणपत पैलेस एवं गौरी सावित्री हेरिटेज के प्रांगण में एक भव्य और सुंदर शिव पार्वती मंदिर का निर्माण कराया गया है। मंदिर में भगवान शिव और पार्वती की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का आयोजन किया गया है। कलश यात्रा और अन्य पूजा अनुष्ठान के साथ यज्ञ प्रारंभ हुआ। यज्ञ के दूसरे दिन गुरुवार को भगवान शिव पार्वती को औषधि स्नान के साथ-साथ नगर भ्रमण कराया गया। प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के दौरान संध्या प्रतिदिन भजन-कीर्तन और प्रवचन का कार्यक्रम चल रहा है। कांके रोड स्थित इस्कॉन मंदिर से जुड़े स्वामी जी और उनके भक्तों ने बुधवार की रात भजन कीर्तन, नाटक का मंचन और भगवान श्री कृष्णा पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। स्वामी जी ने भगवत गीता की चर्चा करते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। जीवन में भगवत गीता का अनुसरण करने की अपील की। कहा कि मुक्ति के मार्ग का रास्ता यही है। गणपत पैलेस परिसर में भव्य और सुंदर मंदिर का निर्माण जितेंद्र सिंह और पंकज सिंह ने कराया है।

### संजय सेठ ने पिस्का स्टेशन का किया निरीक्षण

## अमृत स्टेशन योजना के तहत हुए कार्यों का जायजा लिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को पिस्का रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत यहां हुए कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक श्री करुणा निधि सिंह ने उन्हें स्टेशन के विकास को लेकर हुए कार्यों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। 22 रुपये करोड़ की लागत से इस स्टेशन का पुनर्विकास हुआ है। इसके तहत नया भवन, विस्तृत खुला स्थान, फुट ओवर ब्रिज, 2 लिफ्ट, 3 प्लेटफार्म, पार्किंग, प्रतीक्षालय, कार्यालय का निर्माण किया गया है।

इस स्टेशन का विकास भविष्य को देखते हुए मैने कई प्रस्ताव रेल मंत्री को दिया है। वर्तमान समय में यहां लोहरदगा पैसेंजर, सासाराम इंटरसिटी और चोपन पैसेंजर का ठहराव है। भविष्य में इस रूट से गुजरने वाली स्पेशल ट्रेनों के ठहराव का प्रस्ताव भेजने का निर्देश रक्षा राज्य मंत्री ने डीआरएम को दिया। पुरुलिया आनंद विहार ट्रेन का परिचालन शुरू होना है, इसका ठहराव पिस्का स्टेशन पर करवाने के लिए रक्षा राज्य मंत्री ने अपनी तरफ से पहल करने की बात कही। लोहरदगा डाल्टनगंज होते हुए नई दिल्ली को जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव भी एक मिनट के लिए स्टेशन पर देने के लिए भी रेलवे को प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने अपने स्तर से भी प्रयास करने की बात कही है।

संजय सेठ ने बताया कि 2019 में जब वह चुनाव लड़ रहे थे, उस समय यहां सिर्फ धूल और गर्दा हुआ करता था। यह मेरा संकल्प था कि पिस्का स्टेशन का समुचित विकास करना है और रांची रेल क्षेत्र को नया विस्तार देना है। इस दृष्टि से मैंने काम करना शुरू किया, जिसका सुखद परिणाम इस रूप में सामने आया है। आज पिस्का स्टेशन का भव्य स्वरूप देखने को मिल रहा है। बहुत जल्द ही आनंद विहार के तर्ज पर इसके विकास को और विस्तार दिया जाएगा। नए यार्ड बनाए जाएंगे ताकि रांची की बढ़ती आबादी को देखते हुए इस क्षेत्र का भी विकास हो सके। श्री सेठ ने कहा कि उनका लक्ष्य है कि पिस्का स्टेशन का ऐसा स्वरूप तैयार किया जाए ताकि रातू रोड, पंडरा, कटहल मोड़, धुर्वा, स्मार्ट सिटी सहित आसपास के कई क्षेत्रों से लोग इस स्टेशन से आवागमन शुरू करें। इससे एक नए क्षेत्र का विकास भी हो सकेगा और रेलवे के विस्तार को भी नई पहचान मिल सकेगी। पिस्का में रेलवे के पास अपनी पर्याप्त जमीन है, उस अनुसार मैंने रेल अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार करने को निर्देशित किया है।

# विकसित झारखंड से ही बनेगा विकसित भारत : गौरव वल्लभ

- पूर्वी भारत के बिना विकसित भारत अधूरा : आदित्य मल्होत्रा

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** प्रधानमंत्री इकोनॉमिक एडवाइजरी काउंसिल के सदस्य प्रो. डॉ. गौरव वल्लभ ने आज अपने रांची प्रवास के दौरान चैंबर भवन में आयोजित विकसित भारत बजट विषयक परिचर्चा में अपने विचार साझा किए। प्रो. डॉ. वल्लभ ने कहा कि देशवासी य प्रधानमंत्री के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प से पूरी तरह जुड़े हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब राज्य विकसित होंगे, और इसी क्रम में विकसित झारखण्ड से ही विकसित भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि एक समय झारखण्ड के प्रमुख शहर देश की एमएसएमई गतिविधियों के इंजन हुआ करते थे, किंतु आज उनकी स्थिति चिंताजनक है।

उन्होंने विकसित भारत की परिभाषा को स्पष्ट करते हुए कहा कि इसका अर्थ केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि क्वालिटी ऑफ लाइफ, बेहतर स्वास्थ्य, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सोच में सकारात्मक सुधार है। एमएसएमई क्षेत्र पर विशेष बल देते हुए उन्होंने कहा कि विकसित भारत में डी-रेगुलेशन आवश्यक है, ताकि उद्योग केवल सूचना देकर कार्य प्रारंभ कर सकें और विभागीय चक्कर न काटने पड़ें।

चैम्बर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री के 2047 के संकल्प को साकार करने के लिए यह आवश्यक है कि पूर्वी भारत के राज्य, विशेषकर झारखण्ड, जो आज अंतिम पायदान पर है, तेज़ी से आगे बढ़े। उन्होंने यह जानने की जिज्ञासा व्यक्त की कि केंद्र सरकार झारखण्ड को ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित करने के लिए किस प्रकार देख रही है और जीडीपी ग्रोथ को कैसे गति दी जा सकती है। सभा का संचालन चैम्बर के कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने किया। उप-समिति की चेयरपर्सन निधि झुनझुनवाला ने प्रो. डॉ. गौरव वल्लभ का परिचय कराया। कार्यक्रम के अंत में प्रो. डॉ. वल्लभ ने राज्य के आर्थिक विकास के लिए झारखंड चैंबर द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। महासचिव रोहित अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए इस उपयोगी परिचर्चा के लिए डॉ. वल्लभ का आभार जताया। परिचर्चा में पूर्व अध्यक्ष अंचल किंगर, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अभिषेक रामाधीन, सदस्य शशांक भारद्वाज और आदित्य शाह ने भी विकसित भारत को लेकर अपनी बातें रखी। बैठक में उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, सह सचिव नवजोत अलंग, पूर्व अध्यक्ष किशोर मंत्री, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश अग्रवाल, पूर्व मानद सचिव आरके चौधरी, सदस्य आनंद जालान, साहित्य पवन, महेंद्र जैन, पुरुषोत्तम सिंह, किशन अग्रवाल, तेजविंदर सिंह, विजय महतो, संजय अग्रवाल, कुणाल विजयवर्गीय, अंकिता वर्मा, श्रीकृष्ण अग्रवाल, अरुण जोशी, कार्तिक प्रभात सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## रंग-रंगीलो श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव आज से

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** अमावस्या महास्नान के बाद खाटू नरेश का केसर-चंदन तिलक श्रृंगार विधिवत वैदिक विधान से संपन्न किया गया। यह पूजन मंडल अध्यक्ष गोपाल मुरारका एवं कोषाध्यक्ष मनोज खेतान के सानिध्य में मंदिर आचार्य द्वारा किया गया। इसी क्रम में श्री श्याम मित्र मंडल रांची का 54वां स्थापना दिवस सह "रंग-रंगीलो श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव" शुक्रवार से श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में विधिवत प्रारंभ होगा। महोत्सव की शुरुआत प्रातः 9:15 बजे गणेश पूजन, ध्वज स्थापना एवं हवन अनुष्ठान से होगी, जिसे राजेश सिंघानिया और सारिका सिंघानिया संपन्न कराएंगे। इसके बाद सुबह 9:30 बजे हरमू रोड स्थित गौशाला से भव्य कलश यात्रा निकलेगी, जो श्री श्याम मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी। जयपुर से पधारे प्रसिद्ध कथा वाचक गिरिराज शरण के सानिध्य में श्री श्याम कथा का आयोजन किया जाएगा। मुख्य यजमान कमल मोर एवं प्रतीक मोर अपने परिवार के साथ विधि-विधान से कथा का शुभारंभ करेंगे। 20, 21 और 22 फरवरी को प्रतिदिन संध्या 4 बजे से मंदिर परिसर में संगीतमय भजनों और नृत्य-नाटिका के साथ श्री श्याम कथा का पाठ होगा। बताया गया कि झारखंड में इस स्वरूप में श्री श्याम कथा का आयोजन पहली बार किया जा रहा है। कथा के प्रथम दिवस में कुरु वंश परिचय, लाक्षागृह प्रसंग, भीम-हिडिंबा विवाह, वीर घटोत्कच जन्म, भगवान श्रीकृष्ण-घटोत्कच मिलन तथा पांडव सभा में श्रीकृष्ण आगमन जैसे प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा।



# निकाय चुनाव को लेकर उम्मीदवारों ने झोंकी ताकत

## राजनीतिक पार्टियां समर्थित प्रत्याशियों के लिए मांग रहे वोट



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में नगर निगम चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दल काफी रेस हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों में पार्टी के द्वारा घोषणा पत्र जारी किया गया। साथ ही अपने समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इसी क्रम में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह गुरुवार को हजारीबाग पहुंचे। प्रेस वार्ता कर उन्होंने कहा कि भाजपा से समर्थित उम्मीदवार सुदेश चंद्रवंशी को मतदाता का सहयोग प्राप्त हो रहा है। इन्होंने कहा संकल्प पत्र में हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के विकास की रूपरेखा की झलक दिखती है। नगर निगम चुनाव में भाजपा विकास, पारदर्शिता और सुशासन को मुख्य मुद्दा बनाकर उतरी है। पार्टी ने पानी, स्वच्छता और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं को जिताने की अपील की है। भाजपा राज्य की मौजूदा सरकार की विफलता जैसे जलजमाव, पानी की कमी को जनता के सामने रखकर बदलाव की मांग कर रही है। सुदेश चंद्रवंशी भारतीय जनता पार्टी के पुराने कार्यकर्ता है। 40 सालों से समाज सेवा में लगे हुए हैं। पार्टी ने बहुत ही सोच समझकर ऐसे उम्मीदवार को समर्थन दिया है जो पूरे निष्ठा के साथ सेवा करेंगे। भाजपा सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी योजना ने देश की तस्वीर बदली है। जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे को देखते हुए हजारीबाग में मतदान करेगी। अविनेश सिंह यह बताया कि उम्मीदवार ने एक बेहतर ब्लूप्रिंट तैयार किया है उस ब्लूप्रिंट और उनके व्यक्तित्व और व्यवहार को देखते हुए मतदाता उनके पक्ष में मतदान करेंगे। पिछले दिनों जनसंपर्क अभियान में भी इन्हें भरपूर

### हार के डर से भाजपा अब झूठ का सहारा ले रही है : कांग्रेस

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि हार के डर से बौखलाई भाजपा अब नगर निगम चुनाव में अनर्गल प्रलाप और झूठ का सहारा ले रही है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि जो भाजपा 17 सालों तक राज्य की सत्ता में रहकर रांची नगर निगम को भ्रष्टाचार और गंदगी का अड्डा बनाए रही, वह आज रोशनी फैलाने की बात कर रही है। रांची की जनता ने भाजपा के शासन काल में केवल जलजमाव, खराब सड़कें और होल्डिंग टैक्स की मार झेली है।

भाजपा अध्यक्ष द्वारा कानून व्यवस्था पर उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में अपराधी सलाखों के पीछे हैं। भाजपा को उन राज्यों के आंकड़ों पर नजर डालनी चाहिए जहां उनकी सरकार है और जहाँ महिला अपराध चरम पर है।



झारखंड पुलिस मुस्तैदी से काम कर रही है और गायब बच्चों की बरामदगी इसका प्रमाण है।लाल किशोर नाथ शाहदेव ने तंज कसते हुए कहा कि जिस 1 रुपए की रजिस्ट्री योजना का ढिंढोरा भाजपा पीट रही है, वह केवल एक चुनावी स्टंट था जिससे खजाने को नुकसान पहुंचा। हमारी सरकार धरातल पर महिलाओं को मइयां सम्मान योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के जरिए सशक्त बना रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि रांची की जनता अब जागरूक हो चुकी है। वो समझती है कि भाजपा समर्थित प्रत्याशी केवल वोट लेने के लिए बेटी-बहन का स्वांग रच रहे हैं। पिछले कई वर्षों से निगम पर काबिज रहने के बावजूद भाजपा ने शहर को कूड़े का ढेर बना दिया, जिसका जवाब जनता इस बार बैलेट पेपर के जरिए देगी। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि मेयर प्रत्याशी रोशनी खलखो के नाम पर राजनीति करने के बजाय आदित्य साहू को यह बताना चाहिए कि स्मार्ट सिटी के नाम पर रांची के करोड़ों रुपए कहां खर्च हुए? कांग्रेस और गठबंधन की सरकार विकास में विश्वास रखती है, खोखले दावों में नहीं।

# नगर पालिका चुनाव में सभी मतदान केंद्र 'तंबाकू मुक्त क्षेत्र' घोषित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**






नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के आलोक में सभी मतदान केंद्र 'तंबाकू मुक्त क्षेत्र' घोषित कर दिए गए हैं। इसके तहत सभी मतदान केंद्र परिसर में किसी प्रकार का तंबाकू पदार्थ, सिगरेट, बीडी, खैनी, गुटखा, पान मसाला, जर्दा आदि का उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक द्वारा राज्य के सभी सरकारी कार्यालय, संस्थान, शिक्षण संस्थान आदि के परिसर को तंबाकू मुक्त क्षेत्र घोषित करने का अनुरोध किया गया है।

उन्होंने सभी केंद्रों पर तंबाकू मुक्त क्षेत्र का साइनेज लगाने को कहा है। यह भी निर्देश दिए हैं कि राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल पदाधिकारी व जिला तंबाकू नियंत्रण कोषांग के माध्यम से तंबाकू के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। राज्य में 39% आबादी कर रही तंबाकू का उपयोग राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान शशि प्रकाश झा ने कहा कि देश में हर साल 13 लाख से अधिक लोगों की मौत तंबाकू के इस्तेमाल से होती है। देश में तंबाकू इस्तेमाल का प्रतिशत 28.6 है। जबकि, झारखंड में 39.9% वयस्क आबादी किसी न किसी रूप में तंबाकू का इस्तेमाल करती है। जो गंभीर चिंता का विषय है। सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 की धारा 4 एवं सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण विनियमन) (झारखंड संशोधन) अधिनियम 2021 के अंतर्गत सभी सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध है।

# रांची नगर निगम के घर-घर को रोशन करेगी मेयर प्रत्याशी रोशनी खलखो : आदित्य साहू




**नवीन मेल संवाददाता। रांची ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने गुरुवार को गंगा नगर,हरमू में भाजपा समर्थित मेयर प्रत्याशी रोशनी खलखो के समर्थन में आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित किया। श्री साहू ने कहा कि रोशनी खलखो एक जुझारू ,संघर्षशील प्रत्याशी है जो महिला सशक्तिकरण के लिए संकल्पित है। पिछले चुनाव में निर्विरोध पार्षद बनने वाली लोकप्रिय नेता है। रोशनी खलखो के दिल में रांची नगर निगम के घर घर को रोशन करने का संकल्प है।कहा कि रोशनी खलखो जनभावनाओं पर खरी उतरेगी, सुख दुख की सहभागी बनेगी, घर घर की बेटी बहन बनेगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वरुण साहू ने भी रोशनी खलखो को बिस्किट छाप पर मुहर लगाकर भारी मतों से जीताने की अपील की। कहा कि भाजपा समर्थित उम्मीदवार को जीत दिलाकर राज्य की भ्रष्ट निकम्मी सरकार जो सत्ता के बल पर लोकतंत्र का गला घोंट रही उसे सबक सिखाएं। मंच संचालन मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत यादव ने किया।इस अवसर पर सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थी।

# अखिल भारतीय महासभा ने की मतदान करने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



अखिल भारतीय महासभा के नेताओं ने आगामी 23 फरवरी को होने वाले झारखण्ड नगर निगम चुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं से मतदान करने की अपील की है। संगठन के झारखंड प्रभारी अवधेश कुमार श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष प्रणय कुमार, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रेम कुमार सिन्हा तथा प्रदेश प्रवक्ता सह रांची जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से यह अपील जारी की। नेताओं ने कहा कि नगर निगम के अधिकार सीधे नागरिकों के जीवन को प्रभावित करते हैं, इसलिए मतदाता सोच-समझकर निर्भीक और निष्पक्ष रूप से योग्य उम्मीदवार का चयन करें। उन्होंने कहा कि मतदान नागरिकों का अधिकार ही नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है और प्रगतिशील झारखंड के निर्माण के लिए सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

# निकाय चुनाव के दिन सिविल कोर्ट में सार्वजनिक अवकाश



**रांची।** रांची में होने वाले नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से 23 फरवरी को सिविल कोर्ट में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया। न्यायायुक्त एके मिश्रा-1 द्वारा जारी आदेश के अनुसार मतदान के दिन सभी न्यायिक कार्य स्थगित रहेंगे। ताकि न्यायालय कर्मी एवं संबंधित पक्ष अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इसकी सूचना संबंधित विभागों को प्रेषित कर दी गई है। मुकदमों की अगली तिथियों की जानकारी संबंधित न्यायालयों से प्राप्त की जा सकती है।

# लातेहार में नगर अध्यक्ष प्रत्याशी के पति पर कार्रवाई की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नगर पंचायत अध्यक्ष पद की प्रत्याशी बिलासी देवी के पति निलेश टोप्पो के खिलाफ भाजपा ने चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग की है। एक प्रतिनिधिमंडल सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोग पहुंचा और आरोप लगाया कि निलेश टोप्पो, जो समाहरणालय लातेहार के सिक्योरिटी सेल में पदस्थापित हैं, वह अपनी पत्नी के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। आरोप है कि निलेश सरकारी पद का दुरुपयोग कर धनबल और प्रशासनिक प्रभाव से चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि इस संबंध में 12 फरवरी को भी शिकायत की गई थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है।



# बुंडू में राजेश उरांव के समर्थन में चला प्रचार अभियान

**बुंडू।** झारखंड प्रदेश भाजपा के प्रभारी विनय कुमार जायसवाल ने बुंडू नगर पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राजेश उरांव के समर्थन में प्रचार किया और जनता से समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि राज्य में अपहरण, भ्रष्टाचार, भय और आतंक चरम सीमा पर है।



वह बुंडू नगर पंचायत अध्यक्ष भाजपा समर्थित प्रत्याशी राजेश उरांव के चुनावी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा प्रदेश की सरकार ने 3 वर्षों तक नगर निकाय की चुनाव नहीं कर लूट को बढ़ावा दिया। बच्चों का अपहरण महिलाओं के साथ अत्याचार हत्या लूट की घटना से जनता मुक्ति चाहती है। बीजेपी झारखंड प्रदेश प्रभारी विनय कुमार जायसवाल ने आगे कहा शांति भयमुक्त और नगर के सभी वर्गों के सेवा के लिए भाजपा समर्थित प्रत्याशी राजेश उरांव को अध्यक्ष पद में जीतने की अपील की। मौके पर प्रदेश महामंत्री मनोज बाजपेई, जिला अध्यक्ष धीरज महतो, रंजीत लहरी, भास्कर मुखर्जी, मुकेश जैन, बंटी जायसवाल आदि मौजूद थे।



# अस्थाई दुकान लगाने से मना करने पर दो पक्षों में तनाव

## प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद हुआ समझौता

● पूर्व में भी इस स्थान पर अस्थाई दुकान लगाने से मना किया गया था

नवीन मेल संवाददाता




**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के शहीद चौक में रमजान के अवसर पर लगाए गए एक अस्थाई दुकान को लेकर बुधवार रात दो पक्षों के बीच तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। जानकारी के अनुसार, शहीद चौक स्थित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजन सिंह राजा की दुकान के सामने हुटाप निवासी हारून रशीद बुखारी के परिवार के युवकों ने बांस-बल्ली गाड़कर अस्थाई दुकान स्थापित कर दिया था। बताया जाता है कि उक्त स्थान को राजन सिंह द्वारा किराये पर दिया गया है, जहां माल ढुलाई के लिए वाहनों का लगातार आवागमन होता है। इसी कारण पूर्व में भी इस स्थान पर अस्थाई दुकान लगाने से मना किया गया था, बावजूद इसके इस वर्ष दुकान लगा दी गई। बताया जाता है कि बुधवार रात राजन सिंह के छोटे भाई बिट्टू सिंह द्वारा अस्थाई दुकान के लिए लगाए गए बांस-बल्ली को उखाड़ दिए जाने की सूचना मिलते ही दूसरे पक्ष के लोग आक्रोशित हो गए और करीब 20-25 लोग मौके पर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच कहासुनी बढ़ गई और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। इस दौरान लाठी-डंडे चलने की भी बात सामने आई। घटना की सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में स्था नीय लोग और समर्थक शहीद चौक पर जुट गए, जिससे स्थिति और तनावपूर्ण हो गई।

## उपायुक्त और एसपी ने किया वज्र गृह का निरीक्षण, दिए निर्देश

**खूंटी।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के सफल एवं निष्पक्ष संचालन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त आर रॉनिटा एवं पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने गुरुवार को कदमा स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति भवन में बन रहे वज्र गृह, रिसीविंग सेंटर एवं प्रस्तावित मतगणना केंद्र का संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही निर्वाचन की तैयारियों को लेकर सभी आरओ एवं विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों संग समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने मतगणना कक्ष, वज्रगृह, रिसीविंग सेंटर सहित अन्य कक्ष का जायजा लिया। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी, पार्किंग, मीडिया गैलेरी तथा अभ्यर्थियों एवं मतगणना एजेंट के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने वज्र गृह की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने पर बल दिया। उपायुक्त ने नगरपालिका निर्वाचन कोषांग, कार्मिक कोषांग, मतपत्र एवं मतपेटिका कोषांग, सामग्री कोषांग, परिवहन कोषांग, विधि-व्यवस्था-सह-आचार संहिता कोषांग, हेल्पलाइन एवं जन शिकायत कोषांग, अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने निर्वाचन कार्य में लगे मतदान एवं मतगणना कर्मियों को अच्छे से प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। मतदान कर्मियों को मतदान केंद्रों तक ले जाने के लिए वाहनों की पर्याप्त व्यवस्था एवं पुलिस बल के साथ टैगिंग, अंतिम रेंडमाइजेशन सहित अन्य विषयों पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने विचार विमर्श कर संबंधित कोषांग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## श्री राधाकृष्ण मंदिर में फुलेरा दूज पर भक्ति एवं उल्लास का अद्भुत संगम



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पुंदाग स्थित श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में फुलेरा दूज पर विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर रहा। प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं का आगमन प्रारंभ हो गया और संपूर्ण वातावरण राधे-राधे के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर भगवान श्री राधा-कृष्ण का वृंदावन से आए जड़ित आभूषणों एवं मनमोहक पोशाक से अलौकिक एवं मनोहारी श्रृंगार किया गया। रंग-बिरंगे पुष्पों से सुसज्जित दरबार की छटा देखते ही बन रही थी। श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर ठाकुर जी के दर्शन किए और पुष्प अर्पित कर मंगलकामनाएं कीं। फुलेरा दूज को ब्रज में होली उत्सव के शुभारंभ का प्रतीक माना जाता है, अतः मंदिर में भी फूलों की सुगंध और भक्तिमय वातावरण ने सभी को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया।मंदिर के पुजारी पंडित अरविंद पांडेय ने विधि विधान- पूर्वक पूजा-अर्चना एवं विशेष अनुष्ठान संपन्न कराया। प्रसाद में केसरिया खीर, मेवा, फल, पेड़ा, का भोग लगाया गया। तत्पश्चात भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें भक्तों ने संकीर्तन के माध्यम से प्रभु की महिमा का गुणगान किया। सामूहिक महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए,कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने फुलेरा दूज के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व प्रेम, सौहार्द और भक्ति का संदेश देता है। तथा जीवन में सकारात्मकता और आनंद का संचार करता है,ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने कहा कि फुलेरा दूज हमें भगवान श्री राधा-कृष्ण के दिव्य प्रेम और भक्ति भावना को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है।इस दिन भगवान श्री कृष्ण और राधा रानी पर पुष्पों की वर्षा की जाती है होली पर्व के आरंभ का यह प्रतीकात्मक दिन माना जाता है।

रांची में गूंजा जय भवानी-जय महाराणा

## करणी सेना के स्थापना दिवस पर लगे भारत माता के जयकारे

● आयोजन को क्षत्रिय सांस्कृतिक गौरव और संगठन शक्ति के प्रतीक के रूप में देखा गया

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** वीरता, परंपरा और सामाजिक एकजुटता के प्रतीक नारों के बीच रांची में बुधवार शाम राजपूताना शौर्य का भव्य प्रदर्शन देखने को मिला। करम टोली चौक स्थित प्रेस क्लब में करणी सेना (पंजीकृत) का 7वां स्थापना दिवस समारोह उत्साह के साथ संपन्न हुआ।
केसरिया रंग से सजे सभागार में "जय भवानी, जय महाराणा" और भारत माता के जयघोष लगातार गूंजते रहे। आयोजन को क्षत्रिय स्वाभिमान, सांस्कृतिक गौरव और संगठन शक्ति के प्रतीक के रूप में देखा गया।
कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता और करणी माता के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन से हुई। सामूहिक राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान से वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो गया।
समारोह की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर प्रवीण सिंह ने की, जबकि संचालन प्रदेश महामंत्री डॉ. धीरज सिंह "सूर्यवंशी" उर्फ बिनु सिंह ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पाल अम्मू स्वास्थ्य कारणों से उपस्थित नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने वीडियो संदेश के माध्यम से समाज को संबोधित किया।

### यूजीसी इक्विटी बिल पर तीखा विरोध

समारोह में यूजीसी इक्विटी बिल को लेकर तीखी प्रतिक्रिया सामने आई। वक्ताओं ने इसे सामान्य वर्ग के हितों के खिलाफ बताते हुए समाज में विभाजन बढ़ाने वाला कदम कहा।
प्रदेश महामंत्री डॉ. धीरज सिंह ने कहा कि ऐसे प्रावधान सामाजिक संतुलन को प्रभावित करेंगे, जबकि प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर प्रवीण सिंह ने सामाजिक समरसता बनाए रखने के साथ अन्याय के विरोध का संकल्प दोहराया। राष्ट्रीय मंत्री अमन सिंह ने कहा कि संगठन समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करता रहेगा।
समारोह में मुख्य रूप से प्रवीण सिंह, अमन सिंह, डॉ. धीरज सिंह "सूर्यवंशी" उर्फ बिनु सिंह, हरि सिंह, स्वामी जी, विजय सिंह, जय श्रीवास्तव, अमरेंद्र सिंह, सूरज सिंह, विकास वर्मा, स्वाति सिंह, गिरिजा शंकर, गोपाल सिंह, विक्रम सिंह, सुशील सिंह, निर्भय सिंह, बबिता सिंह, विजेता सिंह, पी के सिंह, दीपक सिंह, श्याम किशोर सिंह, संतोष सिंह, नीरज सिंह, मुन्ना सिंह, अभिनाश सिंह, आलोक सिंह, रवि सिंह, आराधना सिंह, समर्पना सिंह, प्रियंका राजपूत, श्वेता सिंह, प्रमोद सिंह एवं संजय शर्मा सहित हजारों की संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## रांची विवि ने जारी किया सेमेस्टर-2 का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय ने स्नातकोत्तर (एमए/एमएससी/एमकॉम) सेमेस्टर-2 (सत्र 2024-26) के नियमित एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा-2025 का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है। पूर्व में ये परीक्षाएं 25 फरवरी से प्रस्तावित थीं, जिन्हें अब 17 मार्च से आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार सभी परीक्षाएं दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे की पाली में आयोजित की जाएंगी। परीक्षा कार्यक्रम में इस बदलाव का मुख्य कारण निकाय चुनाव के दौरान शिक्षकों और कर्मचारियों की चुनावी ड्यूटी, प्रस्तावित जेपीएससी परीक्षा तथा छात्र संगठनों द्वारा होली के बाद परीक्षा कराने का आग्रह बताया गया है। नियमित पाठ्यक्रम का कार्यक्रम नियमित पाठ्यक्रम के तहत सीसी-201 की परीक्षा 17 मार्च (मंगलवार), सीसी-202 की 19 मार्च (गुरुवार), सीसी-203 की 23 मार्च (सोमवार) और सीसी-204 की परीक्षा 25 मार्च (बुधवार) को होगी। इन तिथियों पर वाणिज्य, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भूविज्ञान, गणित, भौतिकी, प्राणीशास्त्र, मानवशास्त्र, बंगला, अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, दर्शनशास्त्र, , मनोविज्ञान, संस्कृत, समाजशास्त्र, उर्दू सहित क्षेत्रीय भाषाओं के विषयों की परीक्षाएं आयोजित होंगी।

## रसोइयों की हड़ताल के कारण शिक्षक बना रहे मध्याह्न भोजन

नवीन मेल संवाददाता



**खूंटी।** जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन बनाने वाली रसोईया कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से शैक्षणिक व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। रसोईये की अनुपस्थिति में विद्यालयों में बच्चों को समय पर भोजन उपलब्ध कराना चुनौती बन गया है। कई विद्यालयों में शिक्षक-शिक्षिकाओं को स्वयं भोजन बनाकर बच्चों को खिलाने की मजबूरी हो गई है, जिससे उनकी मूल शैक्षणिक जिम्मेदारियां प्रभावित हो रही हैं। शिक्षकों का कहना है कि पहले से ही पठन-पाठन, प्रशासनिक कार्य और ऑनलाइन रिपोर्टिंग का दबाव रहता है, ऐसे में भोजन बनाने जैसी जिम्मेदारी संभालना कठिन हो गया है।
बच्चों की पढ़ाई पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। रसोईयों की हड़ताल के कारण शिक्षक-शिक्षिकाओं की ओर से मध्याह्न भोजन बनाने से बच्चों की पढ़ाई पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार शील ने कहा कि सभी विद्यालय प्रबन्ध समितियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है।
कि किसी भी हाल में मध्याह्न भोजन बंद नहीं न हो। इसके लिए सभी एसएमसी को वैकल्पिक व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है।

## एसीबी की टीम ने सिल्ली अंचल कार्यालय में रिश्वत लेते अमीन को किया गिरफ्तार

**सिल्ली मुरी ।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत सिल्ली अंचल कार्यालय में पदस्थापित अमीन गणेश महतो को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी अमीन पर जमीन नापी की रिपोर्ट और नक्शा उपलब्ध कराने के बदले 8 हजार रुपये की मांग करने का आरोप है।मामले की शिकायत वासुदेव महतो नामक व्यक्ति ने एसीबी से की थी।
शिकायत के अनुसार उन्होंने 16 दिसंबर 2025 को जमीन मापी के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। 10 फरवरी 2026 को जमीन की नापी भी कर दी गई, लेकिन इसके बाद रिपोर्ट और नक्शा देने के लिए अमीन कथित रूप से रिश्वत मांगने लगा।
शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने प्रारंभिक जांच की, जिसमें रिश्वत मांगे जाने की पुष्टि हुई।

## आदर्श विद्या पब्लिक स्कूल मुरतो में क्रिकेट एकेडमी का शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता



**बेड़ो।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान आदर्श विद्या पब्लिक स्कूल, मुरतो,बेड़ो में गुरुवार को खेल और शिक्षा के अनूठे संगम के साथ स्कूल के निदेशक अभिजीत राज ने क्रिकेट एकेडमी का विधिवत शुभारंभ किया । इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को निखारना और उन्हें उच्च मंच प्रदान करना है। एकेडमी के मुख्य कोच एस.के. शा ह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहाःआज के दौर में क्रिकेट केवल एक खेल नहीं, बल्कि एक बेहतरीन करियर विकल्प भी है। इस एकेडमी में बच्चों को न केवल तकनीकी बारीकियां सिखाई जाएंगी, बल्कि उनके अनुशासन और शारीरिक फिटनेस पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। हमारा लक्ष्य यहाँ से राज्य और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करना है। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक अभिजीत राज ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहाःएक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है।
पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का जीवन में बहुत महत्व है। इस क्रिकेट एकेडमी के माध्यम से हम बेड़ो के ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभाओं को एक सही राह दिखाना चाहते हैं ताकि वे भविष्य में देश का नाम रोशन कर सकें। एकेडमी की मुख्य विशेषताएं हैं।
व्यावसायिक प्रशिक्षणः अनुभवी कोचों द्वारा विशेष ट्रेनिंग सत्र। आधुनिक सुविधाएँः स्कूल परिसर में ही अभ्यास के लिए नेट और किट की उपलब्धता। व्यक्तित्व विकासः खेल भावना और टीम वर्क की शिक्षा। इस कार्यक्रम के दौरान स्कूल के शिक्षक, छात्र और कई खेल प्रेमी उपस्थित रहे। एकेडमी के शुरू होने से स्थानीय अभिभावकों और बच्चों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

प्रशिक्षण | खलारी में चार दिवसीय पंचायत सहायकों का प्रशिक्षण सम्पन्न

# पंचायत सहायकों को दी दायित्वों की जानकारी

● पंचायती राज व्यवस्था से अवगत कराना और उनके कार्यों को अधिक प्रभावी बनाना है

नवीन मेल संवाददाता




खलारी। खलारी प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित राजीव गांधी सेवा केन्द्र के सभागार में पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित प्रखंड स्तरीय चार दिवसीय पंचायत सहायकों का प्रशिक्षण गुरुवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पंचायत सहायकों, पंचायत सचिवों एवं संबंधित कर्मियों को पंचायती राज व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना और उनके कार्यों को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंचायती राज विभाग के मास्टर ट्रेनर पंकज ठाकुर ने पंचायत सहायकों को उनके कार्य एवं दायित्वों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने पंचायत सचिवालय में हेल्प डेस्क की स्थापना एवं संचालन, ग्राम सभा की भूमिका, ग्राम सभा की स्थायी समितियों के गठन एवं उनके कार्य, पेसा झारखंड नियमावली 2025 के प्राविधान तथा मनरेगा सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रिया पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पंचायत सहायक पंचायत स्तर पर प्रशासन और आम जनता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं, इसलिए उन्हें अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ करना चाहिए।
इस चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में खलारी प्रखंड के सभी 14 पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, पंचायत सहायक सह मोबिलाइजरों ने भाग लिया।
प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पंचायत प्रशासन से संबंधित व्यावहारिक जानकारी भी दी गई, जिससे वे अपने क्षेत्र में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभा सकें। प्रशिक्षण शिविर में प्रखंड समन्वयक पंचायती राज बलराम कुमार महतो सहित तिलक कुमार राम, तेजी किस्पोट्टा, पुतुल देवी, मलका मुण्डा, संतोष महली, शिवरत मुण्डा, शांति देवी, पारसनाथ उरांव, पुष्पा खलखो, उर्मिला देवी, रामवृक्ष मुण्डा, हरकुलश प्रसाद, एडित कुजुर, रोहित कुमार ठाकुर, सुनिता कुमारी, आशा कुमारी, निशा देवी, दुर्गा कुमारी, कान्ता केरकेट्टा, शीला कुमारी, भीम गंझु, जयवीर यादव, सुनिता देवी, शेषनाथ चौहान, भरत कुमार, राजेन्द्र नायक, उदय कुमार सिंह सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि एवं कर्मी उपस्थित थे।

## दुकान में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** शहर में आजकल चोरी की घटना बहुत ही बढ़ती जा रही है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में चोरों का मनोबल काफी बढ़ता नजर आ रहा है।
लालपुर थाना की पुलिस ने दुकान में चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। आरोपियों का नाम राज वर्मा और मोहित लोहरा है। मामले में दुकानदार रवि वर्मा ने लालपुर थाना में दोनों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। रवि ने बताया कि उनकी दुकान आलोकापुरी के पास है। बुधवार की रात एक युवक उनकी दुकान के गल्ले से पैसा लेकर भागने लगा, जिसे दौड़कर पकड़ा। उसने बताया कि वह मोहित के कहने पर दुकान से चोरी किया था। इसके बाद दोनों आरोपियों को पुलिस के हवाले किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### अध्यक्ष पद के प्रत्याशी विजय बडाईक ने पूर्व मंत्री स्व.रमेश मुंडा की धर्मपत्नी से आशीर्वाद मांगा



**बुंडू।** अध्यक्ष पद के प्रत्याशी विजय बड़ाईक ने पूर्व कल्याण मंत्री स्वर्गीय रमेश सिंह मुंडा के धर्मपत्नी और विधायक विकास कुमार मुंडा के माता वसुंधरा मुंडा से चुनाव में समर्थन मांगते हुए विजय का आशीर्वाद मांगा। साथ ही समर्थकों के साथ बेसरा टोली, मुंडा कॉलोनी क्या आम जनता चूड़ी छाप पर वोट करने की अपील की। इस मौके पर बुंडू नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष सुनील कुमार जायसवाल, समेत सैकड़ो समर्थक मौजूद थे।

### कथकुंवारी ससन टोली से चौथी कक्षा का 13 वर्षीय छात्र लापता, पुलिस से लगाई गुहार



**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के हुलसू पंचायत अन्तर्गत कथकुंवारी ससन टोली के रहने वाले अनुप होरो के द्वितीय सुपुत्र रोमन कैथोलिक मध्य विद्यालय महुगांव मिशन के चौथी कक्षा का छात्र 13 वर्षीय सन्नी होरो 13 फरवरी से ही अपने गांव से लापता हो गया है। छह दिनों के बाद भी सन्नी होरो का कोई पता नहीं चल पाया है। इस संदर्भ में उनके पिता अनुप होरो एवं माता नीलम होरो ने लोगों से अपने पुत्र की तलाश कर खोज निकालने की गुहार लगाई है। इस संदर्भ में अनुप होरो ने लापुंग थाना में अपने पुत्र की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। उन्होने पुलिस प्रशासन से सन्नी होरो को खोज निकालने में मदद की अपील की है। जिस किसी को भी सन्नी होरो के संदर्भ में कोई जानकारी मिले तो कृपया उनके पिता अनुप होरो को उनके मोबाइल नंबर 9523580686 या थाना प्रभारी गोविंद कुमार को उनके मोबाइल नंबर 6206730393 पर अवश्य सूचित कर देंगे। पूरा परिवार बेटे के लापता होने पर काफी परेशान हैं।

### पांच साल की बच्ची इकरा ने रमजान का पहला रोजा रखा



**पिठौरिया।** माहे रमजान में नन्हे रोजेदार भी रोजा रखना से गुरेज नहीं कर रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को रमजान महीने का पहला रोजा पिठौरिया क्षेत्र के पिरूटोला ग्राम निवासी एम अहमद की 5 वर्षीय बच्ची इकरा सदफ ने पहला रोजा रख कर एक कृतिमान रची है । धुन की पक्की 5 वर्षीय इकरा सदफ ईश्वर (अल्लाह)की याद में आज पूरा रोजा रख कर दिनभर इबादत में मशगूल रही। मोहल्ले के लोग इस छोटी बच्ची की तारीफ का पुल बान्ध रहे हैं।

### मांडर में पारंपरिक वाद्य यंत्रों का हुआ वितरण



**मांडर।** प्रखंड में आदिवासी परंपरा और संस्कृति के संरक्षण के उद्देश्य से आदिवासी कल्याण विभाग द्वारा पारंपरिक वाद्य यंत्रों का वितरण किया गया। यह वितरण उन गांवों में किया गया, जहां विभाग की ओर से धर्म कुरीया का निर्माण कराया जा चुका है, जिनमें पुंनगी, सकरा, बसकी, केसकानी, सकरपदा और बखार प्रमुख हैं। आदिवासी समाज के लोगों को मांडर, नगाड़ा, घंटा, शहनाई, बांसुरी सहित अन्य पारंपरिक वाद्य यंत्र प्रदान किए गए। इस पहल का उद्देश्य आदिवासी युवाओं को अपनी पारंपरिक कला और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है, ताकि लोक परंपराओं को संरक्षित और प्रोत्साहित किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड सह अंचल पदाधिकारी चंचला कुमारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, कांग्रेसी नेता शमसुल शेख तथा बंधु टोप्पो सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### डीएसपीएमयू में पारंपरिक आस्था के साथ सरना झंडा गड़ी कार्यक्रम संपन्न



**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के न्यू बिल्डिंग परिसर में आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष विवेक तिर्की के नेतृत्व में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सरना झंडा गड़ी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरना पूजा से हुई, जिसे मुख्य पुजारी पीटर उराँव ने संपन्न कराया। पूजा-अर्चना के बाद विधि-विधान से नए सरना झंडे की स्थापना की गई और समाज की सुख-शांति, समृद्धि तथा प्रकृति संतुलन की कामना की गई। इस अवसर पर 500 से अधिक छात्र-छात्राओं और समाज के लोगों ने भाग लेकर आदिवासी संस्कृति और परंपरा के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ।

### यात्रियों की शीघ्र सहायता के लिए हटिया स्टेशन पर मॉक ड्रिल

**रांची।** रांची रेलमंडल के हटिया यार्ड में गुरुवार को रेल दुर्घटना के दौरान राहत और बचाव कार्य का रेलवे व एनडीआरएफ की टीम ने संयुक्त अभ्यास किया। मंडल रेल प्रबंधक करुणानिधि सिंह के नेतृत्व में सभी विभागों के प्रमुखों ने भाग लिया। इसका मुख्य उद्देश्य दुर्घटना से प्रभावित यात्रियों को यथाशीघ्र सभी प्रकार की सहायता उपलब्ध कराई जाए। विभागों के बीच समन्वय व सतर्कता की जांच करना था। मौके पर एडीआरएम हेमराज मीणा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजू तिर्की, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शुचि सिंह, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता राजीव रंजन, वरिष्ठ मंडल सिंग्नल व दूरसंचार अभियंता विवियन मरांडी, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी पंकज किस्कू, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राजा, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक लक्ष्मण कुमार शामिल थे।
आपदा प्रबंधन टीम का नेतृत्व डिप्टी कमांडेंट विनय कुमार, एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर सूरज कुमार, कवि रंजन शर्मा का भी योगदान रहा।

### चुनाव को लेकर उपायुक्त ने महाविद्यालय का किया निरीक्षण, कहा

# पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का पालन करें

- डीसी ने मतगणना केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और कई निर्देश दिए

**नवीन मेल संवाददाता**



रामगढ़। नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 के मद्देनजर गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी नगरपालिका सह उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 को लेकर रामगढ़ महाविद्यालय में प्रस्तावित डिस्पैच सेंटर, स्ट्रांग रूम (बज्रगृह) एवं मतगणना केंद्र का निरीक्षण करते हुए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस क्रम में उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ आवश्यक तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की तथा कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान के समय किसी भी तरह की लापरवाह बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस कर्मी वैसे लोगों पर पैनी नजर रखें जो मतदान के समय कदाचार न करें। सभी चुनाव पदाधकिरी अपने कर्तव्यों का सही रूप से पालन करें। मौके पर उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, भवन प्रमंडल रामगढ़ के अधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने महाविद्यालय परिसर में पेयजल, शौचालय, पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी कार्यों को योजनाबद्ध ढंग से समयबद्ध रूप में पूर्ण करने तथा निर्वाचन से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## हजारीबाग बार संघ ने शपथ पत्र को लेकर जारी किया गाइडलाइन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग बार संघ परिसर में फर्जी दलालों के द्वारा जाली शपथपत्र बनाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। उनके चक्कर में पड़कर आमजन व मुवक्किलों को ठगी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे सावधान रहने की सलाह बार संघ महासचिव सुमन कुमार सिंह ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता कल्याण निधि एक्ट को 2024 में झारखंड सरकार ने संशोधित कर दिया है। शपथ पत्र में 30 रूपया का वेलफेयर स्टांप लगाने का आदेश पारित हुआ है। जिसके बाद संघ की ओर से 220 रूपए में वेलफेयर स्टाम्प सहित टोकन जारी किया गया है। वहीं एकरारनामा शपथपत्र के लिए 420 रुपया निर्धारित है।किसी भी शपथ पत्र में बार के द्वारा जारी टोकन लगाना अनिवार्य है। तभी विधि संगत होगा।

उन्होंने कहा कि आम लोग दलालों एवं दुकानदारों के चक्कर में पड़कर जाली स्टाम्प लगाकर बिना टोकन का जाली शपथ पत्र बनाकर आम लोगों को ठग रहे है।

उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि साधारण शपथपत्र 220 रुपए में टोकन लगाकर जबकि एकरारनामा शपथपत्र 420 रुपए में टोकन सहित वैध शपथ पत्र कराएं। मौके पर उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह, एवं कुणाल कुमार और कार्यकारणी सदस्य भैया सुमित कुमार मौजूद थे।

## धार्मिक उत्साह के साथ कानून व्यवस्था का भी रखें ध्यान : एसडीपीओ



**बरही।** माननीय उच्च न्यायालय झारखंड के निर्देश के आलोक में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं आरक्षी अधीक्षक अंजनी रंजन द्वारा आगामी रामनवमी पर्व को लेकर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में किसी भी परिस्थिति में किसी भी अखाड़ा या जुलूस में डीजे का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार बिमल ने कहा कि न्यायालय एवं जिला प्रशासन के आदेशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने सभी अखाड़ा समितियों से अपील की कि वे धार्मिक उत्साह के साथ-साथ कानून व्यवस्था का भी ध्यान रखें। "पर्व की गरिमा बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। डीजे के उपयोग पर पूरी तरह रोक रहेगी, उल्लंघन करने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी," उन्होंने स्पष्ट किया। वहीं थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि रामनवमी के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने हेतु पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने कहा कि डीजे के स्थान पर पारंपरिक ढोल एवं ताशा पार्टी का उपयोग कर श्रद्धालु पर्व का आनंद लें। "किसी भी प्रकार की लापरवाही या आदेश की अवहेलना बर्दाश्त नहीं की जाएगी," उन्होंने चेतावनी दी।

### चितरपुर व कोठार क्षेत्र में संचालित मीट दुकानों की जांच

# खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच के बाद कई मीट दुकानों को नोटिस

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** सिविल सर्जन सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी रामगढ़ के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा चितरपुर एवं कोठार क्षेत्र में संचालित मीट एवं चिकन दुकानों का सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान पाया गया कि अधिकांश दुकानें भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण से निर्गत अनुज्ञप्ति/रजिस्ट्रेशन के बिना संचालित हो रही थीं। साथ ही खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम, 2006 के शेड्यूल-IV के अनुरूप स्वच्छता एवं मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था तथा कई दुकानों में अत्यधिक गंदगी पाई गई। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करते हुए निम्न दुकानों पर जुर्माना लगाया गया। दुकान के हिसाब से जैसे न्यू महतो मटन शॉप, चित्तरपुर – 5000, मेहता मीट दुकान, चित्तरपुर – 5000, तौफिक अंसारी, कोठार चौक – 5000 किया गया है। इसके अतिरिक्त निम्न दुकानों को सुधार करने हेतु नोटिस जारी किया गया। न्यू महतो मटन शॉप, मेहता मटन दुकान, लालू मटन दुकान, जय मां काली मटन दुकान, अनिल मुर्गा दुकान (चित्तरपुर), राजेश चिकन शॉप (कोठार) एवं देवानंद मटन शॉप (जेल मोड़, कोठार)। जांच टीम में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अदिति सिंह, रामनाथ प्रसाद, लुकेश रवानी तथा रजरप्पा प्रोजेक्ट थाना के गश्ती दल के सदस्य शामिल थे। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा बताया गया कि जनस्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार की जांच आगे भी जारी रहेगी तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अंडरपास के डिज़ाइन पर पुनर्विचार की मांग

**बरही** । रसोईया–धमना क्षेत्र में बन रहे अंडरपास को लेकर ग्रामीणों ने मनीष जयसवाल से मुलाकात कर अपनी चिंताएं रखीं। प्रतिनिधिमंडल सांसद प्रतिनिधि भगवान केसरी व मोतीलाल चौधरी के नेतृत्व में मिला। ग्रामीणों का कहना है कि प्रस्तावित डिज़ाइन के तहत दोनों ओर मिट्टी भराई कर दीवारनुमा संरचना बनाई जा रही है, जिससे गांव का सीधा संपर्क मार्ग बाधित हो सकता है। उनका कहना है कि यदि निर्माण इसी स्वरूप में हुआ तो किसानों, विद्यार्थियों और रोजमर्रा के कार्यों के लिए आने-जाने वाले लोगों को लंबा रास्ता तय करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने सुझाव दिया कि अंडरपास को पिलर आधारित बनाया जाए, ताकि नीचे से रास्ता खुला रहे और आवागमन सुचारु बना रहे। सांसद ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग से तकनीकी समीक्षा कराने और समाधान तलाशने का आश्वासन दिया है ।

## सरहुल शोभायात्रा 21 मार्च को कमेटी का किया गया गठन




**भुरकुंडा।** केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति की बैठक गुरुवार को केंद्रीय सरना स्थल रीवर साइड में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता दर्शन गंझू और संचालन संतोष उरांव ने किया। बैठक में हर साल की भांति सरहुल पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सरहुल पूजा को लेकर कार्यक्रम तय किया गया। जिसमें 19 मार्च को केंद्रीय पाहन द्वारा घड़ा में पानी भराई, 20 को पाहन द्वारा सरना स्थल में पूजा अर्चना, 21 को सरना स्थल से शोभायात्रा निकाली जायेगी। जो रीवर साइड सरना स्थल से निकलकर सयाल मोड़, पटेलनगर, बिरसा चौक, भुरकुंडा बाजार होते हुये न्यू बैरक सरना स्थल में शोभायात्रा का मिलान एवं समापन कार्यक्रम होगा। बैठक में सरहुल पूजा को लेकर पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष दर्शन गंझू, कार्यकारी अध्यक्ष मिथलेश टूडू, रितिका भोगता, संतोष उरांव, देवकुमार बेदिया, अखिलेश टोप्पो, सामु मुंडा, राज करमाली, संजय लिंडा, विनोद बेदिया, तारनी बेदिया, रेणुका खलखो, जोसफिन डिक्रूज, ज्योति लकड़ा, रवि उरांव, राजेंद्र मुंडा, मारगेट खलखो, रावेल एक्का, सूरेश रजवार, शामिल हैं। मौके पर प्रेमी सलोनी तिर्की, अनिता देवी, गोविंद बड़ाईक, अविनाश कच्छप, सुरेश मुंडा, मिंटू मुंडा, संदीप लकड़ा, मीना देवी, देवलाल पाहन, विजय मुंडा मौजूद थे।

## छात्र-छात्रों को मिली निःशुल्क आईटी ट्रेनिंग

बरकट्ठा। बाजार रोड स्थित साई कॉम्लेक्स में संचालित जन जन कम्प्यूटर साक्षरता अभियान बरकट्ठा में 180 छात्र छात्राओं को कम्प्यूटर आईटी का प्रशिक्षण और प्रमाण पत्र दिया गया। संस्था के निदेशक दिलीप कुमार नायक के मुताबिक +2 उच्च विद्यालय बरकट्ठा के छात्र छात्राओं को 10 दिनों तक लगातार प्रतिदिन 8 घंटे की आईटी ट्रेनिंग दी गई जिसमें कंप्यूटर का महत्व, डिजिटल इंडिया, साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन कार्य,सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर की जानकारी शामिल है। वहीं कम्प्यूटर शिक्षिका स्नेहा बर्नवाल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को कम्प्यूटर का ज्ञान संस्था के द्वारा बारीकी से दी जा रही है। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में भी कम्प्यूटर का सही जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति कंप्यूटर सेंटर में मार्च सेशन में फ्री नामांकन लिया जा रहा है। साथ ही असहाय ग्रामीण छात्र छात्राओं को बहुत कम फीस में यह शिक्षा दी जाएगी।

# सीसीएल कॉलोनी में घर का ताला तोड़कर जेवरात की चोरी,मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**



**भुरकुंडा।** भुरकुंडा थाना क्षेत्र के पटेलनगर सीसीएल कॉलोनी में बंद पड़े एक घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात की चोरी कर ली।भुरकुंडा थाना में चोरी का मामला दर्ज कराया गया। जानकारी के अनुसार पटेलनगर निवासी संतोष मिश्रा अपने परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने अपने पैतृक गांव बलिया यूपी गए थे। बुधवार रात जब वे वापस भुरकुंडा स्थित अपने घर लौटे तो मुख्य दरवाजे पर लगा ताला नहीं खुला। काफी प्रयास के बाद भी ताला नहीं खुलने पर उन्होंने हथौड़ी से ताला तोड़ा और अंदर प्रवेश किया।

कमरे में घुसते ही वे सन्न रह गए। अलमारी खुली हुई थी और सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद उन्होंने आसपास के लोगों को सूचना दी। गृहस्वामी संतोष मिश्रा ने बताया कि अलमारी में रखे पुराने समय के चांदी के चार जोड़ी बेरा, दो हसली, एक चांदी की चेन, कान की बाली और एक सोने की चेन गायब हैं। चोरी गए जेवरात की अनुमानित कीमत करीब 4 से 5 लाख रुपए बताई जा रही है।

उन्होंने बताया कि चोरों ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और वारदात को अंजाम देने के बाद घर के अंदर रखा दूसरा ताला गेट पर लगा दिया। इसी वजह से उन्हें ताला तोड़ना पड़ा और तब घटना का खुलासा हुआ। चोरी की सूचना मिलते ही भुरकुंडा थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने गृहस्वामी से पूछताछ की और आसपास के लोगों से भी जानकारी ली। भुरकुंडा पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि घर बंद कर बाहर जाने से पहले संबंधित थाना को इसकी सूचना अवश्य दें, ताकि गश्ती के दौरान पुलिस बंद घरों पर विशेष नजर रख सके। पुलिस का कहना है कि बार-बार अपील के बावजूद लोग सूचना नहीं देते। जिससे चोरी जैसी घटनाएं हो जाती हैं।

## शिव मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का हुआ शुभारंभ

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गोरहर पंचायत स्थित रंगीनियां शिव मंदिर में जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया।वहीं इस कार्य के पश्चात आसपास का क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। गुरुवार को मंदिर परिसर में भव्य भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जहां भगवान भोलेनाथ के गीतों पर लोग जमकर थिरके।कार्यक्रम के दौरान "हर-हर महादेव" और "बम-बम भोले" के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिरस में डूबा रहा। गोरहर पंचायत के विभिन्न टोले से बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं का मानना है कि भजन-कीर्तन से मन को शांति मिलती है और जीवन के कष्टों से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।इस अवसर पर स्थानीय गायिका बिमला देवी ने अपने मधुर स्वर में पारंपरिक एवं नवीन भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गले लगाकर शुभकामनाएं दीं तथा रंग-बिरंगे गमछे और माला पहनाकर आपसी सौहार्द का परिचय दिया।वहीं उपस्थित लोगों ने मंदिर के पूर्व निर्वाण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने की कामना की तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति के लिए भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की।

# भाजपा समर्थित उम्मीदवार प्रिया कुमारी ने किया जनसंपर्क



**रामगढ़** । भाजपा समर्थित उम्मीदवार प्रिया कुमारी गुरुवार को भाजपा के पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे का मार्गदर्शन लेते हेतु सभी कार्यकर्ताओं के साथ होटल पार्वती पहुंचकर मुलाकात की। क्षेत्र में भ्रमण कर प्रिया कुमारी ने लोगों से समर्थन मांगा । पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे से मिलने के बाद प्रिया कुमारी ने कुरूम, चाहा, कांकेबार का दौरा कर लोगों से समर्थन मांगा। उन्होंने क्षेत्र के विकास का भी वादा किया और कहा कि मैं लोगों को हर योजनाओं का लाभ पहुंचाऊगी और उसकी जानकारी दूंगी। जब क्षेत्र का विकास नहीं होगा तब तक लोगों की जिंदगी की पटरी सही रूप में लाइन पर नहीं आएगी। जिन्हे वृद्धा पेंशन नहीं मिल पा रहा है उसे लाभ् मिलेगा। इसके बाद दिगवार में जनसभा किया। भाजपा समर्थित रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष प्रत्याशी प्रिया कुमारी ने बिस्किट छाप, क्रम संख्या 6 पर लोगों से मतदान कर विजय बनाने की अपील की। मौके पर रामगढ़ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रूपा देवी, सांसद प्रतिनिधि दिलीप सिंह, रंजन फौजी, जगदीश शर्मा, मनोज गिरी, विनोद गिरी सहित कई कार्यकर्ता मौजूदा थे ।

### रामनवमी पर्व को लेकर उपायुक्त ने की बैठक, बोले-

# पर्व पर गरिमा बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी

**नवीन मेल संवाददाता**




**हजारीबाग।** रामनवमी पर्व 2026 की प्रारंभिक प्रशासनिक तैयारियों के मद्देनजर आज 19 फरवरी को उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, उप विकास आयुक्त रिया सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी आदित्य पांडेय, प्रशिक्षु आईएएस आनंद शर्मा, एसडीपीओ अमित कुमार व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में पूर्व में आयोजित रामनवमी समारोहों से प्राप्त अनुभवों के आधार पर आवश्यक तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी देशभर में अपनी भव्यता के लिए विख्यात है तथा इसकी गरिमा बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। भड़काऊ एवं उद्वेलित करने वाले गीतों तथा डीजे के उपयोग से पर्व की गरिमा प्रभावित होती है।

इसलिए पारंपरिक ताशा पार्टी के प्रयोग को बढ़ावा दिया जाए। उपायुक्त ने इस वर्ष रामनवमी को नशामुक्त एवं पारंपरिक स्वरूप में मनाने हेतु विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## प्लेसमेंट को लेकर करीब दो दर्जन छात्राओं का इंटरव्यू

बरही। डिजिटल गर्ल्स हब परियोजना के तहत हजारीबाग रोड स्थित कंप्यूटर एजुकेशन में प्लेसमेंट को लेकर स्टेज वन के तहत प्री-साक्षात्कार (इंटरव्यू ब्रीफ) का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब दो दर्जन छात्राओं का इंटरव्यू लिया गया। साक्षात्कार दिल्ली से आए डीजीएच के प्लेसमेंट पार्टनर केशव मिश्रा द्वारा लिया गया। छात्राओं के बायोडाटा की जांच की तथा पर्सनल इंटरेक्शन के माध्यम से जॉब नेचर, रुचि, योग्यता एवं पूर्व अनुभव से संबंधित जानकारी प्राप्त की। स्टेज–वन में चयनित छात्राओं को 2 मार्च को हजारीबाग में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल कराया जाएगा, जहां विभिन्न कंपनियों द्वारा अंतिम साक्षात्कार के बाद नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस ड्राइव में डाटा एंट्री ऑपरेटर, नर्सिंग, टेली-कॉलर, कस्टमर सर्विस एग्जीक्यूटिव, कंप्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य पदों के लिए साक्षात्कार लिए जाएंगे। इंटरव्यू ब्रीफिंग यूनिसेफ के सहयोग से कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) द्वारा आयोजित किया गया है। परियोजना के तहत 18 से 29 वर्ष की विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं को ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। बरही में एसआरसी रामनरायण यादव मेमोरियल कॉलेज बरही एवं सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन को प्रशिक्षण केंद्र बनाया गया है।

## सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास के लिए प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी

**हजारीबाग।** हजारीबाग के 205 सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध है, लेकिन प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी और बिजली की अनियमितता के कारण इसका पूरा लाभ छात्रों को नहीं मिल रहा है। हजारीबाग जिला प्रतिनिधि जिले के 205 सरकारी स्कूलों में आधुनिक शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए स्मार्ट क्लास तथा 62 स्कूलों में आइसीटी स्मार्ट क्लास की सुविधा दी गई है।

बावजूद इसके इसका पूरा लाभ छात्रों को नहीं मिल पा रहा हैं। स्कूलों में इंटरैक्टिव व्हाइटबोर्ड, डिजिटल प्रोजेक्टर और मल्टीमीडिया सामग्री तो उपलब्ध है किंतु उन्हें संचालित करने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षित शिक्षक नहीं हैं।

## न्यूज बॉक्स

### विधायक ने सदन में उठाया पुराने कोल्ड स्टोर को चालू करने और गोला में नए के निर्माण का मुद्दा



**रामगढ़।** रामगढ़ विधायक ममता देवी ने विधानसभा के सदन में तारांकित प्रश्न के माध्यम से किसानों के हित से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। उन्होंने चित्तरपुर प्रखंड के मरंगमरचा स्थित बंद पड़े कोल्ड स्टोर को अविलंब चालू करने तथा गोला प्रखंड में नए कोल्ड स्टोर के निर्माण की मांग की। विधायक ममता देवी ने सदन में कहा कि रामगढ़ जिले के किसान सब्जी, फल एवं अन्य कृषि उत्पादों का उत्पादन तो कर रहे हैं, लेकिन कोल्ड स्टोरेज की सुविधा के अभाव में उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल पाता। मरंगमरचा स्थित कोल्ड स्टोर लंबे समय से बंद पड़ा है, जिसके कारण किसानों को मजबूरी में अपनी उपज औने-पौने दामों पर बेचनी पड़ती है। उन्होंने यह भी कहा कि गोला प्रखंड एक प्रमुख कृषि क्षेत्र है, जहां बड़ी संख्या में किसान सब्जी एवं अन्य फसलों की खेती करते हैं। यदि वहां कोल्ड स्टोर का निर्माण किया जाए, तो किसानों को अपनी उपज सुरक्षित रखने, बाजार तक सही समय पर पहुंचाने और बेहतर दाम प्राप्त करने में मदद मिलेगी। विधायक ने सरकार से मांग की कि मरंगमरचा कोल्ड स्टोर को शीघ्र चालू किया जाए और गोला प्रखंड में नए कोल्ड स्टोर के निर्माण हेतु आवश्यक बजट एवं स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके और कृषि को बढ़ावा मिल सके।

### इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ ने प्लास्टिक कलेक्शन ड्राइव का आयोजन



**रामगढ़।** इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए प्लास्टिक कलेक्शन ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान के अंतर्गत क्लब सदस्यों ने बड़ी मात्रा में प्लास्टिक एकत्रित कर उसे पॉलीथिन डोनेट मिशन को सौंपा, जिसके बदले पौधे प्राप्त किए गए। यह संस्था कई वर्षों से रामगढ़ में प्लास्टिक संग्रह एवं उसके पुनर्चक्रण का कार्य कर रही है तथा लोगों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित कर रही है। क्लब सदस्यों के सतत प्रयासों और विभिन्न रेस्टोरेंट्स के सहयोग से पिछले कुछ महीनों में प्लास्टिक संग्रहित किया गया। इस पहल का उद्देश्य जिम्मेदार प्लास्टिक निस्तारण के प्रति जागरूकता फैलाना और समुदाय में रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देना है। यह अभियान स्वच्छ, हरित और स्वस्थ पर्यावरण के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष नमिता श्रॉफ ने सभी से अपील की कि वे सिंगल-यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करें और पर्यावरण संरक्षण के ऐसे प्रयासों से जुड़ें। क्लब भविष्य में भी इसी प्रकार के जागरूकता अभियानों एवं वृक्षारोपण कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर रेणु मेवाड़,जेनेशा वडेरा, मेघा बगड़िया, नीरु साहनी, अनुराधा श्रॉफ, पिंकी पोद्दार,रंजू अग्रवाल, रंजू अरोरा, जसमीत सोनी , गुरबक्श कौर, राजिन्दर कालरा आदि मौजूद थे।

### अनिता कुमारी मुंडा के समर्थन में आज डुमरी विधायक जनसंपर्क अभियान में शामिल होंगे



**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) समर्थित नगर परिषद अध्यक्ष पद की उम्मीदवार अनिता कुमारी मुंडा के पक्ष में जनसंपर्क अभियान में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम महतो 20 फरवरी को चुनाव प्रचार-प्रसार में हिस्सा लेकर मतदाताओं से समर्थन की अपील करेंगे। केंद्रीय उपाध्यक्ष रवि कुमार महतो ने बताया कि इस अभियान में पार्टी के वरीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सक्रिय रूप से मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि अनिता कुमारी मुंडा नगर परिषद अध्यक्ष पद की प्रत्याशी हैं। रवि महतो ने बताया कि अनिता कुमारी मुंडा शिक्षित हैं और चुनाव प्रचार के दौरान वे मतदाताओं से सहजता से मिलकर अपने मुद्दों को प्रभावी ढंग से रख रही हैं। पार्टी को विश्वास है कि उन्हें जनता का व्यापक समर्थन प्राप्त होगा।

### मतदान की तिथि करीब आने के साथ प्रत्याशियों ने तेज किया चुनाव प्रचार



**रामगढ़।** नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 की तिथि करीब आने के साथ प्रत्याशियों ने अपना चुनाव अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में 19 फरवरी को रामगढ़ नगर परिषद के वार्ड नंबर 32 के पार्षद प्रत्याशी संतोष मुंडा उर्फ मुटारी ने वार्ड नंबर 32 में जोरदार जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने चाहा, कुरूम व छत्तर मांडू में घर घर जाकर मतदाताओं से मिलकर उनसे क्रम संख्या 5 साइकिल पंप छाप पर मुहर लगाकर विजय अनाने की अपील किया। उन्होंने लोगों से वादा किया कि यदि मैं चुनाव में जीता तो वार्ड नंबर 32 की समस्याओं को दूर कर पूरे नगर परिषद क्षेत्र में वार्ड नंबर 32 को पहले पायदान पर लाने का कार्य करूंगा। उन्होंने लोगों से अपने पक्ष में मतदान का अनुरोध किया।

### डिवाइन पब्लिक स्कूल के छात्रों का जेईई मेंस में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल, गंगपाचो के विद्यार्थियों ने इस वर्ष आयोजित जेईई मेन्स परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, क्षेत्र एवं अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया है। यह विद्यालय केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) से +2 तक मान्यता प्राप्त है। विद्यालय के मेधावी छात्र रौशन कुमार ने 98.25 पर्सेंटाइल प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। वहीं विद्यालय के अन्य प्रतिभाशाली छात्र पवन कुमार ने 94.79 पर्सेंटाइल तथा पृथ्वी कुमार ने 86.69 पर्सेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत,अनुशासन,शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय परिवार में खुशी एवं उत्साह का माहौल है।

विद्यालय निदेशक डॉ. आई. पी. भारती ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं विद्यालय के प्राचार्य सायन मुखर्जी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है तथा भविष्य में भी विद्यार्थी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे। इस अवसर पर शिक्षकों में रामनन्दन कुमार, मुरलीधर महतो, कुलदीप पासवान, रवि कुमार सहित अन्य शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की है कि ये विद्यार्थी भविष्य में भी विद्यालय एवं देश का नाम रोशन करेंगे। जो विद्यार्थी अपनी लगत और मेहतन से पढ़ाई में ध्यान देंगे वह हमेशा अच्छे नंबर और बेहतर करें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में एक लक्ष्य लेकर चलना चाहिए कि आगे हम क्या करेंगे और हमारी पढ़ाई कैसी होनी चाहिए। कुछ बच्चे ऐसे भी जो पढ़ाई का एक लक्ष्य लेकर चलते हैं और वह आगे कामयाब भी होते हैं।

### नगरपालिका चुनाव 2026 को लेकर बीएलओ व पर्यवेक्षकों की बैठक

# मतदान केंद्रों पर सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में नगरपालिका आम चुनाव 2026 के सफल संचालन को लेकर बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने मतदान दिवस से पूर्व एवं मतदान दिवस के दिन बीएलओ की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए शत-प्रतिशत दायित्व निर्वहन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर पोलिंग पार्टी को हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाए तथा न्यूनतम सुनिश्चित सुविधाएं बहाल रहें। उन्होंने स्वच्छ पेयजल, छाया, महिला एवं पुरुष शौचालय, दिव्यांगजनों के लिए रैम्प, समुचित प्रकाश व्यवस्था, हेल्प डेस्क, सूचना पट्ट एवं प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।दिव्यांग मतदाताओं, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों एवं वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर मतदान कराने का निर्देश दिया गया। किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल प्रखंड विकास पदाधिकारी को सूचना देने को कहा गया।मतदाता पर्ची वितरण में पारदर्शिता बरतते हुए शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने, पर्ची केवल संबंधित परिवार को ही देने तथा थोक वितरण से बचने के निर्देश दिए गए। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रेनियर खालखो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नगरपालिका चुनाव की तैयारियों का डीसी ने किया निरीक्षण

**सिमडेगा।** नगर पालिका आम चुनाव 2026 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त कंचन सिंह ने चुनावी तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान प्रक्रिया को सुचारु एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से पोलिंग पार्टियों को उपलब्ध कराई जा रही सामग्री एवं आवश्यक प्रपत्रों की विस्तृत समीक्षा की।उपायुक्त ने स्वयं एक मतदान केंद्र के लिए तैयार की गई सामग्री का मिलान किया। चेकलिस्ट के माध्यम से एक-एक सामग्री की जांच कर यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी आवश्यक वस्तु छूट न जाए। उन्होंने सामग्री कोषांग में कार्यरत पदाधिकारियों एवं कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि नगर क्षेत्र के 37 मतदान केंद्रों के लिए सभी आवश्यक सामग्री समय पर और पूर्ण रूप से पोलिंग पार्टियों को उपलब्ध कराई जाए।उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कमी या त्रुटि से मतदान कार्य प्रभावित नहीं होना चाहिए तथा मतदान कर्मियों को किसी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। सभी सामग्रियों का पुनः सत्यापन कर व्यवस्थित ढंग से वितरण सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

### एसपी ने मतदान केंद्रों व स्ट्रॉन्ग रूम का किया निरीक्षण

**सिमडेगा।** आगामी नगरपालिका निर्वाचन-2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस. खोटरे ने जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों एवं स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को



आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति, पुलिस पदाधिकारियों के ठहराव की व्यवस्था तथा संवेदनशील एवं अति संवेदनशील केंद्रों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर बल दिया कि मतदान के दिन विधि-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रहे और मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के क्रम में स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का भी बारीकी से अवलोकन किया गया तथा वहां तैनात सुरक्षा बलों को सतर्क एवं जिम्मेदार रहने का निर्देश दिया गया।मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति एवं आवागमन की व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने तथा लगातार निगरानी रखने को कहा।निरीक्षण के दौरान वरीय पुलिस उपाधीक्षक, अंचल पुलिस निरीक्षक, सार्जेंट मेजर, थाना प्रभारी सिमडेगा एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। पुलिस प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि नगरपालिका चुनाव को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए जा रहे हैं।

## डीसी ने लगाया जनता दरबार, विभिन्न समस्याओं के समाधान के दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह ने जिला मुख्यालय में जनता दरबार का आयोजन कर आमजनों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने प्रत्येक आवेदक की शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन के लिए अग्रसारित करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों पर समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जरूरतमंदों को शीघ्र राहत मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर उनका शीघ्र निष्पादन किया जाए। जनता दरबार में आयुष्मान कार्ड के माध्यम से इलाज की सुविधा दिलाने, रोजगार उपलब्ध कराने, ऑनलाइन दर्ज नामांतरण वाद को निरस्त कराने, खराब सार्वजनिक पेयजल व्यवस्था की मरम्मत, पेंशन स्वीकृति, बिजली बिल एवं मीटर से संबंधित समस्याओं के समाधान, अबुआ आवास योजना की लंबित किस्त भुगतान तथा राशन कार्ड योजना का लाभ दिलाने से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



### नगर परिषद चुनाव को लेकर भाजपा की रणनीतिक बैठक

## संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने पर जोर

नवीन मेल संवाददाता


**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह प्रवक्ता अशोक बड़ाईक ने नगर परिषद चुनाव को लेकर चुनाव संचालन समिति के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में भाजपा समर्थित प्रत्याशी रामविलास बड़ाईक के पक्ष में व्यापक रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई तथा चुनावी अभियान को और धार देने का निर्णय लिया गया।

बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने, डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान तेज करने तथा मतदाताओं तक केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों और स्थानीय विकास के संकल्प को प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। अशोक बड़ाईक ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की वास्तविक ताकत हैं और उनके समर्पण, अनुशासन एवं परिश्रम से ही चुनाव में विजय सुनिश्चित होती है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरने का आह्वान किया।बैठक में चुनाव संचालन समिति के सदस्यों ने अपने-अपने वार्ड एवं क्षेत्रों की तैयारियों की जानकारी दी। आगामी दिनों में विशेष जनसंपर्क अभियान, नुक्कड़ सभाओं तथा प्रमुख वार्डों में संपर्क कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में रामविलास बड़ाईक को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया।बैठक में जिला अध्यक्ष दीपक पुरी, रामविलास बड़ाईक, श्रद्धानंद बेसरा, मुकेश श्रीवास्तव, संजय शर्मा, नगर अध्यक्ष चंदन प्रसून, दिलीप साहू, अनूप केशरी, तुलसी साहू, रवि गुप्ता, नरेंद्र बड़ाईक, अनुप प्रसाद, प्रदीप जायसवाल, पंकज अमित, कृष्णा ठाकुर, करण सिंह, संभु भगत, विद्या बड़ाईक, अनिरुद्ध सिंह, सुषमा मिश्रा, सोनी पैंकरा, पिंकी प्रसाद, रेणु पुरी, पार्वती देवी, नंदिनी दास, हंसा रानी, प्रतिमा देवी, निशा बड़ाईक सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## पोस्ता की अवैध खेती का आरोप, ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग उठाई

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के शाहपुर पंचायत अंतर्गत जितियाटोली गांव में प्रतिबंधित पोस्ता की कथित अवैध खेती किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस प्रशासन की नजर से दूर तस्करों द्वारा तीन से चार एकड़ भूमि पर पोस्ता की खेती की जा रही है। बताया जा रहा है कि यह खेती गांव के ही एक किसान की जमीन पर की गई है।ग्रामीणों के अनुसार उन्हें प्रारंभ में बताया गया कि खेत में फूल की खेती की जा रही है, जिसके कारण किसी को संदेह नहीं हुआ। बाद में जानकारी मिली कि यह प्रतिबंधित पोस्ता की फसल हो सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि उन्हें पहले से इसकी जानकारी होती तो वे गांव में इस प्रकार की फसल नहीं लगाने देते।आरोप है कि खेती स्थल को चारों ओर से कंटीले तार और बोरे से घेर दिया गया है, ताकि बाहरी लोगों की नजर न पड़े और गतिविधि गोपनीय बनी रहे। इतनी बड़े पैमाने पर पोस्ता की खेती किए जाने की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है।ग्रामीणों ने दावा किया कि इस संबंध में स्थानीय प्रशासन को सूचना दी गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। हालांकि प्रशासन की ओर से इस मामले में आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।ग्रामीणों ने अवैध खेती में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि गांव को भ्रमित कर इस तरह की गतिविधि को अंजाम दिया गया है, जिससे क्षेत्र की छवि भी प्रभावित हो रही है।



# विस में वृद्धा, विधवा और दिव्यांग पेंशन की समस्याओं को लेकर विधायक ने उठाई मांग

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा सत्र में वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन योजना में पारदर्शिता बढ़ाने और लाभुकों की समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। उन्होंने तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार से पूछा कि क्या सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र में हजारों पेंशनधारियों को समय पर राशि नहीं मिलने की शिकायतें मिल रही हैं।सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से दिए गए जवाब में कहा गया कि जिले में सामान्यतः प्रत्येक माह की 10 तारीख तक पेंशन का भुगतान कर दिया जाता है। मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना के तहत दिसंबर 2025 तक का भुगतान पूर्ण कर लिया गया है तथा मार्च 2026 के भुगतान के लिए राशि उपलब्ध करा दी गई है। वहीं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन योजना के अंतर्गत अक्टूबर 2025 तक की राशि का भुगतान किया जा चुका है।सरकार ने लंबित आवेदनों की संख्या अधिक होने से इनकार किया और कहा कि आवेदन नियमानुसार जांच के बाद स्वीकृत किए जाते हैं। हालांकि विधायक ने क्षेत्र में आवेदन की स्थिति और नाम हटाए जाने की शिकायतों को गंभीर बताते हुए पेंशन व्यवस्था में अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### विस में नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने उठाई ऑनलाइन दस्तावेजीकरण व मुआवजे की मांग

**सिमडेगा।** झारखंड विधानसभा के शून्यकाल में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने जल, जंगल, जमीन एवं पहाड़ी क्षेत्रों में निवास करने वाले आदिवासियों के अधिकारों से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वर्षों पुरानी पेशा कानून नियमावली को मंजूरी दे दी है, लेकिन अधिकारों के निपटारे के लिए विलेज नोट की आवश्यकता पड़ेगी। वर्तमान समय में दस्तावेजों का सुव्यवस्थित रख-रखाव सुनिश्चित करने हेतु ऑनलाइन दस्तावेजीकरण व्यवस्था लागू करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से इस दिशा में पहल करने की मांग की।

### विधानसभा में गूंजा गांवों में मवेशियों के टीकाकरण का मुद्दा, विधायक भूषण बाड़ा ने उठाए सवाल

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा सत्र में तारांकित प्रश्न के माध्यम से जिले की पशु चिकित्सा सेवाओं और मवेशियों के टीकाकरण से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या सिमडेगा जिला कृषि और पशुपालन पर निर्भर है। सरकार ने अपने जवाब में स्वीकार किया कि जिले की आर्थिक रीढ़ आज भी कृषि एवं पशुपालन है। विधायक ने पशुओं के टीकाकरण, पशु चिकित्सकों की उपलब्धता तथा पशुपालकों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण की स्थिति पर भी जानकारी मांगी। सरकार ने बताया कि जिले में एआई वर्कर और पेरावेट के माध्यम से टीकाकरण कराया जा रहा है।

### अपराध नियंत्रण को लेकर एसपी ने की समीक्षा

## होली व नगरपालिका चुनाव के मद्देनजर विशेष सतर्कता के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** पुलिस अधीक्षक सिमडेगा की अध्यक्षता में बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में अपराध गोष्ठी तथा पुलिस सभा का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के सभी थानों में माह फरवरी के दौरान दर्ज एवं निष्पादित कांडों की विस्तृत समीक्षा की गई। कांडों के शीघ्र निष्पादन और उद्भेदन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।पुलिस अधीक्षक ने गंभीर प्रकृति के कांडों, विशेषकर पोक्सो, एससी-एसटी, अपहरण एवं दुष्कर्म से संबंधित मामलों में ससमय प्राथमिकी दर्ज करने और 60 से 90 दिनों के भीतर अनुसंधान पूर्ण कर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान, लंबित वारंटों के त्वरित निष्पादन तथा गवाहों की समय पर न्यायालय में उपस्थिति सुनिश्चित कराने पर जोर दिया। अपराध नियंत्रण के दृष्टिकोण से रोड फेसिंग सीसीटीवी कैमरों के अधिष्ठापन, सक्रिय अपराधकर्मियों एवं नक्सलियों के सत्यापन, जमानतदारों की जांच तथा संपत्ति मूलक अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिए गए। अवैध शराब, नशाखोरी और आड़ेबाजी के विरुद्ध निरंतर छापामारी अभियान चलाने को कहा गया। बैठक में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सघन वाहन जांच अभियान चलाने तथा एमवीआई एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।



### खबर का असर — बाइक से दुर्गम रास्ता तय कर बीडीओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

# डोंगी झरिया के जंगल में पहली बार पहुंचा प्रशासन

- **खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन का पहला निरीक्षण, ग्रामीणों में उम्मीद**
- **बीडीओ ने ग्रामसभा कर प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया**

नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** प्रखंड के टीनगिना पंचायत स्थित सुदूरवर्ती डोंगी झरिया गांव में विकास से जुड़ी मूलभूत समस्याओं को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद आखिरकार प्रशासनिक टीम गांव तक पहुंची। पहली बार प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार कनीय अभियंता अर्नेस्ट लकड़ा, अंचल निरीक्षक उमेश कुमार और स्थानीय मुखिया कल्याण गुड़िया के साथ बाइक से दुर्गम कच्चे रास्ते पार कर गांव पहुंचे और ग्रामीणों के साथ बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं। घने जंगलों और पहाड़ियों के बीच बसे इस गांव में करीब 30 परिवारों की लगभग 100 की आबादी रहती है। अब तक यहां न पक्की सड़क थी, न पेयजल की समुचित व्यवस्था और न ही मोबाइल नेटवर्क की सुविधा। ग्रामीणों को बीमार होने पर मरीज को खाट पर लादकर कई किलोमीटर पैदल मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता था। खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन का यह पहला दौरा माना जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में उम्मीद जगी है। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने पाया कि गांव तक जाने का रास्ता पूरी तरह कच्चा है, जिससे बरसात में संपर्क टूट जाता है। मोबाइल नेटवर्क नहीं होने से आपात स्थिति में संपर्क करना बेहद मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि एएनएम और सहिया समय-समय पर गांव पहुंचती हैं और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेती हैं, लेकिन आपातकालीन सुविधा उपलब्ध नहीं है। बीडीओ ने ग्रामीणों को जल्द ग्रामसभा आयोजित करने का निर्देश देते हुए कहा कि सड़क, पेयजल, सिंचाई, नेटवर्क और अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित प्रस्ताव प्रखंड कार्यालय भेजें, ताकि योजनाबद्ध तरीके से समाधान किया जा सके। उन्होंने गांव के अभियान विद्यालय का भी निरीक्षण किया, जहां शिक्षक और छात्र उपस्थित मिले। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि गांव में बिजली पहुंच चुकी है, जिससे सिंचाई में कुछ सहूलियत हो रही है। मनरेगा के तहत पूर्व में बने कुएं से लगभग डेढ़ एकड़ जमीन में सब्जी की खेती हो रही है। ग्रामीण बकरी पालन और गर्मा धान की खेती भी कर रहे हैं, लेकिन पेयजल के लिए आज भी झरिया और चुवां पर निर्भरता बनी हुई है। ग्रामीणों ने कहा कि पहली बार कोई अधिकारी उनके बीच आकर जमीन पर बैठा और उनकी बात सुनी है। अब लोगों की नजर इस बात पर टिकी है कि खबर के असर से शुरू हुई यह पहल कब तक सड़क, चापाकल, स्वास्थ्य सुविधा और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी जरूरतों को जमीन पर उतार पाती है।



## न्यूज बॉक्स

### भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने जारी किया घोषणा पत्र, रामविलास के समर्थन में प्रेस कांफ्रेंस



**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह प्रवक्ता अशोक बड़ाईक ने गुरुवार को सिमडेगा में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा समर्थित प्रत्याशी रामविलास बड़ाईक के पक्ष में चुनावी घोषणा पत्र जारी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर विकास, पारदर्शी प्रशासन और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार भाजपा की सर्वोच्च प्राथमिकता है।अशोक बड़ाईक ने कहा कि पार्टी का संकल्प पत्र नगर परिषद क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं और जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। प्रेस कांफ्रेंस में चुनाव चिन्ह के पक्ष में मतदान करने की अपील भी की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दीपक पुरी, प्रत्याशी रामविलास बड़ाईक, महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव, श्रद्धानंद बेसरा, मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता, अनूप केशरी, तुलसी साहू, नरेंद्र बड़ाईक, नगर अध्यक्ष चंदन प्रसून, सुजान मुंडा, सोशल मीडिया प्रभारी कृष्णा ठाकुर, करण सिंह, दिलीप साहू, प्रदीप जायसवाल सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दिव्यांग बच्चों के लिए वातावरण अनुकूलन कार्यक्रम, पेंटिंग-गायन-नृत्य में दिखी प्रतिभा

**जलडेगा।** प्रखंड संसाधन केंद्र में समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत वातावरण अनुकूलन निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में नामांकित दिव्यांग बच्चों के साथ उनके अभिभावक और संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन कुमार गोस्वामी ने दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने, उन्हें समान अवसर देने तथा विद्यालय स्तर पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि समावेशी शिक्षा का उद्देश्य हर बच्चे को उसकी आवश्यकता के अनुसार सहयोग देकर शिक्षा से जोड़ना है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के बीच पेंटिंग, गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जमीला लुगुन (संत जेवियर विद्यालय, जलडेगा), साहिल हीरो (राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, तिलाईजरा) तथा भजन प्रधान (राजकीयकृत मध्य विद्यालय, लमडेगा) को प्राप्त हुआ। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रिसोर्स शिक्षक रोहित कुमार पटेल (टाटा सिन्नी), जिला समन्वयक इम्तियाज अंसारी, मांगा मुंडा, शेखर महतो, शिक्षक पार्वती कुमारी, मनोज गुप्ता, अमित कुमार दास, किशोर सिंह, संकुल साधन सेवी भगवती प्रसाद सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मी उपस्थित थे।

### फरार हत्यारोपी के घर चिपका इस्तेहार, कोलेबिरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**कोलेबिरा।** तमिलनाडु के कोयंबटूर में वर्ष 2011 में दर्ज हत्या के एक मामले में फरार चल रहे अभियुक्त के विरुद्ध कोलेबिरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पीलमेडु (B6) पुलिस स्टेशन, कोयंबटूर के कांड संख्या 944/2011, धारा 302 भादवि के तहत नामजद अभियुक्त घनश्याम लोहारा के खिलाफ कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया से पूर्व न्यायालय के आदेश पर इस्तेहार चिपकाया गया। कोलेबिरा थाना क्षेत्र के कोम्बाकेरा (लसित) गांव स्थित अभियुक्त के आवास पर पुलिस अवर निरीक्षक नवीन कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल पहुंचा। न्यायालय के निर्देशानुसार घनश्याम लोहारा (पिता राम लोहार) के घर पर विधिवत इस्तेहार चिपकाया गया। कार्रवाई अभियुक्त के माता-पिता एवं स्थानीय स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में पूरी की गई।मुनादी कर ग्रामीणों को सूचित किया गया कि यदि अभियुक्त निर्धारित समय सीमा के भीतर न्यायालय अथवा संबंधित थाने में आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो उसके विरुद्ध कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।पुलिस अवर निरीक्षक नवीन कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई तमिलनाडु के पीलमेडु विधि एवं व्यवस्था (B6) थाना के समन्वय से की गई है।



### हिन्दू महा सम्मेलन आयोजित, वक्ताओं ने संगठन व सांस्कृतिक जागरूकता पर दिया जोर

**बानो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मॉडल डिग्री कॉलेज के समीप मैदान में विराट हिन्दू महा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् के साथ हुआ। आमंत्रित अतिथियों का चंदन तिलक एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि स्वयंसेवक के प्रदेश महामंत्री सकल देव चौरसिया ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत की आजादी में क्रांतिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने समाज को संगठित और सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अपने घरों में धार्मिक प्रतीकों का सम्मान करें तथा परिवार और समाज के बीच सांस्कृतिक मूल्यों की जानकारी साझा करें। शिक्षा व्यवस्था में भारतीय इतिहास और परंपराओं के समुचित समावेश की आवश्यकता पर भी उन्होंने बल दिया।वाणी कुमार रॉय ने कहा कि भारत मातृभूमि और देवभूमि है तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का उल्लेख करते हुए इसे सांस्कृतिक धरोहर बताया। विश्वनाथ बड़ाईक और संजय वर्मा ने सामाजिक एकता और जागरूकता पर जोर दिया।

### आदिवासी एकतामंच की बैठक, 28 को आदिवासी जागरूकता महाधिवेशन का निर्णय

**बानो।** आदिवासी एकतामंच बानो की बैठक अध्यक्ष आनंद मसीह तोपनो की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 28 फरवरी 2026, शनिवार को प्रस्तावित आदिवासी जागरूकता महाधिवेशन के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तैयारियों पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया।बैठक में निर्णय लिया गया कि महाधिवेशन की तैयारियों की समीक्षा एवं अंतिम रूप देने के लिए 23 फरवरी 2026, सोमवार को पुनः बैठक आयोजित की जाएगी। मंच की ओर से सभी सदस्यों एवं समाज के लोगों से अपील की गई कि वे आगामी बैठक में भारी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करें। बैठक में अध्यक्ष आनंद मसीह तोपनो, उपाध्यक्ष सुधीर लुगुन, सचिव अनूप मिंज, उपसचिव जगदीश बागे, कोषाध्यक्ष प्रमोद लुगुन, सी.एस. जड़िया, नमलेन जड़िया, मनोरंजनी लुगुन, अनिता बोदरा, कोमल जोजो, निर्दोष सुरिन, सुसाना तोपनो सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### बानो प्रखंड के मॉडल स्कूल कोनसोदे में नामांकन शुरू, अंतिम तिथि 21 फरवरी

**बानो।** झारखंड अधिविद्य परिषद से संबद्ध बानो प्रखंड के मॉडल स्कूल कोनसोदे में नए शैक्षणिक सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।इच्छुक छात्र-छात्राएं निर्धारित तिथि के भीतर आवेदन कर सकते हैं।विद्यालय प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नामांकन की अंतिम तिथि 21 फरवरी निर्धारित की गई है। पांचवीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र तथा वर्तमान में कक्षा छः में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं प्रवेश के लिए पात्र होंगे। चयन प्रक्रिया पांचवीं कक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर की जाएगी।आयु सीमा के संबंध में बताया गया है कि अभ्यर्थी की आयु 1 अप्रैल 2026 को न्यूनतम 10 वर्ष और अधिकतम 12 वर्ष होनी चाहिए। निर्धारित आयु सीमा से बाहर के अभ्यर्थियों के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।इच्छुक अभ्यर्थी झारखंड अधिविद्य परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थियों को परिषद की वेबसाइट देखने या विद्यालय से संपर्क करने की सलाह दी गई है।विद्यालय प्रबंधन ने अधिक से अधिक योग्य छात्र-छात्राओं से समय पर आवेदन करने की अपील की है, ताकि अंतिम तिथि के बाद किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# हथियार के साथ सात गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम।** सबिना कॉलोनी में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अपराध की योजना बना रहे सात युवकों को हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई गोलमुरी थाना क्षेत्र में की गई। मामले का खुलासा गुरुवार को सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में किया। सिटी एसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सबिना कॉलोनी के एक कमरे में कुछ युवक इकट्ठा होकर किसी बड़ी आपराधिक वारदात की साजिश रच रहे हैं। सूचना मिलते ही एक विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई। पुलिस टीम को देखते ही कमरे में मौजूद युवक भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर सभी को खदेड़कर पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार आरोपितों में सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली डांगुडीह निवासी मो. जीशान उर्फ जीशु (26), बिष्टूपुर धतकीडीह ए ब्लॉक निवासी शेख नुमान (25), धतकीडीह न्यू डीएस फ्लैट निवासी शेख फैज (23), गोलमुरी मुस्लिम बस्ती निवासी मो. चांद शेख (25), गोलमुरी हिंदू लाइन निवासी शुभम कोहली उर्फ अनमोल कोहरी (20), मो. जुनैद रजा (20) तथा सबिना कॉलोनी निवासी परवेज आलम (32) शामिल हैं। तलाशी के दौरान आरोपितों के पास से एक देशी पिस्टल, सात जिंदा गोलियां, एक स्कॉर्पियो वाहन, चापड़, भुजाली, चाकू और 22,500 रुपये नकद बरामद किए गए।

एसपी ने बताया कि बरामद हथियारों का इस्तेमाल किसी बड़ी वारदात में किया जाना था। स्कॉर्पियो वाहन को भी जब्त कर लिया गया है और उसके मालिक की जांच की जा रही है। प्रेसवार्ता में सिटी एसपी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में कुछ अहम सुराग मिले हैं और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आरोपियों का आपराधिक इतिहास क्या रहा है तथा वे किस वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। सभी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## पीएलएफआई के नाम पर लेवी वसूली करने वाला अपराधी गिरफ्तार

खूंटी। प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के नाम पर लेवी वसूली, अवैध हथियार रखने और चोरी की मोटरसाइकिल के उपयोग आपराधिक घटनाओं में करने सहित कई मामलों का वांछित कुख्यात अपराधी अजीम हव्वारी उर्फ हिमांशु(36 ) को पुलिस ने खूंटी से गिरफ्तार कर लिया। वह लियाकत अली लेन खूंटी का रहनेवाला है। इस संबंध में खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक ने गुरुवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में इस कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है, जो पूर्व में नक्सली संगठन से जुड़ा रहा है और वर्तमान में अलग गिरोह बनाकर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा था।

## हाथी के हमले में महिला गंभीर रूप से घायल

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के गुड़ाबांदा प्रखंड अंतर्गत बेनागाड़िया गांव में गुरुवार सुबह लगभग साढ़े छह बजे उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक जंगली हाथी ने 68 वर्षीय चंपा हेंब्रम पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि वृद्धा रोज की तरह घर से बाहर शौच के लिए निकली थीं। इसी दौरान अचानक सामने हाथी आ गया। घबराकर वह भागने लगीं, लेकिन हाथी ने उन्हें पटक दिया, जिससे उनका एक पैर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण तत्काल उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन स्थिति नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें ओडिशा के बारीपादा रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम गांव पहुंची और मामले की जानकारी ली। विभाग की ओर से तात्कालिक सहायता के रूप में 20 हजार रुपये प्रदान किए गए। अधिकारियों ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

# बच्चा चोर की अफवाह में युवक की हुई पिटाई, पुलिस ने बचाई जान

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** बच्चा चोर की अफवाह में एक युवक की ग्रामीणों ने जमकर पिटाई कर दी। मामला कोडरमा-गिरिडीह बॉर्डर के मरकच्चो प्रखंड की पपलो पंचायत के नावाडीह (बेको) गांव का है। जहां एक अनजान युवक गांव में घूमता नजर आया और ग्रामीणों की जब उसपर नजर पड़ी तो ग्रामीणों ने उसे रोककर पूछताछ शुरू की। जब युवक द्वारा कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया तो ग्रामीणों को उसपर शक हुआ और देखते ही देखते वहां ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई और कुछ लोगों ने उसे बच्चा चोर बताकर मारपीट शुरू कर दी। हालांकि मौके पर मौजूद कुछ ग्रामीणों ने युवक की पिटाई का विरोध भी किया, लेकिन भीड़ के आगे उनकी एक नहीं चली। घटना के वक्त कुछ स्थानीय युवकों ने वीडियो बनाकर उसे 'बच्चा चोर' बताते हुए सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

इधर, घटना की सूचना मिलते ही मरकच्चो थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को ग्रामीणों के कब्जे से छुड़ाकर थाने ले गई। पुलिस के अनुसार युवक के शरीर पर मारपीट के निशान हैं। युवक को तत्काल अस्पताल ले जाकर उसका प्राथमिक उपचार कराया गया। थाना प्रभारी नंदकिशोर तिवारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त प्रतीत होता है। पूछताछ में वह अपना नाम और पता स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रहा है। मरकच्चो थाना प्रभारी नंद किशोर तिवारी ने कहा कि राज्य के विभिन्न जिलों में इन दिनों बच्चा चोर गिरोह की अफवाहें तेजी से फैल रही हैं। इस कारण कई जगहों पर निर्दोष लोगों के साथ मारपीट की घटनाएं सामने आ रही हैं। ऐसे में पुलिस लगातार लोगों से अपील कर रही है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत स्थानीय थाने को दें। स्वयं कानून हाथ में न लें।

## डायन बिसाही मामले में पीड़ित परिवार को मिली 25 हजार की सहायता

पश्चिमी सिंहभूम। जिले के कुमारडुंगी प्रखंड में डायन बिसाही के आरोप में महिला और उसके पुत्र की हत्या के मामले में पीड़ित परिवार को त्वरित राहत देते हुए झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने कॉस्ट फंड से 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। झालसा, रांची के कार्यकारी अध्यक्ष सह झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने घटना पर स्वत: संज्ञान लेते हुए जिला प्राधिकार को निर्देश दिया था कि शोक संतप्त परिजनों को तत्काल राहत पहुंचाई जाए। उनके निर्देश के बाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पश्चिमी सिंहभूम के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहम्मद शाकिर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सचिव रवि चौधरी को जल्द कार्रवाई के निर्देश दिया।

### नक्सल विरोधी अभियान में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# पीएलएफआई के नाम पर लेवी वसूली करने वाला कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

- सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की



नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** नक्सल विरोधी अभियान में खूंटी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के नाम पर लेवी वसूली, अवैध हथियार रखने और आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले नामजद अभियुक्त अजीम हव्वारी उर्फ मो। अजीम हब्बारी उर्फ हिमांशु को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ खूंटी थाना कांड संख्या 142/25 (दिनांक 06 जुलाई 2025) दर्ज है, जिसमें बीएनएस की गंभीर धाराओं के साथ-साथ आर्म्स एक्ट और सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त की उम्र करीब 36 वर्ष बताई जा रही है और वह खूंटी शहर का ही निवासी है। पुलिस की जांच में यह बात भी सामने आई है कि आरोपी पूर्व में पीएलएफआई संगठन से सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ था। बाद के वर्षों में उसने अलग गिरोह बनाकर हथियार के बल पर रंगदारी, लूटपाट और दहशत फैलाने की घटनाओं को अंजाम देना शुरू कर दिया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई के नाम पर क्षेत्र में लेवी वसूली की जा रही है और अवैध हथियारों की खरीद-बिक्री का नेटवर्क सक्रिय है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया है कि वह हथियार और गोलियों को कपड़े में छिपाकर बेचता था और संगठन के नाम पर व्यवसायियों और आम लोगों से रंगदारी की मांग करता था। उसका मुख्य उद्देश्य इलाके में भय का माहौल बनाकर अवैध वसूली करना था। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा रहा। उसके खिलाफ पहले से कई संगीन मामले दर्ज हैं, जिनमें लेवी वसूली, लूट, अवैध हथियार रखना और फायरिंग जैसी घटनाएं शामिल हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि उसके गिरोह में और कौन-कौन लोग शामिल हैं, हथियारों की आपूर्ति कहां से होती थी और अब तक कितने लोगों को हथियार बेचे गए हैं।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी, अनुसंधानकर्ता अधिकारी सहित खूंटी थाना के कई पुलिस पदाधिकारी और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। आपराधिक गिरोहों के खिलाफ सख्त अभियान आगे भी जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# उन्नत उद्यानिकी प्रशिक्षण के लिए 40 किसान नोएडा रवाना



नवीन मेल संवाददाता

पूर्वी सिंहभूम। पूर्वी सिंहभूम जिले से गुरुवार को मिशन फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर (एमआईडीएच) योजना के तहत चयनित 40 प्रगतिशील किसानों को पांच दिवसीय उन्नत उद्यानिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए नोएडा रवाना किया गया। किसानों को समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक्त नागेंद्र पासवान ने हरी झंडी दिखाकर बस से रवाना किया। इसके बाद सभी किसान ट्रेन के माध्यम से अपनी आगे की यात्रा पूरी करेंगे।

इस अवसर पर जिला उद्यान पदाधिकारी अनिमा लकड़ा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय बागवानी तकनीकी संस्थान, नोएडा में आयोजित किया जा रहा है, जहां किसानों को आधुनिक और वैज्ञानिक उद्यानिकी पद्धतियों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान उन्नत उत्पादन तकनीक, गुणवत्तायुक्त पौध प्रबंधन, संरक्षित खेती की विधियां, पोस्ट-हार्वेस्ट प्रबंधन तथा कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी प्रदान की जाएगी, ताकि किसान अपने क्षेत्रों में बेहतर उत्पादन के साथ आय में वृद्धि कर सकें। जिला उद्यान पदाधिकारी ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण और एक्सपोजर विजिट से किसानों को नई तकनीकों को समझने और अपनाने का अवसर मिलता है। वैज्ञानिक तरीकों के प्रयोग से न केवल फसल की उत्पादकता बढ़ती है, बल्कि गुणवत्ता में भी सुधार होता है, जिससे बाजार में बेहतर मूल्य प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि जिले के किसानों को आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे।


## जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-उपायुक्त का कार्यालय, खूँटी ( निर्वाचन शाखा )

**आम सूचना**

राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, राँची से प्राप्त अधिसूचना के अनुसार खूँटी जिला अन्तर्गत नगर पंचायत क्षेत्र में दिनांक 23.02.2026 को मतदान की तिथि निर्धारित है।

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची की अधिसूचना संख्या 886 दिनांक 13.02.2026 के द्वारा मतदान के अवसर पर निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेंटस एक्ट, 1881 की धारा –25 के तहत मतदान की तिथि अर्थात दिनांक 23.02.2026 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

अतएव उक्त अधिसूचना के आलोक में खूँटी नगर पंचायत क्षेत्र में अवस्थित सभी सरकारी कार्यालय/सार्वजनिक प्रतिष्ठान दिनांक 23.02.2026 (सोमवार) को बंद रहेंगे।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी(नगरपालिका),
–सह–उपायुक्त खूँटी

PR.NO.373339 Election(25-26):D



## जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)–सह–उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग (निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग)

**–:आदेश:–**

नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 हेतु राज्य निर्वाचन आयोग के निदेशों एवं **''नगरपालिका निर्वाचन 2026 निर्वाचन व्यय के अनुश्रवण हेतु हस्तपुस्तिका''** के अध्याय 16 की कण्डिका 16.4 एवं 16.6 में निहित अनुदेशों के आलोक में अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन के दौरान प्रचार–प्रसार एवं अन्य दैनिक व्यय का संधारित लेखा, परिणाम की घोषणा के 30 दिनों के भीतर दाखिल किया जाना है। निर्वाचन व्ययों का लेखा जमा करने के अंतिम तिथि के एक सप्ताह के भीतर सभी अभ्यर्थियों/निर्वाचन अभिकर्त्ताओं तथा लेखा प्राप्ति से जुड़े कार्मिकों के लिए एक दिवसीय सरलीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम *(Facilitation Training Programme)* आयोजित करने का प्रावधान है। उक्त के आलोक में **सरलीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत् निर्धारित की जाती है:–**

| तिथि | पद | स्थान | समय |
|---|---|---|---|
| 17.03.2026 | महापौर एवं वार्ड पार्षद के सभी अभ्यर्थी (वार्ड संख्या 01 से 18 तक) | समाहरणालय सभागार, हजारीबाग | 11:00 पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराह्न तक |
| | वार्ड पार्षद के सभी अभ्यर्थी (वार्ड संख्या 19 से 36 तक) | समाहरणालय सभागार, हजारीबाग | 01:15 से 03:15 बजे अपराह्न तक |

**अभ्यर्थियो द्वारा संधारित निर्वाचन व्यय पंजी की अंतिम जाँच की तिथि**

| तिथि | पद | स्थान | समय |
|---|---|---|---|
| 19.03.2026 | महापौर एवं वार्ड पार्षद के सभी अभ्यर्थी (वार्ड संख्या 01 से 18 तक) | समाहरणालय सभागार, हजारीबाग | 10:00 पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक |
| | वार्ड पार्षद के सभी अभ्यर्थी (वार्ड संख्या 19 से 36 तक) | द्वितीय तल, समाहरणालय परिसर हजारीबाग | |

1. सभी अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्त्ता व्यय पंजी निरीक्षण की अंतिम निर्धारित तिथि को निर्वाचन के दौरान प्रचार–प्रसार एवं अन्य दैनिक व्यय के साथ मतगणना तिथि तक व्यय राशि को अपने लेखा पंजी में विधिवत् संधारित कर, मूल अभिश्रवों (Vouchers), बैंक खाता के अद्यतन विवरणी एवं सार विवरणी भाग (I से VI) के साथ जाँच स्थल पर उपस्थित रहकर निरीक्षण कराना सुनिश्चित करेंगे।
2. संबंधित सहायक व्यय प्रेक्षक, अंतिम जाँच तिथि को अभ्यथियों के दैनिक निर्वाचन व्यय लेखा का गहन एवं सम्यक, जाँच के क्रम में छायाप्रेक्षण पंजी (Shadow Observation Register) से मिलान कर विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन कोशांग के नोडल पदाधिकारी के समक्ष उसी दिन समर्पित करेंगे तथा समेकित प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी, सामान्य प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक को समर्पित कराना सुनिश्चित करेंगे।

नोडल पदाधकारी,
निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोशांग
हजारीबाग

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह–उपायुक्त, हजारीबाग

PR 373347 (Election)25-26*D


# रोजेदार रेलकर्मियों को रोजाना दो घंटे पहले ड्यूटी से मुक्त करने की मांग



नवीन मेल संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिला में पवित्र रमजान माह को देखते हुए ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन (एआईआरटीयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चांद मोहम्मद ने रोजा रखने वाले रेल कर्मचारियों को प्रतिदिन ड्यूटी समय से दो घंटे पहले कार्यमुक्त करने की मांग उठाई है। इस संबंध में यूनियन की ओर से दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक को पत्र सौंपा गया है। पत्र में कहा गया है कि 19 फरवरी 2026 से 20 मार्च 2026 तक रमजान का महीना चल रहा है और इस अवधि में मुस्लिम रेल कर्मचारी रोजा रखकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। चांद मोहम्मद ने मांग की है कि ऐसे कर्मचारियों को मानवीय आधार पर प्रतिदिन दो घंटे पहले कार्यस्थल से मुक्त किया जाए, ताकि वे समय पर अपने घर पहुंचकर इफ्तार कर सकें और धार्मिक कर्तव्यों का पालन सुचारू रूप से कर सकें।

उन्होंने रेलवे बोर्ड के पूर्व आदेश पत्र संख्या 2016/जी-35/1 दिनांक 7 जून 2016, नई दिल्ली का उल्लेख करते हुए कहा है कि पूर्व में भी रमजान के दौरान विशेष व्यवस्था लागू की गई थी। उसी आदेश के आलोक में इस वर्ष भी रोजेदार कर्मचारियों को राहत देने की व्यवस्था की जानी चाहिए। यूनियन ने स्पष्ट किया है।

# मानगो में मेयर प्रत्याशी के पोस्टर फाड़े जाने से चुनावी माहौल गरमाया



नवीन मेल संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम।** नगर निकाय चुनाव के बीच मानगो क्षेत्र में मेयर प्रत्याशी कुमकुम श्रीवास्तव के बैनर और पोस्टर फाड़े जाने की घटना ने राजनीतिक माहौल को गर्म कर दिया है। इस मामले में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव ने मानगो थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के आधार पर गुरुवार को पुलिस टीम मानगो पुल और आसपास के इलाकों में जांच करने पहुंची। मौके पर राजकुमार श्रीवास्तव स्वयं उपस्थित थे और उन्होंने पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। मानगो पुल तथा बृजवासी क्षेत्र में लगाए गए मेयर प्रत्याशी कुमकुम श्रीवास्तव के चुनावी बैनर-पोस्टर अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा फाड़ दिए गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद समर्थकों में आक्रोश देखा गया। राजकुमार श्रीवास्तव ने इस घटना पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि यह कृत्य निंदनीय और घिनौना है। उल्लेखनीय है कि राजकुमार श्रीवास्तव ने अपनी पत्नी कुमकुम श्रीवास्तव का साथ देने के लिए भाजपा के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद वे पार्टी से बागी माने जा रहे हैं। उनके इस कदम ने पहले ही राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी थी, और अब पोस्टर फाड़े जाने की घटना ने चुनावी प्रतिस्पर्धा को और तीखा बना दिया है। कुमकुम श्रीवास्तव ने भी घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि वे लोकतांत्रिक मर्यादाओं में विश्वास रखती हैं और जनता के मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में हैं।


## झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

☎ 06534-2227076 Email Id-eercdkoderma-jhr@nic.in

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–28 वर्ष 2025–26**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | दिनांक 25.02.2026 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 26.02.2026 को 01.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 26.02.2026 को 03.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | परिमाण विपत्र की विक्री की स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०.2 ,धुर्वा, झारखण्ड़, राँची । 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०.2 ,धुर्वा, झारखण्ड़, राँची 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |

7. कार्य की विवरणी :–

| क्र० सं० | अंचल का नाम | प्रमण्डल का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हजारीबाग | कोडरमा | PATCH REPAIR WORK AT DIFFERENT STRETCHES OF KHORIMAHUA - DHANWAR - SARIYA ROAD (MDR-115) FROM KM - 8 TO KM – 32 (UNDER VIVEKADHIN) UNDER ROAD DIVISION KODERMA FOR THE YEAR 2025-26. | 8.23840 | 16500.00 | 1250.00 | 25 दिन। |

नोट :

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

1. प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।
2. कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड का निबन्धन प्रमाण पत्र एवं GST से संबंधित प्रमाण–पत्र की सुस्पष्ट प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
3. PWD कोड में संशोधन के फलस्वरुप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि०पथ प्रमण्डल कोडरमा

PR 373338 Road (25-26)_D


**प्रदर्शनी** | फियेफ फ्रांस के संरक्षण में आयोजित की गई फोटो प्रदर्शनी

# स्नोई आईलैंड में नरेश अग्रवाल को मिला स्वर्ण पुरस्कार

- पुरस्कार का प्राप्त होना शहर के लिए बेहद गौरव की बात है





नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के छायाकर नरेश अग्रवाल को विश्व प्रसिद्ध संस्था "फियेफ फ्रांस" के संरक्षण में आयोजित चित्र प्रदर्शनी स्नोई आईलैंड में मोनोक्रोम श्रेणी में स्वर्ण पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। इसके अलावा एक अन्य चित्र को विशेष सम्मान तथा चार और चित्रों को प्रदर्शनी हेतु चयनित किया गया है। यह एक बेहद प्रतिष्ठित प्रतियोगिता थी जिसमें लगभग 25 देश के छायाकारों ने भाग लिया था। इस पुरस्कार का प्राप्त होना शहर के लिए बेहद गौरव की बात है। झारखंड राज्य में वे एकमात्र ऐसे छायाकार हैं जिनकी तस्वीरों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 1000 से अधिक बार चयन हुआ है। शीघ्र ही उन्हें छायाकारों के अति प्रतिष्ठित योग्यता पत्र एफआईपी, ईएफआईएपी, पीपीएसए, ईपीएसए प्राप्त होने वाले है।

जिनमें से पीपीएसए और ईपीएसए बेहद ख़ास हैं जो झारखंड में अब तक किसी प्राप्त नहीं हुआ है। यह उपलब्धि प्राप्त होने पर वे झारखंड के पहले व्यक्ति होंगे जिन्हें अमेरिका फोटोग्राफी समिति द्वारा यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। नरेश अग्रवाल ने लुप्त होती सबर जाति पर विशेष कार्य किया है। झारखंड एवं बंगाल के बहुत सारे गांवों में जाकर उनकी तस्वीरें खींची हैं। इसके अलावा ग्रामीण परिवेश तथा उनके रोज़मर्रा की ज़िंदगी पर भी असंख्य चित्र उनके द्वारा खींचे गए हैं। उनकी कलात्मक तस्वीरों को सभी के द्वारा सराहा जा रहा है। शीघ्र ही कोलकाता में उनके चित्रों की एक प्रदर्शनी भी आयोजित होने वाली है।

**विचार प्रवाह** केवल आप स्वयं ही अपने लिये उत्तरदायी हैं। अन्तिम निर्णय के दिन अन्य कोई भी व्यक्ति आपके कर्मों के लिये उत्तरदायी नहीं होगा। इस संसार में - उस क्षेत्र में जहाँ आप अपने पूर्व कर्मानुसार स्थित हैं- आपके कार्य को पूर्ण करने वाला केवल एक व्यक्ति है आप स्वयं। आपके कार्य को "सफलता" की संज्ञा तभी दी जा सकती है जब किसी-न-किसी रूप में उससे जन-मानस की सेवा होती हो। - **स्वामी विवेकानंद जी**

राष्ट्रीय नवीन मेल

# धुंध नहीं अहंकार, अज्ञानता और शराब से बढ़ रही दुर्घटनाएं

**इंडिया**



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

आप किसी दिन का समाचार पत्र देख लीजिए कहीं न कहीं की सड़क दुर्घटना में कई कई लोगों के मारे जाने की खबर अवश्य होती है। ये वे निर्दोष भी होते हैं जो दूसरों की गलती से रह चलते मारे जाते हैं या अपंग हो जाते हैं।इन सड़क दुर्घटनाओं से अनेक घरों में अंधेरा छा जाता है क्योंकि घर चलाने वाले के साथ वो आमदनी बंद हो जाती है जिससे कई लोगों का जीवन बंधा हुआ होता है।हर वर्ष सर्दियों में जब घना कोहरा छाता है, तो सड़क सुरक्षा को लेकर चेतावनियां तेज हो जाती हैं। दृश्यता कम, वाहन धीमे, हाईवे पर लंबी कतारें और मीडिया में भयावह दुर्घटनाओं की तस्वीरें। स्वाभाविक रूप से यह धारणा बनती है कि दुर्घटनाएं मुख्यतः कोहरे के कारण होती हैं, पर जैसे ही धुंध छंटती है, मौसम साफ होता है और दिन लंबे होते हैं, क्या दुर्घटनाएं सचमुच बढ़ जाती हैं? जी हां। सरकारी आंकड़े कुछ ऐसा ही संकेत देते हैं कि भारत में अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं साफ मौसम, बेहतर दृश्यता और दिन के उजाले में होती हैं।

क्या दुर्घटनाएं बादलों की तरह मंडराती रहती हैं? सड़क पर चलने वालों के पीछे पड़ी रहती हैं! नहीं, ऐसा नहीं है। दुर्घटनाएं इन्सानी व्यवहार, हमारी लापरवाही और दैनिक कमजोरियों के परिणामों से घटती हैं। और हम हैं कि इनसे कुछ सीखते ही नहीं। साफ मौसम में क्या होता है? एक्सप्रेसवे व सड़कें 'फुटबाल का मैदान' प्रतीत होती हैं। वाहनों की रफ्तार बढ़ जाती है। मोबाइल का प्रयोग बढ़ता है, ओवरटेकिंग अधिक होती है। सीट बेल्ट व हेलमेट की अनदेखी तो होती ही है, यानी साफ मौसम में हम खुद खतरे को आमंत्रित करते हैं। लगभग 700 प्रतिशत से अधिक दुर्घटनाएं साफ मौसम में होती हैं। उच्च गति इनका प्रमुख कारण है। इसका अर्थ स्पष्ट है कि मुख्यतः समस्या दृश्यता नहीं, बल्कि व्यवहार और अनुशासन है। ऐसे में, अब जब कोहरा लगभग समाप्त हो चुका है, तो क्या किया जाए? यह वक्त सख्त कार्यवाही का होना चाहिए। बदलते, साफ मौसम में प्रशासन की सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। चूंकि, साफ मौसम में औसत वाहन गति बढ़ जाती है, इसलिए यह अनिवार्य है कि स्पीड कैमरे, इंटरसेप्टर वाहन, और ई-चालान प्रणाली को सक्रिय रूप से लागू किया जाए। 'ब्लैक स्पॉट्स' की पहचान कर वहां चेतावनी स्वरूप साइनेज लाइटिंग, रंबल स्ट्रिप्स और रोड मार्किंग लगाई जाए। अक्सर ट्रैफिक प्रवर्तन रात पर केंद्रित रहता है, जबकि दिन में दुर्घटनाएं अधिक होती हैं। इसलिए, यह प्राथमिकता बदलने का भी समय है। अधिकतर सड़क दुर्घटनाओं के लिए मानवीय त्रुटियां ही जिम्मेदार होती हैं। ज्यादातर वाहन चालक ट्रैफिक नियमों व साइनेज से अनभिज्ञ होते हैं। एक बार ड्राइविंग लाइसेंस मिलने के बाद उनकी इस दिशा में आधुनिक जानकारी की कोई व्यवस्था नहीं होती है। अतः प्रशासन द्वारा एक कार्यक्रम के तहत चालकों, विशेषकर हाईवे चालकों, के लिए थकान प्रबंधन व रक्षात्मक ड्राइविंग जैसे विषयों पर एक रिफ्रेशर कोर्स की व्यवस्था की जाए। ऐसी ही व्यवस्था स्थानीय स्तर पर सड़क प्रयोगकर्ताओं के लिए भी होनी चाहिए। इंजीनियरिंग सुधार भी हों। सड़कों का बराबर रखरखाव, सुधार और उन्हें त्रुटि रहित बनाए रखना भी बेहद जरूरी है। हाल ही में, नोएडा और उसके पास राजधानी दिल्ली में सड़क और उनके परिवेश में सुधारीकरण के दौरान दो युवकों की मौत इस दिशा में प्रशासन को चौकन्ना रहने की ओर एक बड़ा इशारा करती है। शायद यह जानकर हमें यकीन न हो कि उत्तर प्रदेश में प्रतिदिन सड़क दुर्घटना में औसतन 62 लोगों की मौत होती है, यानी हर एक घंटे में तीन लोगों की जान जाती है। ये सरकारी आंकड़े हैं, पर जैसे किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता। यह संख्या हर साल बढ़ती है। वर्ष 2013 में सड़क पर लगभग 16,000 मौतें हुई थी, जो 2022 में लगभग 22,600 हो गईं। मरने वाले अधिकतर लोग युवावस्था (18-45 वर्ष) के होते हैं। ऐसा नहीं है कि सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर रोक नहीं लगाई जा सकती। इसके लिए जरूरी है कि सरकार व प्रशासन की सड़क सुरक्षा की जिम्मेदारियों के बीच, सबसे बढ़कर है कि सामाजिक सोच बदले। सड़क सुरक्षा पूरे समाज का उत्तरदायित्व है। 'कोहरा गया, खतरा नहीं', इस वर्ष के बाकी माह में सार्वजनिक जागरूकता का नया संदेश बने। आज देश में उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेसवे की राजधानी के रूप में देखा जाता है। यहां की अधिकतर मुख्य सड़कें आधुनिक, चिकनी व लंबी हैं, जो स्वाभाविक है तेज रफ्तार को बुलावा ही देती हैं। ऐसे में, जरूरी है कि सड़क पर गति-सीमा का पालन हो। सीट बेल्ट व हेलमेट जरूरी हों, मोबाइल फोन तथा दोपहिया पर तीन सवारी से परहेज करें, शराब पीकर ड्राइविंग से बचें। इसी तरह झारखंड में सड़कें विकसित हो रही हैं पर हमारी समझ पुरानी ही है और हम अहंकार से भरे मनमानी गति से गाड़ी चलाते हैं,बिना जरूरी ओवरटेक करते हैं जिससे सभी को खतरा होता है।हमें ट्रैफिक नियमों को एक प्रण की तरह निभाना होगा।सड़क सुरक्षा चेतना के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित वार्षिक अभियान (01-31 जनवरी, 2026) को अब फरवरी 2026 के अंत तक बढ़ा दिया गया है। झारखंड में भी अभियान चलाया गया था पर दोनों पड़ोसी राज्यों में दुर्घटनाओं में कमी नहीं आई।राज्य सरकार के इन प्रयासों में हम सभी भागीदारी करें एवं स्वयं की सड़क-अनुशासन निभाने की जिम्मेदारी पूर्ण करें। कई देशों में प्रबंधन, कठोर प्रवर्तन और व्यवहार परिवर्तन अभियानों के माध्यम से 30-50 प्रतिशत तक सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। उत्तर प्रदेश हो या झारखंड और पूरे भारत में भी यह संभव है, बशर्ते सड़क सुरक्षा को 'मौसमी चिंता' नहीं, बल्कि 'स्थायी राष्ट्रीय मिशन' माना जाए। अहंकार और शराब पीने के बाद होनी वाली दुर्घटना रोकने के लिए लगातार नियंत्रण निगरानी और वीआइपी संस्कृति पर रोक जरूरी है।

# शाहपुर कंडी बांध से बदलेगा सीमावर्ती जल समीकरण रावी के जल पर भारत का हक

## आतंकवाद पर पाकिस्तान को कड़ा संदेश

**देश की बात**



**कांतिलाल मांडोत**

> भारत ने इस संधि का हमेशा सम्मान किया, जबकि दूसरी ओर पाकिस्तान ने बार-बार आतंकवाद को बढ़ावा देकर विश्वास की नींव को कमजोर किया। ऐसे में जब भारत अपने हिस्से के जल का समुचित उपयोग सुनिश्चित कर रहा है, तो इसमें किसी भी प्रकार की आपत्ति का कोई औचित्य नहीं बनता।

भारत ने एक बार फिर यह साबित किया है कि वह अपने संसाधनों की रक्षा और उपयोग के मामले में अब किसी प्रकार की ढिलाई बरतने वाला नहीं है। पंजाब और जम्मू-कश्मीर की सीमा पर बन रहा शाहपुर कंडी बांध अब पूर्णता की ओर है और इसके साथ ही रावी नदी के अतिरिक्त जल के प्रबंधन में एक ऐतिहासिक परिवर्तन देखने को मिलेगा। दशकों से लंबित यह परियोजना न केवल किसानों के लिए वरदान सिद्ध होगी, बल्कि यह भारत की संप्रभुता और दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का भी प्रतीक बनकर उभरेगी।

1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सिंधु जल संधि के तहत रावी, व्यास और सतलुज जैसी पूर्वी नदियों का जल भारत को तथा सिंधु, झेलम और चिनाब जैसी पश्चिमी नदियों का जल पाकिस्तान को दिया गया था। यह समझौता उस समय की परिस्थितियों में शांति और सहयोग की भावना से किया गया था। भारत ने इस संधि का हमेशा सम्मान किया, जबकि दूसरी ओर पाकिस्तान ने बार-बार आतंकवाद को बढ़ावा देकर विश्वास की नींव को कमजोर किया। ऐसे में जब भारत अपने हिस्से के जल का समुचित उपयोग सुनिश्चित कर रहा है, तो इसमें किसी भी प्रकार की आपत्ति का कोई औचित्य नहीं बनता। शाहपुर कंडी परियोजना की आधारशिला 1970 के दशक में रखी गई थी और 1980 के दशक में इसके निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई। उस समय की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस परियोजना की महत्वाकांक्षी परिकल्पना को आगे बढ़ाया था। किन्तु पंजाब और जम्मू-कश्मीर के बीच जल बंटवारे और प्रशासनिक विवादों के कारण यह परियोजना 44 वर्षों तक अटकी रही। अंततः 2018 में दोनों राज्यों के बीच समझौता हुआ और केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद निर्माण कार्य ने गति पकड़ी। लगभग 3,394 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रही यह परियोजना अब अपने अंतिम चरण में है।

इस बांध के पूर्ण होने से रावी नदी का वह अतिरिक्त जल, जो अब तक पाकिस्तान की ओर बह जाता था, उसे भारत अपने कृषि और सिंचाई कार्यों में उपयोग कर सकेगा। पंजाब और जम्मू-कश्मीर के हजारों किसानों को इससे सीधा लाभ मिलेगा। सीमावर्ती क्षेत्रों में खेती की स्थिति मजबूत होगी, फसल उत्पादन बढ़ेगा और जल प्रबंधन अधिक प्रभावी बनेगा। यह केवल एक बांध नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है।



विशेषज्ञों का मत है कि यह परियोजना रावी के पूरे प्रवाह को नहीं रोकेगी, बल्कि उस अतिरिक्त जल को नियंत्रित करेगी जो भारत के हिस्से का होते हुए भी उपयोग में नहीं आ पाता था। इस प्रकार यह कदम अंतरराष्ट्रीय संधि के दायरे में रहते हुए भारत के अधिकारों का संरक्षण करता है। पाकिस्तान द्वारा इस पर आपत्ति जताना केवल राजनीतिक बयानबाजी प्रतीत होता है, क्योंकि यह परियोजना पूरी तरह भारत के हिस्से के जल से संबंधित है। भारत ने सदैव शांति और विकास की राह को चुना है, जबकि पाकिस्तान ने कई बार आतंकवाद को अपनी नीति का औजार बनाया है। सीमापार आतंकवादी गतिविधियों, घुसपैठ और भारत के भीतर अस्थिरता फैलाने की कोशिशों ने दोनों देशों के संबंधों को लगातार प्रभावित किया है। ऐसे में जब भारत अपने संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित कर रहा है, तो यह केवल विकास का निर्णय नहीं, बल्कि एक सशक्त संदेश भी है कि आतंकवाद और उकसावे की नीति अब भारत को रोक नहीं सकती।

रावी का जल अब सीमाओं के पार यूं ही बहकर नहीं जाएगा, बल्कि भारतीय खेतों को सींचेगा। यह निर्णय आत्मनिर्भर भारत की उस परिकल्पना से भी जुड़ा है, जिसमें प्राकृतिक संसाधनों का अधिकतम और न्यायसंगत उपयोग सुनिश्चित किया जाता है। जल जैसे अमूल्य संसाधन का संरक्षण और प्रबंधन आज की सबसे बड़ी जरूरत है। शाहपुर कंडी बांध इस दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह भी उल्लेखनीय है कि भारत ने दशकों तक सिंधु जल संधि का पालन करते हुए पाकिस्तान को उसके हिस्से का जल उपलब्ध कराया, भले ही पाकिस्तान की धरती से पनपने वाले आतंकी संगठनों ने भारत के खिलाफ हिंसा फैलाई। इसके बावजूद भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर संयम और जिम्मेदारी का परिचय दिया। परंतु अब समय बदल चुका है। भारत अपनी सुरक्षा और हितों के प्रति पहले से अधिक सजग और दृढ़ है।

शाहपुर कंडी परियोजना का पूरा होना केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आत्मसम्मान से जुड़ा विषय है। यह दर्शाता है कि लंबित परियोजनाओं को राजनीतिक इच्छाशक्ति और समन्वय से पूरा किया जा सकता है। इससे सीमावर्ती इलाकों में विकास को नई गति मिलेगी और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। आज जब भारत वैश्विक मंच पर एक उभरती शक्ति के रूप में स्थापित हो रहा है, तब ऐसे निर्णय उसकी आंतरिक मजबूती को और सुदृढ़ करते हैं। जल प्रबंधन, कृषि विकास और सीमा सुरक्षा इन तीनों क्षेत्रों में यह परियोजना सकारात्मक प्रभाव डालेगी। पाकिस्तान के लिए यह एक स्पष्ट संकेत है कि भारत अब अपने हिस्से के संसाधनों का पूर्ण उपयोग करेगा और आतंकवाद को किसी भी रूप में सहन नहीं करेगा। अंततः शाहपुर कंडी बांध केवल कंक्रीट और पत्थरों की संरचना नहीं है, बल्कि यह भारत की विकास यात्रा, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**राष्ट्रीय नवीन मेल**
**धर्म-अध्यात्म**



## स्वार्थ-त्याग, उच्च-लक्ष्य, सेवा, समर्पण



**स्वामी चिन्मयानंद**

यह केवल उस दृष्टिकोण के परिवर्तन की है, जिसके साथ हम कर्म करते हैं। हम या तो केवल स्वार्थी इच्छाओं से प्रेरित हो सकते हैं, या पुर्णत: नि: स्वार्थ भावना से ।

आज अनेक लोगों के पास अपने कर्मों को सही दिशा में निर्देशित करने हेतु कोई निश्चित आदर्श नहीं है। बहुत से लोग स्वार्थी तथा केवल अपने परिवार के हितों तक ही सीमित दृष्टिकोण के साथ कार्य करते हैं। जब हम संकीर्ण तथा स्वार्थ दृष्टिकोण से कार्य करते हैं, तो हमें कार्य में कम ही आनंद मिलता है - केवल नीरसता तथा थकान का अनुभव होता है। तथापि, जब कोई व्यक्ति स्वयं को किसी उच्चतर तथा महान उद्देश्य के प्रति समर्पित करता है. तो वह अधिक कुशल तथा सफल बनता है। जितना उच्च लक्ष्य होगा. उतनी अधिक प्रेरणा प्राप्त होगी। जब हम संसार की सेवा करते हैं, तो हम अपने भीतर नई ऊर्जा के स्रोतों का अनुभव करते हैं. जो हमें अथक कर्मों में उत्साहपूर्वक ऊर्जा प्रदान करते हैं। अत: जीवन में स्पष्ट तथा सृजनात्मक लक्ष्य होना आवश्यक है, ताकि हम उसे देखकर प्रेरणा पा सकें। जब हम ऐसा लक्ष्य खोज लेते हैं तथा स्वयं को उसमें समर्पित कर देते हैं, तब हम अपने भीतर ऊर्जा का एक नया प्रवाह जागृत कर देते हैं। इस विशिष्ट श्लोक में, गीता केवल पाँच सरल क्रियाओं को लेकर हमें यह सिखाती है कि उन्हें कैसे पूजा में परिवर्तित किया जा सकता है, यह दर्शाते हुए कि वास्तव में प्रत्येक क्रिया ईश्वर की पूजा बन सकती है। जब हम प्रत्येक क्रिया को पूजा के रूप में समर्पित करते हैं, तभी हम वास्तव में दृष्टियुक्त जीवन जी रहे होते हैं।

*-पुस्तक गीता पंचामृत से साभार)*

# चार्जिंग पॉइंट की खोज में भटकती आत्माएं

**अलग बात**



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

आज की पीढ़ी के लिए 'पंचतत्व' की परिभाषा बदल गई है। अब शरीर अग्नि, जल, वायु, पृथ्वी और आकाश से नहीं, बल्कि डेटा, वाई-फाई, सिग्नल, नोटिफिकेशन और 100% बैटरी से बनता है। यदि इनमें से एक भी तत्व कम हो जाए, तो आधुनिक मानव का अस्तित्व खतरे में पड़ जाता है। इस डिजिटल युग में 'मोक्ष' का मार्ग किसी मंदिर से नहीं, बल्कि कैफे की उस अंधेरी नुक्कड़ वाली मेज से होकर गुजरता है, जहाँ एक बिजली का सॉकेट लगा हो। यह सॉकेट ही आज का 'कल्पवृक्ष' है, जिसके नीचे बैठकर जेन-जी अपनी अधूरी इच्छाएं (रील्स और स्ट्रीक्स) पूरी करता है।

जैसे ही फोन की बैटरी 20% पर पहुँचती है, युवा के माथे पर चिंता की लकीरें उभरने लगती हैं। 10% पर आते-आते वह बेचैन होकर टहलने लगता है, जैसे अस्पताल के बाहर कोई पिता अपने बच्चे के जन्म की प्रतीक्षा कर रहा हो। और जैसे ही वह जादुई 1% का आँकड़ा आता है, उसके हाथ-पाँव ऐसे फूल जाते हैं मानो किसी ने ऑक्सीजन की नली काट दी हो। उसके लिए वह लाल रंग का छोटा सा निशान 'खतरे का निशान' नहीं, बल्कि 'प्रलय का बिगुल' है। उसे लगता है कि अगर इस क्षण चार्जर न मिला, तो उसका पूरा डिजिटल साम्राज्य ताश के पत्तों की तरह ढह जाएगा। इस भागमभाग में घर के 'लिविंग रूम' का नजारा किसी युद्धभूमि जैसा हो जाता है। बेटा सोफे से ऐसे छलांग लगाता है जैसे उसे ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतना हो। रास्ते में आने वाली मेज, कुर्सी या छोटा भाई—सब उसके लिए 'रुकावट' हैं। उसका एकमात्र लक्ष्य है 'चार्जर'। वह चार्जर जिसे उसने कल रात अंधेरे में कहीं फेंक दिया था, अब उसे ढूंढने के लिए वह घर का कोना-कोना छान मारता है। उस वक्त उसकी 'सर्चिंग एबिलिटी' गूगल से भी तेज होती है। वह अलमारी के पीछे, तकिए के नीचे और यहाँ तक कि फ्रिज के ऊपर भी हाथ मारता है, क्योंकि 1% बैटरी वाला दिमाग तार्किक रूप से नहीं, बल्कि 'सर्वाइवल मोड' में काम करता है।


त्रासदी तब और गहरी हो जाती है जब चार्जर तो मिल जाता है, पर 'बेवफा केबल' धोखा दे जाती है। यह केबल भी किसी जिद्दी बच्चे की तरह होती है, जिसे जब तक एक खास तिरछे कोण पर न रखा जाए, वह ऊर्जा प्रवाहित नहीं करती। अब हमारा आधुनिक योद्धा एक 'इंजीनियर' बन जाता है। वह केबल को कभी बाएं मोड़ता है, कभी दाएं, और कभी उसे रबर बैंड से बाँधकर सहारा देता है। अंततः जब वह 37.5 डिग्री के उस गुप्त कोण को पा लेता है, जहाँ से चार्जिंग शुरू होती है, तब वह अपनी सांसें रोक लेता है। उसे डर है कि यदि उसने जोर से छींक भी दिया, तो केबल का 'ईमान' डोल जाएगा और 1% की वह आखिरी सांस भी टूट जाएगी। इधर घर के बुजुर्ग, जो कभी पोस्टकार्ड के लिए हफ्तों इंतजार करते थे, इस दृश्य को देखकर चकरा जाते हैं। दादाजी चश्मा ठीक करते हुए कहते हैं, "बेटा, हमारे जमाने में हम मीलों पैदल चलकर चिट्ठी डालने जाते थे।" पोता उन्हें ऐसी नजरों से देखता है जैसे वे किसी दूसरे ग्रह के प्राणी हों। उसके मन में तर्क चलता है कि दादाजी, चिट्ठी खो जाती थी तो कोई बात नहीं, यहाँ तो 'स्नैपचैट स्ट्रीक' टूटने का डर है! आपके जमाने में 'मौन व्रत' होता था, हमारे जमाने में फोन का 'स्विच ऑफ' होना सबसे बड़ा सन्नाटा है। दादाजी के लिए 'कनेक्शन' का मतलब परिवार था, पोते के लिए इसका मतलब 'हाई-स्पीड इंटरनेट' है। डिजिटल सभ्यता का सबसे बड़ा झूठ वह 'बैटरी सेवर' मोड है, जो फोन के बंद होने से महज दो मिनट पहले सक्रिय होता है। यह ठीक वैसा ही है जैसे डूबते हुए जहाज पर लाइफ जैकेट का मिलना, जब पानी गले तक आ चुका हो।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**फेसबुक वॉल से**




**एक्स से**




**आज का दोहा**

**ठगिनी कब से ठग रही, इससे बचे न राम।**
**जंगल में ऐसे ठगे, धनुष न आया काम।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

**रचना भेजिए**

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
**संपादक**

# खुशी एक गंतव्य नहीं, जीवन जीने का नजरिया है

**आप की बात**



**वीणा देवांगन**
**लेखिका**

हम अक्सर कहते हैं कि 'जब सब ठीक होगा, तब मैं खुश होऊँगा, पर सच तो ये है कि जब हम खुश रहना सीख लेते हैं, तब सब ठीक लगने लगता है। आज की दुनिया में 'खुशी' शायद सबसे ज्यादा गलत समझा गया शब्द है। हम सब इसे चाहते हैं, इसके पीछे भागते हैं, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि ये असल में है क्या। हममें से ज्यादातर लोग इस गलतफहमी में बड़े हुए हैं कि खुशी कोई ऐसी चीज है जो हमारे साथ 'होती' है। हमें लगता है—अगर मेरी नौकरी बेहतर हो जाए, अगर लोग मुझसे अच्छे से पेश आएं, अगर बैंक बैलेंस बढ़ जाए या मेरी समस्याएं जादू से गायब हो जाएं, तो मैं खुश रहूँगा। और इसी 'अगर-मगर' के चक्कर में हम अपनी खुशियों को पोस्टपोन करते रहते हैं।

**शेयर बाजार नहीं है आपका मन :** सच तो ये है कि अगर आपकी खुशी बाहर की चीजों पर टिकी है, तो आप कभी चैन से नहीं सो पाएंगे। क्योंकि जिंदगी कभी 'परफेक्ट' होने का वादा नहीं करती। यहाँ कभी धूप होगी तो कभी छांव। कभी लोग आपको सिर पर बिठाएंगे, तो कभी वही लोग मुंह फेर लेंगे। अगर आपकी खुशी इन हालातों से बंधी है, तो ये किसी शेयर बाजार के ग्राफ की तरह ऊपर-नीचे होती रहेगी। और यकीन मानिए, इस तरह जीना बहुत थका देने वाला काम है।

खुशी का मतलब समस्याओं का न होना नहीं है, बल्कि समस्याओं के बीच भी खुद को शांत रखने का हुनर है। ये हालातों को कंट्रोल करने के बारे में नहीं, बल्कि उन हालातों को दिए जाने वाले अपने जवाब के बारे में है।

**बीते हुए कल का भारी झोला :** एक पुरानी कहानी है—एक बुजुर्ग रोज सुबह मुस्कुराते हुए उठते थे। किसी ने पूछा, "क्या आपको कोई परेशानी नहीं है?" उन्होंने हंसकर कहा, "परेशानियां तो बहुत हैं, लेकिन मैं कल के दुखों को आज के साथ नहीं ढोता। आज का दिन एक ताजे मन का हकदार है। हमारी आधी से ज्यादा उदासी आज की नहीं होती। वो या तो बीते हुए कल का पछतावा होती है या आने वाले कल का डर। मन या तो पीछे भागता है या बहुत आगे, वो बस वहाँ नहीं रहता जहाँ जिंदगी असल में चल रही है—यानी 'अभी' में। जब आप सुबह उठते हैं, तब तक दिन ने आपका कुछ नहीं बिगाड़ा होता, लेकिन कुछ ही मिनटों में हमारा दिमाग पुरानी चिंताओं और जिम्मेदारियों का पिटारा खोल देता है। और देखते ही देखते, दिन शुरू होने से पहले ही खुशी गायब हो जाती है।

**तुलना खुशी का सबसे बड़ा दुश्मन**

आजकल सोशल मीडिया ने आग में घी डालने का काम किया है। हम दूसरों की फिल्टर्ड फोटो और उनकी चमक-धमक देखकर अपनी सादगी भरी जिंदगी को कोसने लगते हैं। हम दूसरों के 'रील' की तुलना अपने 'बिहाइंड द सीन्स' से करते हैं। एक गुलाब कभी खुद को कमल से कमतर नहीं मानता। हर फूल का अपना समय और अपना तरीका होता है। जब आप तुलना करते हैं, तो आप अपने खुद के सफर का अपमान करते हैं।

**खुद से बात करने का तरीका बदलिए :** खुश रहने वाले लोग कोई अजूबा नहीं होते, बस उनका खुद से बात करने का लहजा अलग होता है। अगर आप खुद को हर छोटी गलती पर कोसेंगे, तो खुशी आपके अंदर कभी घर नहीं बना पाएगी। मुझसे नहीं होगा की जगह मैं सीख रहा हूँ,कहना शुरू कीजिए। शब्द सिर्फ आवाज नहीं होते, वो आपकी भावनाओं को शक्ल देते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए हाथ मिलाए : राजनाथ

- रक्षा मंत्री ने विशाखापत्तनम में किया बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास 'मिलन' का औपचारिक उद्घाटन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विशाखापत्तनम के पूर्वी तट पर चल रहे बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास 'मिलन' में 74 देशों की नौसेनाएं हिस्सा ले रही हैं, ताकि समुद्री जुड़ाव, सामूहिक सुरक्षा और नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था को मजबूत किया जा सके। अभ्यास का औपचारिक उद्घाटन करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यूएन कन्वेंशन ऑन द लॉ ऑफ सीज के कानूनी ढांचे को एक बड़े ग्लोबल नेवल आर्किटेक्चर के जरिए और मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय नियमों और नेविगेशन की आजादी पर आधारित समुद्री व्यवस्था बनाना चाहता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत एक भरोसेमंद विश्व-मित्र है, इस क्षेत्र में एक कंस्ट्रक्टिव और भरोसेमंद भूमिका निभाता रहेगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वे समुद्र में उभरती हुई मुश्किल और आपस में जुड़ी चुनौतियों से असरदार तरीके से निपटें और आपसी सम्मान और लेन-देन की भावना से काम करें। समय के साथ इंटरनेशनल शांति बनाने में नौसेना की भूमिका और बढ़ी है। पिछले कुछ दशकों में तेजी से आर्थिक विकास हुआ है, जिससे इंटरनेशनल व्यापार और ट्रांसपोर्ट में भारी बढ़ोतरी हुई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे पानी को उन खतरनाक आतंकवादी गतिविधियों से बचाने की जरूरत है, जो इन इलाकों में पैर पसार रही हैं। राजनाथ सिंह ने जोर देकर कहा कि पुराने खतरे, पाइरेसी, समुद्री आतंकवाद, गैर-कानूनी मछली पकड़ना, ट्रैफिकिंग, साइबर कमजोरियां और जरूरी सप्लाई चेन में रुकावट जैसी नई चुनौतियों के साथ मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि क्लाइमेट चेंज प्राकृतिक आपदाओं को बढ़ा रहा है, जिससे मानवीय और आपदा राहत ऑपरेशन ज्यादा बार-बार और मुश्किल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी नेवी, चाहे कितनी भी काबिल क्यों न हो, अकेले इन चुनौतियों का सामना नहीं कर सकती। उन्होंने एक सुरक्षित और ज्यादा सुरक्षित भविष्य पक्का करने के लिए नौसेनाओं के बीच सहयोग बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया।




### नौसेना अभ्यास में एंटी-सबमरीन और एयर डिफेंस ड्रिल पर फोकस

रक्षा मंत्री ने विशाखापत्तनम में नौ आसियान सदस्य देशों के नौसेना प्रमुखों और नौसेना प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत की। बैठक में भारत की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' और सभी क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए आपसी और समग्र तरक्की के विजन पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि यह एक्सरसाइज 1995 में चार विदेशी नेवी के साथ शुरू हुई थी, जो अब 74 देशों के साथ होने वाले अपने अब तक के सबसे बड़े एडिशन तक पहुंच गई है। उन्होंने इंडो-पैसिफिक साझेदारों के बीच भरोसा और ऑपरेशनल जानकारी बढ़ाने में चीफ्स का कॉन्क्लेव और इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू के महत्व पर जोर दिया। चर्चा में मिलन के चल रहे बंदरगाह चरण पर भी बात हुई, जिसमें एंटी-सबमरीन वारफेयर, एयर डिफेंस और सर्च-एंड-रेस्क्यू ऑपरेशन जैसे मुश्किल समुद्री ड्रिल पर फोकस किया गया।

## यूएस-सऊदी ने लिया भारत का बदला उड़ा दी पाकिस्तान की धज्जियां

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान में खतरनाक भूचाल ला देने वाली एक खबर ने शहबाज और मुनीर को सबसे तगड़ा झटका दे डाला है। शहबाज और मुनीर जो अमेरिका की गोद में बैठने की कोशिश करते थे। भारत को आग दिखाने की साजिश रच रहे थे। लेकिन अब कैसे भारत के साथ डील होते ही अमेरिका ने पाकिस्तान को उसकी हैसियत याद दिला दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान और चीन द्वारा मिलकर बनाए गए जेएफ7 थंडर फाइटर जेट को सऊदी अरब को बेचने की कोशिश जमकर चल रही थी। पाकिस्तान को यह उम्मीद थी कि अज़रबजान के बाद में अब सऊदी अरब बड़ा आर्डर देगा। चर्चा यह भी थी कि सऊदी इन जेट्स को खरीद कर सूडान जैसे देशों को सपोर्ट कर सकता है। लेकिन अमेरिका के दबाव के बाद सऊदी अरब ने इस डील से पीछे हटने का सबसे बड़ा संकेत दे दिया। खाड़ी क्षेत्र दशकों से अमेरिकी हथियारों का बड़ा बाजार रहा है। सऊदी एयरफोर्स पहले से ही F1-15 ईगल जैसे अमेरिकी प्लेटफार्म पर पूरी तरह से निर्भर है। अमेरिका नहीं चाहता कि चीन समर्थित फाइटर जेट खाड़ी में रणनीतिक घुसपैठ करें। साथ ही तुर्की के काम प्रोग्राम को लेकर भी वाशिंगटन पूरी तरह से सतर्क है। अमेरिका की प्राथमिकता है कि भविष्य में सऊदी अरब उसका पांचवी पीढ़ी का स्टेल्थ जेट F35 लाइटनिंग 2 खरीदे। हालांकि इस पर क्षेत्रीय सुरक्षा समीकरण भी पूरी तरीके से जुड़े हुए हैं। सऊदी अरब अपनी डिफेंस सोर्सिंग को डायवर्सिफाई करना चाहता है। विज़ 2030 के तहत वो रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता भी बढ़ाना चाहता है। लेकिन उसकी सुरक्षा संरचना अब भी अमेरिकी सपोर्ट पर टिकी हुई है।



## इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मिट में स्पीच देने नहीं आएंगे बिल गेट्स

**नई दिल्ली।** बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मिट 2026 में बिल गेट्स के मुख्य भाषण की पुष्टि करने के एक दिन बाद, गुरुवार को संगठन ने यह घोषणा वापस ले ली और कहा कि माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक अब इस सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। गेट्स, जिन पर हाल ही में एपस्टीन फाइलों में उल्लिखित कथित संबंधों को लेकर सवाल उठ रहे हैं, का भारत मंडपम में भाषण देने का कार्यक्रम था। फाउंडेशन ने कहा कि गहन विचार-विमर्श के बाद, और एआई सम्मिट की प्रमुख प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित रखने के लिए, गेट्स अपना मुख्य भाषण नहीं देंगे। गेट्स फाउंडेशन का प्रतिनिधित्व अफ्रीका और भारत कार्यालयों के अध्यक्ष अंकुर वोरा करेंगे, जो आज बाद में सम्मिट में भाषण देंगे। फाउंडेशन ने आगे कहा कि गेट्स फाउंडेशन भारत में अपने साझा स्वास्थ्य और विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। छह दिवसीय शिखर सम्मेलन के प्रमुख प्रतिभागियों की सूची में बिल गेट्स का नाम न होने के बाद पैदा हुई अनिश्चितता के बीच यह स्पष्टीकरण आया है। शुरू हुआ यह शिखर सम्मेलन कृत्रिम बुद्धिमत्ता को समर्पित चौथा वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन है।



## पोलैंड के लोग तुरंत ईरान छोड़ें, कुछ ही घंटों में निकलना नामुमकिन हो सकता है : पीएम टस्क

**वारसा।** पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने पोलिश लोगों से तुरंत ईरान छोड़ने को कहा है। तमाम विदेशी मीडिया एजेंसियों और आउटलेट्स में ईरान-यूएस के तनाव की चर्चा है। स्थानीय मीडिया ने इसकी जानकारी दी। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक इस हफ्ते अमेरिका ईरान पर हमला कर सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से इसे अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है। इसी चर्चा के बीच टस्क ने ये अपील की है। उन्होंने कहा है कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए ईरान में मौजूद पोलिश नागरिकों को तुरंत निकल जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि हथियारों से लैस लड़ाई की आशंका के कारण कुछ ही घंटों में निकलना मुमकिन नहीं होगा। टस्क ने कहा, "प्लीज तुरंत ईरान छोड़ दें... और किसी भी हालत में इस देश में न जाएं।" वारसा के पास जिलोंका शहर में मीडिया से उन्होंने कहा, "मैं किसी को डराना नहीं चाहता, लेकिन हम सब जानते हैं कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं। लड़ाई की आशंका है।" प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी कि "कुछ या बहुत ज्यादा घंटों में लोगों को निकालना मुमकिन नहीं हो पाएगा।" उन्होंने पोलैंड के लोगों से चेतावनी को गंभीरता से लेने की अपील की। पोलैंड की सरकार ने इस बारे में डिटेल नहीं दी है कि अभी कितने पोलिश नागरिक ईरान में हैं।



## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार-बारूद बरामद उग्रवादी कैडर और जेल वार्डन गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में बीते 24 घंटे में सुरक्षा बलों और मणिपुर पुलिस द्वारा चलाए गए अलग-अलग अभियानों में भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। साथ ही विभिन्न प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के कैडरों तथा एक जेल वार्डन को गिरफ्तार किया गया। इंफाल पश्चिम जिले के सेकमई थाना अंतर्गत लोइतांग लैकिंथाबी पहाड़ी क्षेत्र से सुरक्षा बलों ने एक एके-47 घातक राइफल मैगजीन सहित, दो .303 राइफल, एक डबल बैरल राइफल, एक सिंगल बैरल राइफल, तीन नंबर-36 एचई ग्रेनेड तथा पांच आईईडी बरामद किए। वहीं, वांगोई थाना क्षेत्र के हियांगथांग ताराहेई आवांग लैकाई के तलहटी क्षेत्र से तीन हैंड ग्रेनेड, एक हाई एक्सप्लोसिव बम, विभिन्न कैलिबर के 15 जिंदा कारतूस, चार 5.56 मिमी के खाली खोखे, एक ट्यूब लॉन्चर तथा ग्रीन 90 एकेएफजी अंकित दो अज्ञात विस्फोटक बरामद किए गए। तेंगनौपाल जिले के मोरेह थाना अंतर्गत यांगौबुंग क्षेत्र (बीपी-72 के निकट) से सुरक्षा बलों ने दो पिस्तौल मैगजीन सहित तथा दो चीनी हैंड ग्रेनेड बरामद किए। बरामद ग्रेनेडों को मौके पर ही निष्क्रिय कर नष्ट कर दिया गया। इस बीच, मणिपुर पुलिस ने इंफाल पूर्व जिले के कायरांग मयाई लैकाई निवासी 35 वर्षीय साहिद शाह को गिरफ्तार किया है।

### गिनीज़ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ भारत का एआई संकल्प

# 2.50 लाख से अधिक लोगों ने एआई के प्रति वचनबद्धता व्यक्त की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के तीसरे दिन भारत मंडपम्, नई दिल्ली में संयत गर्व की अनुभूति का वातावरण महसूस किया गया। घोषणा सादी है, किंतु अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत ने 24 घंटों के भीतर एआई रिस्पॉन्सिबिलिटी कैम्पेन के लिए सर्वाधिक प्रतिज्ञाएँ प्राप्त करने का खिताब हासिल कर गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया। 16 से 17 फरवरी के बीच कुल 2,50,946 वैध प्रतिज्ञाएं दर्ज की गईं, जो प्रारंभिक 5,000 के लक्ष्य से कहीं अधिक हैं। यह केवल एक विश्व रिकॉर्ड नहीं है, बल्कि एक युवा राष्ट्र की स्पष्ट मंशा की घोषणा है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता को नैतिक चेतना के साथ आकार देने का निर्णय ले रहा है।

16 से 20 फरवरी तक आयोजित यह शिखर सम्मेलन देश और विदेश से विद्यार्थियों, शिक्षकों, नवोन्मेषकों तथा नीति-निर्माताओं को निरंतर आकर्षित कर रहा है। इंडियाएआई मिशन के अंतर्गत इंटेल इंडिया के सहयोग से प्रारंभ किया गया एआई उत्तरदायित्व प्रतिज्ञा अभियान नागरिकों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नैतिक, समावेशी और जवाबदेह उपयोग के प्रति वचनबद्ध होने के लिए आमंत्रित करता है। प्रतिज्ञा पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को एक डिजिटल बैज तथा संरचित एआई ज्ञानार्जन मार्गों तक पहुँच प्रदान की जाती है। यह पहल प्रतीकात्मक होने के साथ-साथ व्यावहारिक भी है, क्योंकि यह मंशा को शिक्षा से जोड़ती है। मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे देश के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विज़न पर बल दिया, जिसके तहत युवा भारतीयों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। देशभर के महाविद्यालयों को इस अभियान से जोड़ा जा रहा है, संकाय सदस्यों को सार्थक और जानकारीपूर्ण चर्चा का नेतृत्व करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, तथा विद्यार्थियों से आग्रह किया जा रहा है कि वे कृत्रिम बुद्धिमत्ता को किसी शॉर्टकट के रूप में नहीं, बल्कि सामाजिक हित के एक प्रभावी साधन के रूप में देखें। उन्होंने 2,50,000 से अधिक प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट है—कृत्रिम बुद्धिमत्ता को उसकी मूल भावना में उत्तरदायित्व के साथ अपनाया जाना चाहिए। कार्यक्रम स्थल पर देखी जा रही ऊर्जा उसी स्पष्ट दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करती है। भारत विश्व में सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश है, जहाँ 65 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। यह शिखर सम्मेलन इस जनसांख्यिकीय शक्ति को सुनियोजित रूप से केंद्र में रखता है। यहाँ होने वाली चर्चाएँ केवल एल्गोरिद्म और अवसंरचना तक सीमित नहीं हैं, बल्कि साक्षरता, नैतिकता और दीर्घकालिक क्षमता के इर्द-गिर्द केंद्रित हैं।




## पीएम व अबू धाबी के क्राउन प्रिंस की मुलाकात में एआई से सहयोग बढ़ाने पर हुई बात

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच गुरुवार को द्विपक्षीय बैठक हुई। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान हुई मुलाकात में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में आपसी सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा, "भारत-यूएई के ऐतिहासिक रिश्तों को याद करते हुए, दोनों नेताओं ने आपसी सहयोग पर चर्चा की और अलग-अलग क्षेत्रों में हुई तरक्की पर खुशी जताई। उन्होंने एआई में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा की।" अबू धाबी के क्राउन प्रिंस, यूएई के राष्ट्रपति की ओर से पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल हो रहे हैं। ग्लोबल साउथ में पहली बार हो रहे इस अहम इवेंट में कई राष्ट्राध्यक्ष, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, वरिष्ठ अधिकारी, टेक एक्सपर्ट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेक्टर के खास फैसले लेने वाले लोग शामिल हो रहे हैं। शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होने के लिए बुधवार देर रात नई दिल्ली पहुंचे थे। केंद्रीय ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। एमईए ने एक्स पोस्ट में लिखा, "एआई इम्पैक्ट समिट में अबू धाबी के क्राउन प्रिंस, शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का भारत में स्वागत है। केंद्रीय संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने एयरपोर्ट पर पहुंच माननीय का स्वागत किया। भारत और यूएई एडवांस्ड टेक्नोलॉजी में भरोसेमंद पार्टनर हैं जो एक स्मार्ट और साझा भविष्य के लिए एआई को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का उद्घाटन किया। लोगों को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि यह ग्लोबल साउथ के लिए गर्व का पल है कि एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी भारत में की गई है।




### कराची सिलेंडर ब्लास्ट में मृतकों की संख्या बढ़कर 16 के पार

**कराची।** कराची में एक धमाके के बाद गिरी रिहायशी इमारत में दब कर मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। स्थानीय मीडिया ने पुलिस, रेस्क्यू टीम और अस्पताल के हवाले से ये जानकारी दी है। यह घटना सोल्जर बाजार के गुल राणा कॉलोनी इलाके स्थित एक घर में हुई। पूर्वी जिला पुलिस के प्रवक्ता ने कहा कि यह धमाका गैस सिलेंडर लीक की वजह से हुआ था। इमरजेंसी सेवा ने मलबे से कुछ को बचाया है और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है। जियो न्यूज के मुताबिक छह महिलाओं और 4 बच्चों समेत कुल 16 के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है। जाने-माने मीडिया आउटलेट डॉन ने सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) जमशेद अशर के हवाले से बताया कि यह घटना सुबह करीब 4:15 बजे, सहरी के समय हुई और गैस धमाका बिल्डिंग के पहले फ्लोर पर हुआ।

### अनिल अंबानी ने सुप्रीम कोर्ट में दिया हलफनामा, कहा

# बिना अनुमति देश छोड़कर नहीं जाऊंगा, जांच में करूंगा सहयोग


- यह पूरी कानूनी कार्यवाही पूर्व ब्यूरोक्रेट ईएएस सरमा की तरफ से दायर एक याचिका के जवाब में हो रही है
- याचिका में आरोप है कि एडीएजी ग्रुप की कंपनियों ने अलग-अलग बैंकों के साथ मिलकर 40,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का लोन फ्रॉड किया है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अनिल अंबानी ने आज यानी 19 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया है। इसमें उन्होंने वचन दिया है कि वे अदालत की अनुमति के बिना भारत छोड़कर नहीं जाएंगे। यह हलफनामा उनके रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप (एडीएजी) की कंपनियों से जुड़ी 40,000 करोड़ रुपए की बैंक धोखाधड़ी की जांच के बीच आया है। अंबानी ने अदालत को यह भी भरोसा दिलाया है कि वे ईडी और सीबीआई द्वारा की जा रही जांच में पूरी तरह से सहयोग करेंगे। ये दोनों एजेंसियां अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप (एडीएजी) की कंपनियों के खिलाफ जांच कर रही हैं।

**वकील मुकुल रोहतगी की तरफ से किए मौखिक वादे की पुष्टि :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अनिल अंबानी ने अपने हलफनामे में आधिकारिक तौर पर उस अंडरटेकिंग (वचन) को अपना लिया है, जो उनकी ओर से सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने 4 फरवरी को कोर्ट में पेश की थी। तब रोहतगी ने अदालत को मौखिक रूप से आश्वस्त किया था कि अंबानी देश छोड़कर नहीं जाएंगे। अब लिखित हलफनामा दाखिल होने के बाद यह कानूनी रूप से जरूरी हो गया है।

### जांच में फंड्स के गलत इस्तेमाल का खुलासा


मामला : 40 हजार करोड़ के बैंक फ्रॉड का

ईडी ने अब तक की अपनी जांच में पाया है कि रिलायंस होम फाइनेंस और रिलायंस कॉमर्शियल फाइनेंस (आरसीएफएल) में बड़े पैमाने पर फंड्स का गलत इस्तेमाल हुआ। 2017 से 2019 के बीच यस बैंक ने में 2,965 करोड़ और RCFL में 2,045 करोड़ का इन्वेस्टमेंट किया था। दिसंबर 2019 तक ये अमाउंट नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स बन गए। RHFL का 1,353 करोड़ और आरसीएफएल का 1,984 करोड़ अभी तक बकाया है। कुल मिलाकर यस बैंक को 2,700 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ। ईडी के मुताबिक ये फंड्स रिलायंस ग्रुप की दूसरी कंपनियों में डायवर्ट किए गए। लोन अप्रूवल प्रोसेस में भी कई गड़बड़ियां मिलीं। जैसे, कुछ लोन उसी दिन अप्लाई, अप्रूव और डिस्बर्स हो गए। फील्ड चेक और मीटिंग्स स्किप हो गईं। डॉक्यूमेंट्स ब्लैंक या डेटलेस मिले। ईडी ने इसे 'इंटेंशनल कंट्रोल फेल्योर' बताया है। जांच पीएमएलए की धारा 5(1) के तहत चल रही है और 31 अक्टूबर 2025 को अटैचमेंट ऑर्डर जारी हुए। सीबीआई ने रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी के बड़े बेटे जय अनमोल के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोप है कि रिलायंस होम फाइनेंस और रिलायंस कॉमर्शियल फाइनेंस से जुड़ी कंपनियों ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ 228.06 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की।

### बैंक अधिकारियों की भूमिका की भी होगी जांच

सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच एजेंसियों को कड़े निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि एजेंसियां इस बात की भी तुरंत जांच करें कि क्या बैंक अधिकारियों की इस धोखाधड़ी में कोई मिलीभगत थी।

## एक नजर

### होली पर रेलवे चला रहा है 30 अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें, मुंबई से बिहार के लिए बढ़ाई गईं सेवाएं

**नई दिल्ली।** होली के त्योहार पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने 30 अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन सेवाएं शुरू करने का फैसला किया है। इनमें से 8 ट्रेनें लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई से सुल्तानपुर और वाराणसी के बीच चलाई जा रही हैं, जबकि 22 ट्रेनें रक्सौल, सहरसा और धनबाद के लिए पहले से चल रही सेवाओं का विस्तार हैं। यह व्यवस्था यात्रियों को बेहतर सुविधा देने और भीड़ कम करने के लिए की गई है। लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई से सुल्तानपुर के बीच चार स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। ट्रेन नंबर 04211 होली स्पेशल 27.02.2026 और 03.03.2026 को मुंबई से दोपहर 14:35 बजे रवाना होगी और अगले दिन रात 23:00 बजे सुल्तानपुर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 04212 26.02.2026 और 02.03.2026 को सुल्तानपुर से सुबह 04:00 बजे निकलेगी और अगले दिन दोपहर 12:20 बजे मुंबई पहुंचेगी। इसी तरह वाराणसी के लिए चार स्पेशल ट्रेनें हैं। ट्रेन नंबर 04225 26.02.2026 और 02.03.2026 को मुंबई से दोपहर 14:35 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन सुबह 02:05 बजे वाराणसी पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 04226 25.02.2026 और 01.03.2026 को वाराणसी से सुबह 01:35 बजे निकलेगी और अगले दिन दोपहर 12:20 बजे मुंबई पहुंचेगी।

### पूरा बिहार आज 'उड़ता पंजाब' बन गया' शराबबंदी पर राजद का नीतीश सरकार पर तंज

**पटना।** बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, शराबबंदी कानून को असफल करार देते हुए इसकी समीक्षा की बात कर रहा है। इस बीच, राजद के विधान पार्षद सुनील कुमार ने गुरुवार को कहा कि कोई भी ऐसा क्षेत्र बिहार में नहीं है, जहां शराब नहीं मिल रही है। उन्होंने तो यहां तक कह दिया कि प्रेमभाव से कहीं भी खोजिए, शराब उपलब्ध हो जाएगी। विधान मंडल परिसर में भी शराब की आपूर्ति हो जाएगी। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, "बिहार के कई ऐसे विधायक या विधान पार्षद हैं, जिनके आवास पर शराब की बोतलें खुलती हैं। वहां पर लोग सामूहिक रूप से शराब पीते हैं, लेकिन मैं नाम लेना उचित नहीं समझता हूं। सत्तारूढ़ पार्टी से जुड़े हुए वे लोग हैं। बहुत शक्तिशाली लोग हैं।" पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के करीबी और एमएलसी सुनील कुमार ने आगे दावा करते हुए कहा कि जिस समय बिहार में शराबबंदी नहीं थी, उस समय से भी ज्यादा शराब की बिक्री आज हो रही है। पूरा बिहार आज 'उड़ता पंजाब' बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार शराबबंदी लागू कर नई पीढ़ी के नस्ल को खराब कर रही है। युवा सूखे नशे के शिकार हो रहे हैं। हमारी आने वाली पीढ़ी बर्बाद हो गई।

### सुप्रीम कोर्ट ने सीएए के खिलाफ याचिकाओं पर नई तारीख तय की, 5 मई से सुनवाई शुरू होगी

**नआ दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर नई सुनवाई तारीख तय कर दी है।कोर्ट ने कहा है कि 5 मई 2026 से इन याचिकाओं पर सुनवाई शुरू होगी। मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि असम और त्रिपुरा से जुड़े मामलों को छोड़कर बाकी देश के सभी मामलों की सुनवाई पहले होगी। असम और त्रिपुरा के मामलों पर अलग से सुनवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट में सीएए के खिलाफ कुल 237 याचिकाएं लंबित हैं। इनमें कहा गया है कि यह कानून धार्मिक आधार पर भेदभाव करता है और खासकर मुस्लिम समुदाय के साथ अन्याय करता है। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि केंद्र सरकार को यह कानून लागू नहीं करना चाहिए था। 11 मार्च 2024 को केंद्र सरकार ने सीएए के नियम अधिसूचित किए थे, जिसके बाद कुछ नई याचिकाएं भी दाखिल हुई हैं। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मामले की सुनवाई के लिए स्पष्ट तारीख तय करना जरूरी है। उन्होंने सुझाव दिया कि याचिकाकर्ताओं को अपनी दलीलें रखने के लिए एक पूरा दिन दिया जाए। साथ ही कोर्ट ने कहा कि अगर किसी पक्ष को अतिरिक्त दस्तावेज या पूरक दलीलें दाखिल करनी हों, तो वे ऐसा कर सकते हैं।

### भाजपा ने डीएमडीके और डीएमके गठबंधन पर, कहा- 'कैप्टन की आत्मा माफ नहीं करेगी'

**चेन्नई।** तमिलनाडु भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले डीएमडीके और डीएमके के बीच हुए चुनावी गठबंधन पर तीखा हमला बोला है। पार्टी ने इसे डीएमडीके संस्थापक दिवंगत विजयकांत की विरासत के साथ विश्वासघात बताया। भाजपा ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर कड़े शब्दों में कहा, "कैप्टन विजयकांत ने जनता के लिए अपने पूरे राजनीतिक जीवन में डीएमके नामक बुराई के खिलाफ संघर्ष किया। डीएमके ने कैप्टन और उनकी बनाई पार्टी को अपमान और क्रूरता का सामना कराया। आज वही आंदोलन डीएमके के साथ हाथ मिला रहा है। कैप्टन की आत्मा इसे कभी माफ नहीं करेगी।" यह प्रतिक्रिया डीएमडीके और डीएमके के बीच औपचारिक गठबंधन की घोषणा के बाद आई। इससे पहले डीएमडीके महासचिव प्रेमलता विजयकांत ने चेन्नई स्थित डीएमके मुख्यालय 'अन्ना अरिवालयम' में मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष एमके स्टालिन से मुलाकात की थी। बैठक के बाद प्रेमलता ने पत्रकारों से कहा कि यह गठबंधन पार्टी के जिला सचिवों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की इच्छा के अनुरूप किया गया है। उन्होंने कहा, "आज हमने डीएमके के साथ गठबंधन को अंतिम रूप दिया है। यह 2016 में ही हो जाना चाहिए था। एक दशक बाद अब इसे औपचारिक रूप दिया गया है।"



### बिहार में डीजे बजाने पर लगेगी रोक मंत्री श्रवण कुमार ने की घोषणा

**पटना।** बिहार में धार्मिक, सामाजिक आयोजनों या विभिन्न समारोहों में तेज आवाज में डीजे बजाने पर रोक लगाई जाएगी। बिहार के परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने गुरुवार को विधान परिषद में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि 15 दिनों के अंदर अभियान चलाकर इस पर रोक लगाई जाएगी। दरअसल, बिहार विधान मंडल के बजट सत्र के दौरान विधान परिषद में वंशीधर ब्रजवासी ने सवाल उठाते हुए कहा कि तेज आवाज में डीजे बजाने से कई लोगों की हृदयाघात से मौत हो चुकी है। इसके अलावा शादी-विवाह जैसे आयोजनों में गोलियां चलने की घटनाएं भी सामने आती रही हैं। कई मौकों पर डीजे के जरिए अश्लील गानों के प्रसारित किए जाने के बाद मारपीट की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है, जो गंभीर चिंता का विषय है। इस दौरान सदस्यों ने वाहनों में भी तेज आवाज में डीजे बजाने पर प्रश्न उठाए। इस प्रश्न के उत्तर में परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने स्पष्ट कहा कि बिना अनुमति और लाइसेंस वाले डीजे बजाने पर रोक लगेगी और ऐसी गाड़ियों को जब्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 15 दिनों के अंदर बिना अनुमति के डीजे बजाने वालों पर एक अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसी गाड़ियों को भी जब्त किया जाएगा, जिन पर नियम विरुद्ध विभिन्न समारोहों में अवैध तरीके से डीजे बजाया जाता है। साउंड पॉल्यूशन को लेकर भी नियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, मंत्री ने मजाकिया अंदाज में यह भी कहा कि बाद में यह मत कहिएगा कि शादी-विवाह में डीजे बजाने की अनुमति दी जाए। डीजे नहीं बजने के कारण लोग शादी की खुशी में लोग डांस भी नहीं कर पा रहे हैं।





## बदलते मौसम में शरीर की इम्यूनिटी और ऊर्जा का स्तर बढ़ता है सूर्य नमस्कार : आर्य भगत



**रांची।** बदलते मौसम (जैसे गर्मी से सर्दी या सर्दी से बसंत का आना) में शरीर की इम्यूनिटी और ऊर्जा का स्तर अक्सर डगमगाने लगता है। इस समय सूर्य नमस्कार का अभ्यास करना किसी वरदान से कम नहीं है। नटराज योग संस्थान के योग साधकों ने योगासन भारत व योगासना स्पोर्ट एसोसिएशन ऑफ़ झारखंड के द्वारा चलाए जा रहे सूर्य नमस्कार अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन कर समाज में योग एव स्वास्थ के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया । नटराज योग संस्थान के संचालक आर्य प्रहलाद भगत ने बताया कि बदलते मौसम में सर्दी, जुकाम और फ्लू का खतरा बढ़ जाता है। सूर्य नमस्कार के 12 आसन शरीर के लिम्फेटिक सिस्टम को सक्रिय करते हैं, जिससे शरीर से टॉक्सिन्स (विषाक्त पदार्थ) बाहर निकलते हैं और बीमारियों से लड़ने की शक्ति बढ़ती है। जब बाहर का तापमान बदलता है, तो शरीर को तालमेल बिठाने में मेहनत करनी पड़ती है। सूर्य नमस्कार शरीर में आंतरिक गर्मी पैदा करता है, जिससे मेटाबॉलिज्म तेज होता है और शरीर बाहरी तापमान के प्रति अधिक सहनशील बनता है। मौसम बदलने पर अक्सर शरीर में भारीपन या सुस्ती महसूस होती है। सूर्य नमस्कार का अभ्यास शरीर में एंडोर्फिन हार्मोन रिलीज करता है, जो तुरंत ऊर्जा देता है और मानसिक स्पष्टता लाता है। बदलते मौसम में हमारी पाचन अग्नि अक्सर मंद पड़ जाती है। सूर्य नमस्कार के आगे और पीछे झुकने वाले आसन पेट के अंगों की मालिश करते हैं, जिससे कब्ज और अपच जैसी समस्याएं दूर रहती हैं। सूर्य नमस्कार अभ्यास में संस्थान की संचालिका सुषमा कुमारी तिग्गा, संरक्षक आशुतोष द्विवेदी , सदस्य आशीष नाथ, रितेश कुमार, पवन कुमार,मोहित कुमार, माही कुमारी, अंजलि कुमारी ,कशक , सगीता, सरिता सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद थे । कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए रांची जिला योगासन खेल संघ के अध्यक्षा डॉ संतोषी साहू, सचिव डॉ एस के घोषाल, कोषाध्यक्ष राहुल सिंह व सभी सदस्यों ने कार्यक्रम की सफल आयोजन के लिए बधाई दिया ।

# टी20 विश्व कप: वेस्टइंडीज ने इटली को हराया




37वां मैच, ग्रुप C

**एजेंसी। कोलकाता**

टी20 विश्व कप 2026 के ग्रुप सी के मुकाबले में वेस्टइंडीज ने इटली को 42 रन से हरा दिया है। इडेन गार्डेन, कोलकाता में खेले गए मुकाबले में 166 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी इटली 18 ओवर में 123 रन पर सिमट गई। 166 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी इटली के प्रदर्शन को देखते हुए क्रिकेट फैंस तगड़े संघर्ष की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने इटली के लिए लक्ष्य को मुश्किल बना दिया। इटली की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने 12 के स्कोर पर पहला और 26 के स्कोर पर दूसरा विकेट गंवा दिया। मोस्का बंधुओं के आउट होने के बाद इटली कभी लक्ष्य के करीब जाती नहीं दिखी और नियमित अंतराल पर विकेट खोती रही। पूरी टीम 18 ओवर में 123 पर सिमट गई और 42 रन से हार गई। जेजे स्मट्स ने 24 और बेंजामिन मानेटी ने 26 रन बनाए। एंटोनी फोंसेका ने 19 रन बनाए। ग्रांट स्टिवर्ट ने 12 रन बनाए। इनके अलावा कोई बल्लेबाज दो अंकों में नहीं जा सका।

वेस्टइंडीज के लिए मैथ्यू फोर्ड ने 4 ओवर में 19 रन देकर 3, शमार जोसेफ ने 4 ओवर में 30 रन देकर 4, गुडाकेश मोती ने 4 ओवर में 24 रन देकर 2 और अकिल हुसैन ने 3 ओवर में 25 रन देकर 1 विकेट लिए। इससे पहले वेस्टइंडीज ने टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 165 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज के लिए कप्तान शाई होप ने 46 गेंद पर 4 छक्कों और 6 चौकों की मदद से 75 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा रोस्टन चेज ने 25 गेंद पर 24, शरफेन रदरफोर्ड ने 15 गेंद पर नाबाद 24 और मैथ्यू फोर्ड ने 8 गेंद पर अहम 16 रन बनाए थे। इटली के लिए बेंजामिन मानेटी ने 4 ओवर में 37 रन देकर 2 और क्रिशन कलुगामागे ने 4 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट लिए।



**शमार जोसेफ** टी20 वर्ल्ड कप इतिहास के एक ही मैच में 4 विकेट लेने के साथ 4 खिलाड़ियों को कैच आउट करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।



## टी20 विश्व कप: सुपर-8 का शेड्यूल जारी

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2026 के सुपर-8 की तस्वीर पूरी तरह साफ हो चुकी है। भारत, दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान ने सुपर 8 में जगह बनाई है। ऑस्ट्रेलिया का सुपर-8 से बाहर होना चौंकाने वाला है। वहीं पिछली बार सेमीफाइनल खेलने वाली अफगानिस्तान भी सुपर-8 में जगह नहीं बना सकी है। आईसीसी ने सुपर-8 का शेड्यूल जारी कर दिया है। सुपर-8 के लिए क्वालीफाई करने वाली टीमों को 2 ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप 1 में भारत, दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज हैं। ग्रुप 2 में श्रीलंका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान हैं।

### सुपर-8 के मुकाबलों पर नजर:

- **21 फरवरी:** न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच आर. प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो में शाम 7 बजे से मुकाबला खेला जाएगा।
- **22 फरवरी:** श्रीलंका और इंग्लैंड के बीच पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, कैंडी में शाम 3 बजे से मुकाबला खेला जाएगा। दूसरा मैच भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में शाम 7 बजे से खेला जाएगा।
- **23 फरवरी:** जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज के बीच वानखेड़े स्टेडियम, मुंबई में शाम 7 बजे से मैच खेला जाएगा।
- **24 फरवरी:** पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, कैंडी में इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच मुकाबला शाम 7 बजे से होगा।
- **25 फरवरी:** आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबों में न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच शाम 7 बजे से मैच होगा।
- **26 फरवरी:** नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच मैच दोपहर 3 बजे से खेला जाएगा। दूसरा मुकाबला शाम 7 बजे से भारत और जिम्बाब्वे के बीच एमए चिंदबरम स्टेडियम, चेन्नई में खेला जाएगा।
- **27 फरवरी:** इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच आर. प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो में शाम 7 बजे से मैच होगा।
- **28 फरवरी:** पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, कैंडी में शाम 7 बजे से मैच खेला जाएगा।
- **1 मार्च:** पहला मुकाबला जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के बीच अरुण जेटली स्टेडियम, नई दिल्ली में शाम 3 बजे से और दूसरा मैच भारत और वेस्टइंडीज के बीच इडेन गार्डन, कोलकाता में शाम 7 बजे से खेला जाएगा।
- पहला सेमीफाइनल 4 मार्च को, दूसरा सेमीफाइनल 5 मार्च को, जबकि फाइनल 8 मार्च को खेला जाएगा।

### भारत की वजह से पाकिस्तान ने कप्तान को झूठ बोलने को किया मजबूर

# ऑस्ट्रेलिया दौरे में खिलाड़ियों की बदहाली उजागर

**एजेंसी। लाहौर**



पाकिस्तान हॉकी टीम के कप्तान अम्माद शकील बट ने ऑस्ट्रेलिया दौरे से लौटने के बाद एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने स्वीकार किया कि दौरे के दौरान उन्होंने सुविधाओं को लेकर जो सब कुछ ठीक है वाला वीडियो जारी किया था, वह असल में एक झूठ था। बट के अनुसार, उन्होंने ऐसा केवल इसलिए किया ताकि भारत और भारतीय मीडिया को पाकिस्तान की बदहाली पर मजाक उड़ाने का मौका न मिले।

### भारत के डर से बोला झूठ, अम्माद बट का खुलासा

लाहौर लौटते ही अम्माद बट ने फेडरेशन की पोल खोलते हुए बताया कि ऑस्ट्रेलिया में टीम की स्थिति बेहद दयनीय थी। उन्होंने कहा, 'जब हमें पता चला कि हमारी बदहाली की खबरें भारत तक पहुंच गई हैं, तो मुझे लगा कि यह मेरे देश की इज्जत का सवाल है। मैं नहीं चाहता था कि भारतीय मीडिया हमारे देश को नीचा दिखाए, इसलिए मैंने वीडियो बनाकर झूठ बोला कि सब ठीक है। लेकिन सच तो यह है कि जो भी खबरें बाहर आईं, वे शत-प्रतिशत सच थीं।'

### सिडनी की सड़कों पर 15 घंटे भटके खिलाड़ी

कप्तान ने ऑस्ट्रेलिया में हुए दुर्व्यवहार की दास्तां सुनाते हुए बताया कि सिडनी पहुंचने के बाद टीम के पास ठहरने के लिए कोई जगह नहीं थी। पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन की लापरवाही के कारण होटल की बुकिंग नहीं हुई थी, जिसके चलते खिलाड़ी करीब 15 घंटों तक सिडनी की सड़कों पर बेसहारा लोगों की तरह घूमने को मजबूर हुए। उन्हें न तो समय पर खाना दिया गया और न ही किसी ने उनकी जिम्मेदारी ली।

### खिलाड़ियों से कराया गया टॉयलेट और बर्तन साफ

अम्माद बट ने उन रिपोर्टों की भी पुष्टि की जिनमें कहा गया था कि खिलाड़ियों को मजदूरों की तरह रखा गया। टीम को एक ऐसी जगह ठहराया गया जहां बुनियादी सुविधाएं तक नहीं थीं। खिलाड़ियों को खुद खाना बनाना पड़ता था, बर्तन धोने पड़ते थे और यहां तक कि टॉयलेट की सफाई भी खुद ही करनी पड़ी। बट ने आरोप लगाया कि मैनेजमेंट और फेडरेशन ने खिलाड़ियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया और बार-बार उनसे झूठ बोला गया।

### फेडरेशन और स्पोर्ट्स बोर्ड के बीच उलझा विवाद

वापसी के बाद जब अम्माद ने पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड से शिकायत की, तो बोर्ड ने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि उन्होंने समय पर पैसा जारी कर दिया था। अब सवाल यह उठ रहा है कि अगर बोर्ड ने फंड दिया था, तो वह पैसा गया कहां? कप्तान ने सीधे तौर पर मैनेजमेंट को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को खेल पर ध्यान देने के बजाय बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष करना पड़ा, जिसका असर उनके प्रदर्शन पर भी दिखा और टीम चारों मैच हार गई।

### 2009 में की थी अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत

# हरमनप्रीत कौर सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलने वाली खिलाड़ी बनीं



**कैनबरा।** हरमनप्रीत कौर सर्वाधिक इंटरनेशनल मैच खेलने वाली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। हरमनप्रीत ने यह कारनामा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मनुका ओवल में जारी दूसरे टी20 मुकाबले में किया। यह ऐतिहासिक मैच कौर का भारत के लिए 356वां इंटरनेशनल मुकाबला था, जिसके साथ उन्होंने न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सूजी बेट्स के 355 मुकाबले के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

इस लिस्ट में वह ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी (349 मैच) और भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज (333 मैच) से आगे हैं। इंग्लैंड की दिग्गज खिलाड़ी शार्लेट एडवर्ड्स 309 मैचों के साथ टॉप-5 में हैं।

साल 2009 में अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत करने वालीं हरमनप्रीत कौर ने अब तक अपने करियर में 6 टेस्ट, 161 वनडे और 189 टी20 मुकाबले खेले हैं।

अपने शानदार करियर के दौरान हरमनप्रीत ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को साल 2025 में पहला वनडे वर्ल्ड कप जिताने के साथ हाल ही में इंग्लैंड में टी20 सीरीज में जीत दिलाई। इस महीने की शुरुआत में, उन्हें भारतीय क्रिकेट में शानदार योगदान के लिए 'पद्म श्री' से भी सम्मानित किया गया था। भारतीय टीम ने सिडनी में खेले गए सीरीज के पहले मैच को डकवर्थ-लुईस नियम के आधार पर 21 रन से अपने नाम किया था।

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम 18 ओवरों में महज 133 रन पर सिमट गई। जॉर्जिया वेयरहम ने 19 गेंदों में 4 चौकों के साथ 30 रन की पारी खेली, जबकि फोएबे लिचफील्ड ने 26 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। भारत की तरफ से अरुंधति रेड्डी ने सर्वाधिक 4 विकेट हासिल किए, जबकि श्री चरणी और रेणुका ठाकुर ने 2-2 विकेट निकाले। इसके जवाब में भारतीय टीम ने 5.1 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। इस पारी में शेफाली वर्मा ने सर्वाधिक 21 रन बनाए। स्मृति मंधाना ने नाबाद 16 रन की पारी खेली। हालांकि, भारी बारिश के कारण खेल रुक गया, और आगे कोई एक्शन मुमकिन नहीं होने पर, भारत को डकवर्थ लुईस नियम के तहत विजेता घोषित किया गया। इस जीत ने भारत को मल्टी-फॉर्मेट सीरीज में शुरुआती बढ़त दिला दी।



# एआई की इस सदी पर होगा भारत का प्रभाव इंफ्रास्ट्रक्चर और संप्रभुता रहेगी सर्वोपरि: जीत अदाणी

- ऊर्जा सुरक्षा को "बुद्धिमत्ता सुरक्षा" के बराबर बताया, नवीकरणीय ऊर्जा को रणनीतिक आधार कहा
- एआई पहले भारतीय नागरिकों की क्षमता बढ़ाने का साधन बने, फिर वैश्विक लाभ का माध्यम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड के निदेशक जीत अदाणी ने गुरुवार को कहा कि अब सवाल यह नहीं है कि भारत एआई सदी में भाग लेगा या नहीं, बल्कि असली सवाल यह है कि क्या एआई की इस सदी पर भारत की छाप होगी - "उसकी बुद्धिमत्ता, उसके मानकों और सबसे महत्वपूर्ण, उसके मूल्यों के साथ।" राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 को संबोधित करते हुए जीत अदाणी ने कहा कि भारत की आईटी क्रांति ने देश को वैश्विक डिजिटल सेवाओं की ताकत बना दिया।

उन्होंने वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, "लेकिन उस उत्पादकता का बड़ा हिस्सा हमारे देश में नहीं, बल्कि अन्य देशों में गया। एआई क्रांति भारत को यह समीकरण बदलने का सदी में एक बार मिलने वाला अवसर दे रही है।" इस समिट को 'इतिहास का निर्णायक मोड़' बताते हुए उन्होंने कहा कि एआई संप्रभुता को नए सिरे से परिभाषित करने जा रहा है।

उन्होंने कहा, "हमारे देश के सामने असली सवाल यह नहीं है कि हम एआई अपनाएंगे या नहीं। सवाल यह है कि क्या भारत बुद्धिमत्ता आयात करेगा या खुद उसका निर्माण करेगा, क्या हम केवल उत्पादकता का उपयोग करेंगे या उसका सृजन करेंगे, क्या हम किसी और की प्रणाली से जुड़ेंगे या खुद प्रणाली का निर्माण करेंगे।"

उन्होंने भारत की एआई सदी को परिभाषित करने वाले संप्रभुता के तीन स्तंभ बताए - ऊर्जा संप्रभुता, कंप्यूट और क्लाउड संप्रभुता, और सेवा संप्रभुता।

जीत अदाणी ने आगे कहा, "ये सिर्फ तकनीकी अवधारणाएं नहीं हैं, बल्कि आधुनिक राष्ट्रवाद की नींव हैं।" उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि किसी देश की ऊर्जा व्यवस्था कमजोर है, तो उसकी बुद्धिमत्ता प्रणाली भी कमजोर होगी। आज के एआई युग में पावर ग्रिड और डेटा ग्रिड एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, "इसका मतलब है कि भारत का नवीकरणीय ऊर्जा विस्तार - सौर, पवन और ऊर्जा भंडारण - अब केवल जलवायु नीति नहीं रह गई है, बल्कि रणनीतिक बुनियादी ढांचा नीति है। ऊर्जा सुरक्षा अब बुद्धिमत्ता सुरक्षा के बराबर होने जा रही है। और सतत ऊर्जा प्रतिस्पर्धात्मक लाभ बनेगी।"

उन्होंने आगे कहा कि एआई पहले भारतीय नागरिकों की क्षमता बढ़ाने का साधन बने, उसके बाद ही यह दूसरों के लिए लाभ बढ़ाने का माध्यम बने।




### हरित ऊर्जा आधारित संप्रभु एआई इंफ्रास्ट्रक्चर से बदलेगा भारत का तकनीकी भविष्य

जीत अदाणी ने कहा, "इस सप्ताह की शुरुआत में अदाणी ग्रुप के चेयरमैन और मेरे पिता गौतम अदाणी ने भारत के तकनीकी इतिहास की सबसे परिवर्तनकारी घोषणाओं में से एक की घोषणा करते हुए कहा कि अदाणी समूह देश के लिए सॉवरेन (संप्रभु), हरित-ऊर्जा संचालित एआई इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म बनाने के लिए 100 अरब डॉलर का निवेश करेगा।" उन्होंने कहा, "यह सिर्फ एक डेटा सेंटर का विस्तार नहीं है, बल्कि 5 गीगावाट और 250 अरब डॉलर के एकीकृत ऊर्जा और कंप्यूट इकोसिस्टम की शुरुआत है, जो भारत की 'इंटेलिजेंस रिवोल्यूशन' की नींव बनेगा।" जीत अदाणी ने आगे कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रिड मजबूती और हाइपरस्केल कंप्यूटिंग को एकीकृत ढांचे में जोड़कर यह प्रतिबद्धता सुनिश्चित करती है कि भारत का एआई भविष्य न केवल ऊर्जा से संचालित हो। बल्कि सुरक्षित, संप्रभु और राष्ट्रीय स्तर पर निर्मित भी हो।

## फोनपे का 10 साल में 65 करोड़ यूजर्स वाला फिनटेक साम्राज्य

**एजेंसी। नई दिल्ली**




डिजिटल भुगतान की दुनिया में एक साहसिक शुरुआत करने वाली फोनपे ने पिछले एक दशक में खुद को एक पूर्ण विकसित और विविधीकृत फिनटेक प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित कर लिया है। यूपीआई (यूपीआई) के शुरुआती अग्रदूतों में शामिल रही यह कंपनी अब उपभोक्ताओं और कारोबारियों के लिए एक व्यापक वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) तैयार कर चुकी है। स्थापना के बाद से अब तक फोनपे ने 65 करोड़ से अधिक पंजीकृत उपयोगकर्ताओं का विशाल आधार खड़ा किया है। इसके साथ ही 4.7 करोड़ से अधिक व्यापारियों का स्वीकृति नेटवर्क देश के महानगरों से लेकर दूर-दराज के गांवों तक फैला हुआ है। यह विस्तार किसी एक बड़े 'यूरेका' क्षण का परिणाम नहीं था, बल्कि भारतीयों की रोजमर्रा की छोटी-छोटी वित्तीय जरूरतों को सरल बनाने की रणनीति पर आधारित था।

## भारत में स्थायी चुम्बक का उत्पादन इस साल के अंत तक शुरू हो जाएगा : किशन रेड्डी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने गुरुवार को कहा कि भारत में इस साल के आखिरी तक दुर्लभ पृथ्वी स्थायी चुंबक (आरईपीएम) का उत्पादन शुरू हो जाएगा, जो इलेक्ट्रिक वाहन एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों के लिए जरूरी महत्वपूर्ण खनिजों में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक अहम कदम होगा।

रेड्डी ने यहां उद्योग मंडल इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (फिक्की) और खान मंत्रालय की ओर से आयोजित सम्मेलन में कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत केंद्र सरकार दुर्लभ पृथ्वी तत्वों के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। इस क्रम में इसी साल भारत में स्थायी चुंबकों का उत्पादन शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत अपने सामरिक और आर्थिक भविष्य को सुरक्षित करने के लिए ग्लोबल जरूरी खनिज बैंकिंग में खुद को एक आकर्षक गंतव्य के तौर पर स्थापित कर रहा है। भारत अभी जरूरी खनिजों के आयात पर 95 फीसदी निर्भर है। राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल्स मिशन के तहत 32,000 करोड़ रुपये के खर्च से काम शुरू हो गया है। रेड्डी ने बताया कि पूरे देश में 4,000 से अधिक क्रिटिकल खनिज अन्वेषण गतिविधियां पहले ही शुरू हो चुकी हैं।

# भारत में लाखों छात्रों के लिए एआई क्रिएटिविटी बढ़ाएगा अडोबी

- एआई आधारित रचनात्मकता व उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए रणनीतिक निवेश होगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



अडोबी के चेयरमैन और सीईओ शांतनु नारायण ने गुरुवार को कहा कि कंपनी भारत में लाखों छात्रों के लिए रचनात्मकता के अवसर बढ़ा रही है और उन्हें एआई कौशल से सशक्त बना रही है, जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के दौरान उन्होंने कहा कि वे यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि भारत के छात्र अडोबी के टूल्स से क्या नया निर्माण करते हैं और कैसे 'विकसित भारत' के लक्ष्य को गति देते हैं। अडोबी ने एआई आधारित रचनात्मकता और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक निवेश की घोषणा की है, जिससे देश की नई पीढ़ी को तैयार किया जा सके।

कंपनी ने कहा कि वह अपने प्रमुख टूल जैसे अडोबी फायरफ्लाई, फोटोशॉप और एक्रोबैट को भारत के मान्यता प्राप्त उच्च शिक्षण संस्थानों के माध्यम से छात्रों को मुफ्त उपलब्ध कराएगी। इससे छात्र एआई-फर्स्ट करियर के लिए तैयार हो सकेंगे। इस टूलकिट के जरिए छात्रों को अडोबी के रचनात्मक और उत्पादकता सॉफ्टवेयर के साथ पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण और प्रमाणपत्र भी मिलेंगे, जिससे वे पढ़ाई पूरी करने के बाद अलग पहचान बना सकें।एआई सीखते समय छात्रों को अडोबी के जेनरेटिव एआई मॉडल का सुरक्षित और व्यावसायिक उपयोग के लिए तैयार कंटेंट मिलेगा। साथ ही उन्हें अन्य जेनरेटिव एआई मॉडलों के साथ भी काम करने की सुविधा दी जाएगी।

# झामुमो, कांग्रेस और राजद इस राज्य को विनाश की ओर ले जा रहे : रघुवर दास

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास बुधवार से पलामू दौरे पर हैं। मेदिनीनगर में भाजपा समर्थित महापौर प्रत्याशी अरुणा शंकर के पक्ष में जनसभा की। वोटरों को गोलबंद करने के लिए सरकार और प्रशासन पर निशाना साधा। गुरुवार दोपहर मेदिनीनगर में पत्रकारों से बात करते हुए रघुवर दास ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस पार्टी एक समुदाय का वोट लेने के लिए एड़ी चोटी एक कर रखी हैं। एक दूसरे से लड़ रहे हैं। राज्य के लिए तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ वाली कहावत चरितार्थ कर रहे हैं। झामुमो, कांग्रेस और राजद इस राज्य को विनाश की ओर ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 3 वर्ष से नगर निकाय चुनाव नहीं हुए, जिससे इस राज्य को 5100 करोड़ का नुकसान हुआ है। केंद्र सरकार शहरी क्षेत्र में विकास के लिए प्रत्येक वर्ष 1700 करोड देता है। निकाय चुनाव नहीं होने के कारण यह राशि झारखंड को नहीं मिल पाई। पिछले 6 वर्षों के दौरान झारखंड में कोई कार्य नहीं हुआ इसीलिए सरकार हार के डर से निकाय चुनाव से भाग रही थी। उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप से चुनाव हुआ है। भारतीय जनता पार्टी के आंदोलन का भी असर रहा।



उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पूरे राज्य में व्यापारियों से रंगदारी मांगी जा रही है। किसान, युवा, महिलाएं सभी इस सरकार से त्रस्त हैं। 18 से 50 वर्ष की सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना देने की घोषणा करने वाली सरकार अब शर्तों के साथ लाभ दे रही है। इस उम्र की महिलाओं की संख्या 70 लाख है, लेकिन अधिकतर महिलाओं को लाभ से वंचित कर दिया गया है। ऐसी महिलाएं प्रखंड और अंचल का चक्कर लगा रही हैं। उन्होंने कहा कि मेदिनीनगर में मतदाताओं को डराने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशासन किसी राजनीतिक दल का एजेंट ना बने, इस पर हमारा संगठन निगाह रखे हुए हैं। प्रशासन संवैधानिक तरीके से अपनी जिम्मेदारी को निभाए। अगर कोई गड़बड़ी या किसी दल से प्रभावित होकर कोई कार्य करते हैं और दोषी चाहे आइएएस, आईपीएस अधिकारी हो या अन्य पदाधिकारी उनके खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी।दास ने कहा कि झारखंड सरकार में हर स्तर पर भ्रष्टाचार फैला हुआ है। बिना पैसे के कोई काम नहीं होता। सरकार समय पर नियुक्ति परीक्षा नहीं ले रही है। अगर नियुक्ति भी हो रही है तो उसमें भ्रष्टाचार हो रहा है और पैसे लिए जा रहे हैं। छात्रों को एडमिट कार्ड तक नहीं मिलता है। तो कभी प्रश्न पत्र ही लीक हो जाता है। आदिवासी, दलित, पिछड़ा सब इस सरकार से त्रस्त हैं। ऋण माफी की घोषणा करने के बाद भी किसानों को कोई लाभ नहीं मिल पाया है। व्यापारियों से रंगदारी मांगे जाने के कारण पलायन की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने मेदिनीनगर की पूर्व महापौर अरुणा शंकर के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि जमशेदपुर में रहते हुए उन्होंने ऐसा कार्य नहीं किया जो अरुणा शंकर ने अपने कार्यकाल में करके दिखाया है। कोयल रिवर फ्रंट की खूबसूरती देखते बनती है। उनके अन्य कार्य भी काफी सराहनीय है।


## जय श्री और मीना गुप्ता ने दिया अरुणा शंकर को समर्थन

मेदिनीनगर नगर निगम चुनाव में महापौर पद पर किस्मत आजमा रही जय श्री और मीना गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी के समर्थित उम्मीदवार अरुण शंकर को अपना समर्थन दे दिया है। चैनपुर और मेदिनीनगर में आयोजित कार्यक्रम में दोनों प्रत्याशियों ने अपना समर्थन देने की घोषणा की। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। उन्होंने दोनों उम्मीदवारों के फैसले का स्वागत किया। बताते चलें की जय श्री गुप्ता और मीना गुप्ता भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हैं और बागी होकर मेयर पद के लिए चुनाव लड़ रहे थे। रघुवर दास मेदिनीनगर आगमन के बाद बुधवार रात मेयर प्रत्याशी जय श्री गुप्ता के घर पहुंचे और अपनी गाड़ी में साथ लेकर सभा में पहुंचे और यहां उन्होंने समर्थन की घोषणा करवाई। इसी तरह गुरुवार को चैनपुर बाजार में एक जनसभा के दौरान मीना गुप्ता ने अरुणा शंकर को मंच से समर्थन की घोषणा की।

# डीसी और एसपी ने सेक्टर पदाधिकारियों को आपसी समन्वय का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** आगामी 23 फरवरी को पलामू के पांचों नगर निकाय क्षेत्रों के लिये मतदान होगा। इसे लेकर गुरुवार को मेदिनीनगर के टाउन हॉल में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस और पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने चुनाव में प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारियों और सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी समीरा एस ने एक-एक कर सेक्टर पदाधिकारी से उनके क्षेत्राधिकार में पड़ने वालों बूथों की संख्या, बूथों का लोकेशन, क्लस्टर से बूथों की दूरी की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी सेक्टर पदाधिकारियों से उनके बूथों पर एएमएफ के तहत सभी सुविधा बहाल रहे, यह सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव निष्पक्ष और भय मुक्त वातावरण में संपन्न हो, इसके लिये सेक्टर पदाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों के बीच आपसी समन्वय ज़रूरी है। मतदान के बाद सभी लोग क्लस्टर पर पहुंचेगें। पूर्व से निर्धारित रुट को फ़ॉलो करना जरूरी रहेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाताओं के बीच वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण शत-प्रतिशत करने का निर्देश दिया। किसी भी परिस्थिति में पोलिंग पर्सन के की ओर से निजी वाहनों का इस्तेमाल नहीं किया जायेगा। उन्होंने सभी को मतदान पूर्व संध्या जिम्मेदारी, आवंटित मतदान केंद्रों का दौरा, मतदान केंद्रों का निरीक्षण, नियंत्रण कक्ष एवं संचार व्यवस्था, क्रिटिकल बूथों पर विशेष नज़र रखने पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने सभी को उनके दायित्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वहीं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने कहा कि 23 फरवरी को मतदान स्थल के 100 मीटर के क्षेत्र में किसी प्रकार के हथियार ले जाने पर पाबंदी है। सभी पुलिस के जवान यह सुनिश्चित करें कि कोई भी मतदाता मतदान स्थल के भीतर मोबाइल के साथ प्रवेश नहीं करे। उन्होंने मतदानकर्मियों से कहा कि किसी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत सर्वप्रथम अपने सेक्टर पुलिस पदाधिकारी से करें। इसके अलावे एसपी ने सभी पुलिस कर्मियों को भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने को लेकर कई निर्देश दिये। मौके पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, सभी निर्वाची पदाधिकारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी, सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।



# पांकी के पुंडरू और अंदाग जंगलों में 7 एकड़ अफीम की फसल नष्ट

## पुलिस-वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई, संलिप्त लोगों की पहचान जारी

- मादक पदार्थों की खेती और तस्करी के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी: थाना प्रभारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुंडरू एवं अंदाग के जंगली इलाके में वन भूमि पर अवैध रूप से की जा रही अफीम/पोस्ता की खेती के विरुद्ध गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की गई। दोपहर में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान लगभग सात एकड़ वन भूमि में लगी अवैध अफीम/पोस्ता की फसल को विनष्ट कर दिया गया। यह अभियान पांकी थाना, ताल पिकेट के पदाधिकारियों व जवानों तथा वन विभाग की टीम के संयुक्त सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि अवैध अफीम की खेती में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान एवं नाम-पता का सत्यापन किया जा रहा है। संबंधित मामलों में वन विभाग द्वारा वन अधिनियम के तहत वन वाद दायर कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध मादक पदार्थों की खेती और तस्करी के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।



# निकाय चुनाव से पहले हुसैनाबाद में अनुमंडल प्रशासन का फ्लैग मार्च

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। 23 फरवरी को होने वाले मतदान से पूर्व बुधवार देर शाम शहर के संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। नगर पंचायत के 16 वार्डों के लिए कुल 29 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। भयमुक्त एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निकाले गए इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व अनुमंडलाधिकारी गौरांग महतो एवं एसडीपीओ एस. मोहम्मद याकूब ने संयुक्त रूप से किया। उनके साथ बीडीओ सुनील वर्मा, सीओ पंकज कुमार, थाना प्रभारी चंदन कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर है तथा पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। प्रशासन ने मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की है।



## भगवान श्रीराम, सीता और लक्ष्मण की मूर्तियां आस्था का केंद्र

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय प्रसिद्ध देवीधाम को भव्य रूप देकर सर्वदेव की मूर्तियों की स्थापना कराई गई है, जो क्षेत्रवासियों की आस्था एवं आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। मंदिर के निचले तल पर सप्तमातृका एवं महादेव विराजमान हैं, जबकि ऊपरी तल पर भगवान श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण एवं राधा-कृष्ण की प्रतिमाएं स्थापित हैं। बाद में संतोषी माता की भी मूर्ति स्थापित की गई। बताया जाता है कि पूर्व में यहां सप्तमातृकाओं के पिंड की पारंपरिक रूप से पूजा-अर्चना होती थी। बाद में ग्रामीणों के सहयोग से स्थानीय प्रतिष्ठित किसान स्व. रणविजय सिंह ने अपने दिवंगत माता-पिता फुलबदन देवी एवं पृथ्वीनाथ सिंह की स्मृति में 24 अप्रैल 2016 को इस भव्य मंदिर का निर्माण कराकर विधिवत मूर्ति स्थापना कराई।


# हुसैनाबाद नगर पंचायत में बैलेट पेपर से मतदान, जागरूकता अभियान की मांग तेज

## रिजेक्ट मतों की आशंका को लेकर प्रत्याशी व बुद्धिजीवी चिंतित

**संजय ओझा**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** नगर पंचायत क्षेत्र में इस बार मतदान प्रक्रिया ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से कराई जा रही है। लंबे समय बाद बैलेट पेपर की वापसी को लेकर विभिन्न प्रत्याशियों एवं स्थानीय बुद्धिजीवियों ने व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि जागरूकता के अभाव में अमान्य (रिजेक्ट) मतों की संख्या बढ़ने की आशंका है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान कई स्थानों पर तकनीकी कारणों से बड़ी संख्या में मत अमान्य घोषित किए गए थे। बैलेट पेपर पर निर्धारित चिह्न पर सही ढंग से मुहर नहीं लगाने के कारण कई प्रत्याशियों को अपेक्षित मत मिलने के बावजूद पराजय का सामना करना पड़ा था। इसी अनुभव को ध्यान में रखते हुए नगर निकाय चुनाव में ऐसी स्थिति दोहराए जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। प्रत्याशियों का मानना है कि यदि मतदाताओं को बैलेट पेपर पर सही तरीके से मुहर लगाने की जानकारी दी जाए, तो अमान्य मतों की संख्या कम की जा सकती है।

### प्रत्येक मतदान केंद्र पर 'डमी मतदान' की मांग



प्रत्याशियों एवं स्थानीय बुद्धिजीवियों ने सुझाव दिया है कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर डमी बैलेट पेपर के माध्यम से मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया का पूर्वाभ्यास कराया जाए। इससे मतदाता सही स्थान पर मुहर लगाने के प्रति आश्वस्त हो सकेंगे। उनका कहना है कि यदि प्रशासन इस दिशा में पहल करता है, तो न केवल अमान्य मतों में कमी आएगी, बल्कि मतदान प्रतिशत में भी वृद्धि होगी। जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की सच्ची ताकत होते हैं। इस संबंध में एसडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी गौरांग महतो ने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करना आवश्यक है और इस दिशा में शीघ्र पहल की जाएगी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का मानना है कि यह मुद्दा किसी एक दल या प्रत्याशी तक सीमित नहीं, बल्कि लोकतंत्र की पारदर्शिता और निष्पक्षता से जुड़ा है। समय रहते प्रभावी जागरूकता अभियान चलाकर हर मत की सही गिनती सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि जनादेश स्पष्ट और पारदर्शी रूप से सामने आ सके।

# मेदिनीनगर में रोड शो, महापौर चुनाव को लेकर गरमाया माहौल

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करीबी माने जाने वाले पूर्व डिप्टी मेयर राकेश सिंह उर्फ मंगल की पत्नी महापौर प्रत्याशी रिंकू सिंह के लिए गुरुवार को वोट मांगा। उन्होंने मेदिनीनगर में रोड शो किया। उनके रोड शो में भारी भीड़ उमड़ी। रोड शो महिलाओं की संख्या अधिक थी। कार्यक्रम में जय जय श्री राम के नारे जमकर लगाए गए।

रोड शो से पहले डॉक्टर गौतम ने रिंकू सिंह के कार्यालय दुर्गा मंडप में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मेदिनीनगर के मंगल' के लिए रिंकू सिंह का समर्थन करें और अगर यहां दंगल चाहते हैं तो हरे पगड़ी वालों के साथ चले जाएं। मंगल सिंह जन नेता हैं। डिप्टी मेयर रहते हुए कागज और मुहर गाड़ी में रखते थे और ऑन स्पॉट काम करते थे। ऐसा वह खुद नहीं उनके विरोधी भी बताते हैं। इनके पास पैसा कम है। बैनर पोस्टर शहर में कम नजर आते हैं, लेकिन मंगल नौजवानों के हृदय में बसते हैं और उनकी छवि अच्छी है।उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि निगम क्षेत्र में 1 लाख 29 हजार वोटर हैं, लेकिन 30 हजार विशेष समुदाय का वोट पाने के लिए कुछ लोग गली-गली घूम रहे हैं। कब्रिस्तान की घेराबंदी और मजार बनाने की घोषणा की जा रही है। ऐसे लोग राजनीति को दूषित कर रहे हैं। डॉ खटटर ने कहा कि पलामू में गौ रक्षा की बात होती है तो मंगल सिंह का नाम सबसे पहले आता है। 15- 20 वर्ष से वे सेवा दे रहे हैं लेकिन अकेले हैं। यह चुनाव इन्हें ताकत देगा। अगर उनकी जीत होती है तो मेदिनीनगर में धर्म बचेगा और इसके सहारे हम सभी बचेंगे। गौ माता की तस्करी करने वालों का समर्थन कभी नहीं करें। मौके पर अंग वस्त्र और पुष्प कुछ देकर गौतम खट्टर का स्वागत किया गया। मौके पर मंगल सिंह, प्रत्याशी रिंकू सिंह, दिनेश दिवेद्वी, प्रदीप सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

## पेज एक के शेष

### धान की अच्छी...

रहने का मुद्दा उठाया जबकि हेमलाल मुर्मू ने बड़ी संख्या में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों के पद खाली रहने का मुद्दा उठाया और बहुत लोगों को इंटरनेट सुविधा सही नहीं रहने राशन नहीं मिलने की समस्या के समाधान की मांग की जिसके जवाब में सरकार की ओर से मंत्री इरफ़ान अंसारी ने कहा कि पहले 260 में से अधिकांश पद रिक्त थे जिन्हें सरकार भर रही है और नेट की शिकायत जहां से मिलती है ठीक कराया जाता है ।

**जेपीएससी सिविल सेवा के लिए उम्र में छूट मिलनी चाहिए- अमित/जयराम महतो :** अमित महतो और जयराम महतो ने 2026 की आगामी जेपीएससी परीक्षा में कट ऑफ़ डेट 2017 के बजाय 2018 करने से अभ्यर्थियों को हो रही परेशानी और इससे बड़ी संख्या में अभ्यर्थी के वंचित रहने पर सरकार को ध्यान आकृष्ट कराया। संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गंभीर हैं और वंचित अभ्यर्थियों को जल्द परीक्षा में शामिल करने पर विचार किया जाएगा। नमन विक्सल कोंगाड़ी के प्रश्न कि पशुओं की मृत्यु से किसानों की कमर टूट जाती है मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की ने कहा कि पोस्टमार्टम किए जाने की स्थिति में सरकार मुवावजे पर विचार कर सकती है । प्रकाश राम ने लातेहार में लैम्प्स द्वारा धान की खरीददारी के बाद भी लंबे समय भुगतान नहीं होने का मुद्दा उठाया तो मंत्री इरफ़ान अंसारी ने कहा एक महीने के अंदर भुगतान हो जाएगा ।जनार्दन पासवान ने चतरा के आपूर्ति विभाग के एफ़आइआर पर सवाल उठाते हुए कहा कि पहले दुकान सील किया एक महीने बाद कहा सब ठीक है,उनपर कार्रवाई हो।उमाकांत रजक ने विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में पीजी की पढ़ाई नहीं होने का मुद्दा उठाया।अनंत प्रताप देव ने झारखण्ड छतीसगढ़ सीमा पर सड़क की बदहाली का मुद्दा उठाया । निर्मल महतो ने भी मांडू क्षेत्र में एनटीपीसी के वाहनों से सड़क खराब होने का मामला उठाया। सबिता महतो ने कहा कि ईचागढ़ में एनएचएआई के अधूरे पुल से 40 लोगों के मारे जाने का मुद्दा उठाया। सरयू राय ने दामोदर नदी के साफ़ होने के बाद फिर से प्रदूषित किए जाने का मामला उठाते हुए कहा कि किनारे पर कोयले की तस्करी हो रही है । दशरथ गागराई ने खरसांवा में सड़क उखड़ने का मामला उठाया तो नरेन्द्र प्रताप सिंह ने सहिया का मानदेय बढाने की मांग की ।रोशनलाल चौधरी ने पतरातू में पीटीपीएस की भूमि के हस्तांतरण से विस्थापित 2000 लोगों के पुनर्वास की मांग की ।अनंत प्रताप देव ने भवनाथपुर से आधार संबंधी कार्यों के लिए 300 किलोमीटर तक का चक्कर लगाकर रांची आने का मुद्दा उठाया जिसपर मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि इसे भारत सरकार के संज्ञान में लाया जाएगा ताकि जिला स्तर पर आधार केंद्र की सुविधा मिल सके।

### झारखंड विधानसभा परिसर...

लेकिन वन विभाग उनकी गतिविधियों की प्रभावी मॉनिटरिंग करने में विफल रहा है। उनका आरोप था कि कई-कई दिनों तक हाथियों की लोकेशन का पता नहीं चलता और वे अचानक गांवों व शहरी इलाकों में प्रवेश कर जान-माल का नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने इसे प्रशासनिक उदासीनता का परिणाम बताया। प्रदर्शन के दौरान विधायक ने खनन क्षेत्रों में अवैध कोयला और लोहा चोरी के साथ-साथ रात में होने वाली ब्लास्टिंग पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि इन गतिविधियों से हाथियों का प्राकृतिक आवास प्रभावित हो रहा है, जिससे वे जंगल छोड़कर आबादी वाले क्षेत्रों की ओर रुख कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि "जल-जंगल-जमीन" की सुरक्षा का दावा करने वाली सरकार प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा में असफल रही है। मृतकों के परिजनों को दिए जाने वाले मुआवजे को लेकर भी उन्होंने नाराजगी जताई। वर्तमान में चार लाख रुपए की सहायता राशि को अपर्याप्त बताते हुए इसे बढ़ाकर 20 से 30 लाख रुपए करने की मांग की गई। साथ ही पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग उठाई गई। क्षतिग्रस्त घरों के मामलों में भी सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया गया। विधायक ने कहा कि पूर्ण पुनर्वास के बजाय नाममात्र की सहायता दी जा रही है, जो प्रभावित परिवारों के साथ अन्याय है। उन्होंने सरकार से क्षतिग्रस्त घरों का पूर्ण पुनर्निर्माण सुनिश्चित करने और हाथी-मानव संघर्ष पर ठोस नीति बनाने की मांग की।

### झारखंड में बनाएंगे...

आलिन का लीवर, किडनी, कॉर्निया और हार्ट वॉल्व दान किए गए, जिससे चार बच्चों को नया जीवन मिला। नेदुंगदप्पल्ली स्थित सेंट थॉमस सीएसआई चर्च में आलिन का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया गया। मुख्यमंत्री सोरेन ने इस घटना का जिक्र करते हुए कहा कि यह केवल अंगदान नहीं, बल्कि मानवता के प्रति अटूट आस्था का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने लिखा कि आलिन का जीवन भले ही अल्पकालिक रहा, लेकिन वह कई परिवारों की उम्मीद बनकर अमर हो गई हैं। उन्होंने दिवंगत बालिका को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके माता-पिता के साहस को नमन किया। सोरेन ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की संवेदनशीलता की भी सराहना की, जिन्होंने अंतिम संस्कार को राजकीय सम्मान देकर इस संदेश को और सशक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंगदान दूसरों को जीवन देने का महादान है और झारखंड सरकार राज्य में अंगदान नीति को और मजबूत बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी।

### रांची से तिरुपति...

वापसी दिशा में ट्रेन संख्या 07052 रक्सौल से 24 फरवरी, 3 मार्च और 10 मार्च को तिरुपति के लिए रवाना होगी। इस सेवा से त्योहार पर घर जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।इसके साथ ही रांची से झंझारपुर के बीच भी होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। ट्रेन संख्या 08105 रांची से प्रत्येक सोमवार को 2 मार्च से 30 मार्च तक रात 22.50 बजे रवाना होकर अगले दिन 16.00 बजे झंझारपुर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 08106 झंझारपुर से प्रत्येक मंगलवार को 3 मार्च से 31 मार्च तक शाम 18.00 बजे खुलेगी और अगले दिन दोपहर 12.15 बजे रांची पहुंचेगी। पूर्वी उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए रांची और गोरखपुर के बीच भी विशेष ट्रेन चलाई जाएगी। ट्रेन संख्या 08629 रांची से प्रत्येक सोमवार को 2 मार्च से 30 मार्च तक रात 23.55 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 21.30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 08630 गोरखपुर से प्रत्येक बुधवार को 4 मार्च से 1 अप्रैल तक रात 00.50 बजे रवाना होगी और उसी दिन 20.45 बजे रांची पहुंचेगी। इस ट्रेन का ठहराव मुरी और बोकारो स्टील सिटी में भी निर्धारित किया गया है।

### झारखंड समेत 22...

एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक और अपडेटेड बनाना है। इस प्रक्रिया में नए मतदाताओं को जोड़ना, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाना और सूची में गलतियों को सुधारना शामिल होता है। आयोग का यह सुनिश्चित करना है कि यह काम समय सीमा और व्यवस्थित रूप से पूरा हो, ताकि आने वाले चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारू रूप से पूरा हो सके। यह कदम लोकतंत्र की मजबूती और सुचारु चुनाव व्यवस्था के लिए बेहद जरूरी माना जा रहा है।

### सेंसेक्स 1,236 अंक...

बाजार में यह बड़ी गिरावट कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, अमेरिका-ईरान के बढ़ते तनाव और बैंकिंग व एफएमसीजी क्षेत्र की बड़ी कंपनियों में मुनाफावसूली के चलते आई। इस दौरान, सेंसेक्स के सभी 30 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई, जिनमें इंडिगो, एम एंड एम, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, बीईएल, कोटक बैंक, रिलायंस, टेक महिंद्रा और आईटीसी के शेयरों में सबसे अधिक 3.2 प्रतिशत तक की गिरावट देखने को मिली। व्यापक बाजारों में, निफ्टी मिडकैप 100 में 1.59 प्रतिशत और स्मॉलकैप 100 इंडेक्स में 1.27 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। विभिन्न सेक्टर्स की बात करें, तो निफ्टी रियल्टी, निफ्टी मीडिया और निफ्टी ऑटो सबसे ज्यादा नुकसान झेलने वाले क्षेत्र रहे, जिनमें से प्रत्येक में 2 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके बाद निफ्टी एफएमसीजी और निफ्टी प्राइवेट और पीएसयू बैंक रहे, जिनमें 1 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। इस तेज गिरावट से निवेशकों को 53 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ, जिससे बीएसई का कुल बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) घटकर लगभग 466 लाख करोड़ रुपए रह गया। इस बीच, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी के पहले पखवाड़े में 10,956 करोड़ के आईटी शेयरों की बिक्री की। इसी अवधि में, दलाल स्ट्रीट में कुल 29,709 करोड़ का निवेश आया, जिसमें आईटी शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट देखी गई।

### युवक की पत्थर...

ताकि अपराधियों की पहचान और उनके आने-जाने के रास्तों का पता लगाया जा सके। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा, जहां पहुंचे कुछ लोगों ने शव की पहचान की। अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं, आपसी रंजिश, पुरानी दुश्मनी या सुनियोजित हत्या को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। शव की पहचान होने के बाद पुलिस आसिफ के परिजनों से जानकारी हासिल कर रही है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का इलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का इलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा इलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## टेक्सास में हनुमान जी की मूर्ति से ट्रंप समर्थक नाराज



**वॉशिंगटन डीसी ।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में हनुमान जी की मूर्ति पर ट्रम्प समर्थक नेता कार्लोस टुर्सियोस ने नाराजगी जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि यह इस्लामाबाद या नई दिल्ली नहीं है। यह शुगर लैंड, टेक्सास है। उन्होंने कहा कि पिछड़े देशों के प्रावासी धीरे-धीरे टेक्सास और अमेरिका पर कब्जा कर रहे हैं। यह अमेरिका की तीसरी सबसे बड़ी मूर्ति क्यों है? हमला रोकिए। हनुमान की 90 फीट ऊंची मूर्ति टेक्सास राज्य के श्री अष्टलक्ष्मी मंदिर में लगी है और इसे 'स्टैच्यू ऑफ यूनियन' कहा जाता है।

# राफेल डील की आलोचना समझ से परे इसमें भारतीय पुर्जे होंगे इस्तेमाल : मैक्रों

- इमैनुएल मैक्रों ने राफेल डील की आलोचना को निराधार बताया, कहा इससे सबसे अधिक लाभ भारत को होगा
- फ्रांस और भारत के रिश्ते 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' के स्तर पर-रक्षा, तकनीक और रोजगार सृजन पर जोर



**एजेंसी । नई दिल्ली**

राफेल डील की आलोचना को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने समझ से परे बताते हुए दावा किया कि इससे लाभ निश्चित तौर पर भारत को ही होगा। इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट में शिरकत कर रहे मैक्रों ने आईएएनएस के सवालों का जवाब देते हुए इस डील के फायदे गिनाए।

मैक्रों ने भारत-फ्रांस संबंधों को बहुत मजबूत और अहम बताया। उन्होंने कहा, "हमारी साझेदारी केवल रणनीतिक नहीं है, बल्कि उससे एक कदम आगे बढ़कर मैं कहूंगी कि ये विशेष ग्लोबल स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों गुरुवार को भारत मंडपम के मेन हॉल में हुए उद्घाटन समारोह का हिस्सा बने। उनके साथ संयुक्त राष्ट्र के महासचिव भी थे। इसके बाद उन्होंने इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो का दौरा किया। आईएएनएस से खास बात करते हुए उन्होंने आपसी सहयोग को दोनों देशों के लिए जरूरी बताया। उन्होंने कहा, "साफ है कि भारत के साथ सहयोग बेहतर हो रहा है, और हम सहयोग के एक नए दौर में प्रवेश कर रहे हैं। मैक्रों ने आगे कहा कि "हम लगातार स्वदेशी कंपोनेंट्स बढ़ा रहे हैं। यह कंपनी और आपकी सरकार के बीच चल रही बातचीत का हिस्सा है। मैक्रों से जब राफेल को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा, "मुझे नहीं पता कि लोग इसकी आलोचना क्यों करते हैं? इससे आपके देश को मजबूती मिलेगी, हमारे स्ट्रेटजिक रिश्ते और गहरे होंगे, और भारत में रोजगार का सृजन होगा। भारत-फ्रांस रक्षा सहयोग की सराहना करते हुए मैक्रों ने कहा, "हम इस बात के लिए बेहद प्रतिबद्ध हैं कि अधिकतम मेड इन इंडिया, यानी भारतीय पुर्जों का इस्तेमाल हो और अधिक से अधिक महत्वपूर्ण उपकरणों का निर्माण भारत में ही किया जाए। यही तर्क टाटा-एयरबस डील के पीछे भी था, इसलिए हम राफेल के मामले में भी यही करेंगे। आप हम पर भरोसा कर सकते हैं। मैक्रों ने यह भी कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जून में फ्रांस आने का न्योता दिया है। मैक्रों ने आईएएनएस को बताया, "पीएम मोदी ब्रिक्स अध्यक्ष के तौर पर जी7 के विशिष्ट अतिथि होंगे। फ्रांस के प्रेसिडेंट ने कहा, "हमारी एक खास ग्लोबल स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप है, जो भारत और फ्रांस दोनों के लिए अद्भुत है। हम राफेल डील को बढ़ाना चाहते हैं।


## एपस्टीन कांड में प्रिंस एंड्रयू की उनके 66वें जन्मदिन पर गिरफ्तारी

### किसी वरिष्ठ शाही सदस्य की पहली गिरफ्तारी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** जिस इंग्लैंड ने भारत पर लगभग 190 साल राज किया, वहां आज सुबह सैंड्रिंघम एस्टेट पर पुलिस का छापा पड़ा, जहां पूर्व प्रिंस एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर को हिरासत में लिया गया। यह गिरफ्तारी जेफरी एपस्टीन से जुड़े सार्वजनिक पद के दुरुपयोग के आरोपों पर आधारित है, जो ब्रिटेन में कानून के शासन की मिसाल बन रही है।थैम्स वैली पुलिस ने पुष्टि की कि एंड्र्यू को उनके वुड फार्म आवास से सुबह 8 बजे के करीब निकाला गया, जहां सादे कपड़ों के अधिकारी और बिना नंबर वाली गाड़ियां पहुंचीं।

जांच में आरोप है कि उन्होंने यूके के ट्रेड प्रतिनिधि के रूप में रहते हुए एपस्टीन को गोपनीय सरकारी जानकारी सौंपी थी। यह घटना उनके 66वें जन्मदिन पर हुई, जो आधुनिक इतिहास में किसी वरिष्ठ शाही सदस्य की पहली गिरफ्तारी है।एपस्टीन फाइल्स के हालिया खुलासे ने इस मामले को हवा दी है। एंड्र्यू पर पहले से यौन शोषण के आरोप लगे थे, जिसके बाद बकिंघम पैलेस ने उन्हें शाही उपाधियां और रॉयल लॉज से बेदखल कर दिया था। अब मिसकंडक्ट इन पब्लिक ऑफिस के तहत यह केस जीवन कारावास तक की सजा दे सकता है।ब्रिटेन में राजतंत्र अभी भी प्रतीकात्मक रूप से जीवित है, जहां राजा चार्ल्स तीसरे का भाई होने के बावजूद एंड्र्यू कानून के घेरे में है। प्रधानमंत्री कीयर स्टार्मर ने कहा कि "कोई कानून से ऊपर नहीं है।" एंटी-मोनार्की ग्रुप रिपब्लिक ने इसे अपनी मुहिम का नतीजा बताया।यह ऐतिहासिक है क्योंकि 1647 में किंग चार्ल्स प्रथम के बाद कोई बड़ा शाही गिरफ्तार नहीं हुआ था। पुलिस बर्कशायर और नॉरफोक में तलाशी ले रही है, जबकि महल ने जांच में सहयोग का ऐलान किया है। ब्रिटेन में राजतंत्र के होते हुए भी स्वतंत्र पुलिस कार्रवाई करती है, जबकि ब्रिटेन का संवैधानिक राजतंत्र कानूनी रूप से मजबूत संस्थाओं पर टिका है, जहां पुलिस और अदालतें राजा से ऊपर हैं।



**कोई कानून से ऊपर नहीं- प्रधानमंत्री कीयर स्टार्मर**

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता मामले में भारत अभी पीछे पर खुल रहा संभावनाओं का द्वार

**ब्यूरो/नई दिल्ली।** यहाँ सच्चे, तथ्य-आधारित आंकड़ों के आधार पर एक स्पष्ट और निष्पक्ष चार्ट है, जो दिखाता है कि एआई अनुसंधान, निवेश और तैयारियों के मामले में विश्व के शीर्ष 5 देश कौन हैं- साथ ही हर देश की मुख्य खासियत और कमी भी शामिल है। डेटा मुख्य रूप से स्टैनफोर्ड एआइ इंडेक्स और एआइ निवेश रिपोर्टों पर आधारित है, जो विभिन्न देशों के निवेश, शोध, मानव संसाधन और नीति-तैयारी को ध्यान में रखते हैं।

**वैश्विक एआई : टॉप 5 देशों का तुलनात्मक चार्ट (शोध व पूंजी निवेश)**

| रैंक | देश | कुल AI निवेश (2013-24) (USD Billion) | अनुसंधान व विकास ताकत | मुख्य खासियत | मुख्य कमी |
|---|---|---|---|---|---|
| अमेरिका | ~470.9 | दुनिया में सर्वाधिक AI शोध एवं निवेश | सबसे बड़ा निजी + पब्लिक निवेश; व्यापक AI ecosystem | तकनीकी नेतृत्व, चिप्स और AI सुरक्षा में अग्रणी | नियमन और डेटा गोपनीयता पर बहसें |
| चीन | ~119.3 | अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा निवेश | बड़ी जनसंख्या व डेटा उपलब्धता; राज्य-नियंत्रित रणनीति | AI अनुप्रयोग (स्मार्ट शहर, निगरानी, वाहनों में) | उच्च-स्तरीय चिप निर्माण में अमेरिका से पिछड़ा |
| ब्रिटेन | ~28.2 | मजबूत R&D, नीति-तैयारी | AI सुरक्षा और सार्वजनिक सेवाओं में AI | अच्छी नीति और अध्ययन धरोहर | सीमित निवेश बनाम अमेरिका/चीन |
| कनाडा | ~15.3 | शोध-आधारित विकास में प्रतिष्ठित | टोरंटो/मॉन्ट्रियल जैसे AI केंद्र | उच्च-स्तरीय अनुसंधान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा | निवेश राशि छोटी |
| इजराइल | ~15.0 | कम लेकिन स्मार्ट निवेश | रक्षा और cybersecurity AI में अग्रणी | स्टार्टअप-उन्मुख और अनुसंधान-समर्थ | बाजार आकार छोटा |

- अमेरिका एआइ में निवेश और शोध दोनों में स्पष्ट रूप से विश्व का नेता है – अमेरिका ने अकेले इतने निवेश किए हैं जितना बाकी दुनिया ने काफी हद तक मिलकर किया है।
- चीन दूसरे स्थान पर है, विशेष रूप से डेटा, उपयोग-आधारित AI और सरकारी रणनीति में बहुत तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।
- ब्रिटेन, कनाडा व इजरायल हालांकि अमेरिका/चीन जैसा निवेश नहीं कर सकते, वे अनुसंधान गुणवत्ता, नीति-तैयारी और ठोस AI प्रयोग के कारण शीर्ष 5 में हैं।

**भारत व एआई दौड़ :** भारत की स्थिति इस टॉप-5 सूची में नहीं है जबकि वह निवेश और शोध गति पकड़ रहा है – लेकिन अभी अमेरिका/चीन/यूरोपीय देशों से काफी पीछे है। भारत ने 2013-2024 में लगभग ~11 बिलियन यूएसडी एआइ निवेश आकर्षित किया है, जो तेरह देशों से कम है। भारत में एआई अनुसंधान और उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन कंप्यूटर आधारित आधारभूत संरचना, चिप तकनीक और बड़े-पैमाने पर निजी निवेश में अंतर अभी स्पष्ट दिखता है।लेकिन ऊपर के तथ्यों से जाहिर है कि अमेरिका वैश्विक एआई विकास और शोध में सबसे आगे है। चीन दूसरे स्थान पर, मात्रा और सरकारी रणनीति में मजबूत है। ब्रिटेन, कनाडा और इजराइल जैसे देश शोध, नीति और विशेषज्ञता के माध्यम से खुद को वैश्विक एआइ मानचित्र पर स्थापित कर रहे हैं। भारत में वर्तमान वैश्विक एआइ सम्मेलन से एक आस जगी है पर भारतीयों को भी आगे आना होगा।

## पाकिस्तान : सीएम मरियम के लिए लग्जरी जेट खरीदने का आरोप



**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में पंजाब सरकार पर मुख्यमंत्री मरियम नवाज के लिए लग्जरी जेट खरीदने का आरोप लगा है। ट्रिब्यून एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक गल्फस्ट्रीम जी 500 मॉडल के इस विमान की कीमत करीब 10 अरब पाकिस्तानी रुपए है। विमान की खरीद को लेकर सोशल मीडिया में विवाद तेज हो गया है। दावा किया जा रहा है कि यह जेट मुख्यमंत्री मरियम नवाज के उपयोग के लिए खरीदा गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह विमान फिलहाल अमेरिका में रजिस्टर्ड है और अभी पाकिस्तान में इसका रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है।

**दावा- ईरान पर इस हफ्ते हमला कर सकता है अमेरिका**

## 2003 के बाद सबसे बड़ी एयर फोर्स तैनात, कई हफ्ते चलेगा मिलिट्री ऑपरेशन

**वॉशिंगटन/तेहरान ।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इस हफ्ते अमेरिका ईरान पर हमला कर सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से इसे अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है। मिडिल ईस्ट में अमेरिका ने 2003 के इराक युद्ध के बाद अपनी सबसे बड़ी एयर फोर्स तैनात की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में F-35, F-22, एफ-15 और एफ-16 जैसे एडवांस्ड फाइटर जेट्स की कई स्क्वॉड्रन तैनात की हैं। बड़े पैमाने पर एयर ऑपरेशन के लिए जरूरी कमांड एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट भी भेजे जा रहे हैं।



PR No. 373349 (IPRD) 2025-26
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड